राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण



स्पेस स्टेशन में 18 दिन रहकर लौटे शुभांशु

कैलिफोर्निया के समुद्र में 3.01 बजे सकुशल उतरा 'ड्रैगन', देश भर में खुशी की लहर

■ एक पखवाड़े से अधिक समय अंतरिक्ष में बिताने के साथ कई प्रयोग कर धरती पर लौटे भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन

नई दिल्ली (भाषा)। शुभांशु शुक्ला और 'एक्सिओम-4 मिशन' के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौटने के बाद ड्रैगन 'ग्रेस' अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले तथा कैमरों की ओर हाथ हिलाते हुए लोगों का अभिवादन किया। ये अंतरिक्षयात्री 20 दिन की अंतरिक्ष यात्रा पूरी करने के बाद धरती पर लौटे हैं। शुक्ला (39), कमांडर पैगी व्हिटसन और मिशन विशेषज्ञ पोलैंड के स्लावोज़ उज्नान्स्की-विस्नीवस्की तथा हंगरी के टिबोर कापू को स्पेसएक्स के 'ग्राउंड स्टाफ' की मदद से अंतरिक्ष यान से बाहर निकलते हुए देखा गया।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में समुद्र में भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे उतरा। अंतरिक्ष यात्रियों ने 20 दिन की अपनी अंतरिक्ष यात्रा में से 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर बिताए। अंतरिक्ष यान के नीचे उतरने के तुरंत बाद इसे 'रिकवरी शिप शैनन' तक ले जाया गया, जहां एक्सिओम-4 के चालक दल के सदस्य एक छोटी सी स्लाइड पर बाहर आए और 'ग्राउंड स्टाफ' कर्मियों ने उन्हें खड़े होने में मदद की।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद शुक्ला और तीनों अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाने के लिए कदम उठाते हुए देखा गया। हेलीकॉप्टर से तट पर ले जाने से पहले एक्सिओम-4 के चालक दल की रिकवरी पोत पर ही चिकित्सा जांच की गई। चारों अंतरिक्ष यात्रियों को सात दिन तक निगरानी में रखा जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि शुभांशु शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अन्वेषण भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, मैं राष्ट्र के साथ मिलकर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए है। उन्होंने शुक्ला की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत के अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन-गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

'साहस, शक्ति और प्रेरणा की एक यात्रा'

लखनऊ में शुभांशु शुक्ला के पृथ्वी पर लौटने पर खुशी जाहिर करता परिवार।

लखनऊ। भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने एक डिजिटल पोस्टर भी साझा किया जिसमें भारतीय अंतरिक्ष यात्री की प्रोफाइल तस्वीर और एक कैप्शन था - 'साहस, शक्ति और प्रेरणा की एक यात्रा'। इस पर 'सारे जहां से अच्छा हिदुस्तान हमारा' का नारा भी तिरंगे रंग की थीम में लिखा गया था। जब लखनऊ में जन्मे शुक्ला को लेकर अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर उतरा तो उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में उस क्षण का जश्न ''भारत माता की जय'' के नारे और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मनाया गया। शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा देवी ने अपने खुशी के आंसू पोंछे, जबकि उनकी बहन सुचि मिश्रा ने नम आंखों और हाथ जोड़कर अपने भाई का स्वागत किया।

पृथ्वी पर शुभांशु का हार्दिक स्वागत

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर हार्दिक स्वागत है। एक्सिओम मिशन-4 में उनकी भूमिका ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण और विज्ञान-प्रौद्योगिकी में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इस मिशन से जुड़े सभी लोगों को मेरी बधाई।

—राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मु

अंतरिक्ष उड़ान की दिशा में मील का पत्थर

मै राष्ट्र के साथ मिलकर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से पृथ्वी पर लौट आए हैं। शुक्ला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय है। यह भारत के अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन-गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

—प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी

अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए गौरवशाली कदम



ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफलतापूर्वक वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवशाली कदम है।

—रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह

यूपी का हर नागरिक गौरवान्वित

पृथ्वी पर आपका स्वागत है। ऐतिहासिक एक्सिओममिशन4 मिशन को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला जी एवं उनकी टीम को हार्दिक बधाई। आपकी उपलब्धि साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का गौरवपूर्ण प्रतीक है। आज हर भारतीय, विशेषकर उत्तर प्रदेश वासी गौरवान्वित है।

—मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ

पूरे देश को शुभांशु पर गर्व है

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सुरक्षित वापसी पर उनके माता-पिता, परिवार एवं देशवासियों को बधाई दी। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। सभी भारतीयों को शुभांशु शुक्ला पर गर्व है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि परिवार और देशवासियों के लिए गर्व की बात है।

—सपा अध्यक्ष, अखिलेश यादव

पुरोहित की चाकू गोदकर हत्या

■ बरहज थाना क्षेत्र के धौला पंडित गांव की घटना

बरहज (देवरिया) (एसएनबी)। सोमवार की रात बरहज थाना क्षेत्र के धौला पंडित गांव में एक पुरोहित की चाकू गोदकर हत्या कर दी गयी। सुबह पड़ोस के लोगों ने कमरे में जाकर देखा तो वह खून से लथपथ पड़े हुए थे और कमरे में सामान विखरा हुआ था।

राम आशीष पाण्डेय (68) पुत्र स्व. अवध शरण पाण्डेय क्षेत्र में कथा-पूजा व मांगलिक कार्य कराते थे। वह घर पर अकेले ही रहते थे। सोमवार की रात वह अपने घर पर सोए हुए थे। मंगलवार की सुबह जब वह घर से नहीं निकले तो पड़ोस के लोगों ने घर के अंदर जाकर देखा तो खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़े थे। उनके चारों तरफ खून के छीटें भी थे। शरीर पर कई जगह चाकू से गोदे जाने के निशान थे। मृतक राम आशीष पाण्डेय की पहली पत्नी से तीन बेटियां थी जिनकी शादी हो चुकी है जबकि दूसरी पत्नी सुशीला से एक बेटा रोहन है जो अपनी मां के साथ पं. बंगाल में रहता है। सूचना पाकर मौके पर सीओ, एसपी, डॉग स्क्वायड तथा फारेंसिक टीम सहित बरहज पुलिस पहुंचकर जांच में जुट गयी। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवरिया भेज दिया।

यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी की सजा टली

■ भारतीय अधिकारी स्थानीय जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ नियमित संपर्क में रहे, जिसके कारण सजा स्थगित कराने में सफलता मिली

नई दिल्ली (एसएनबी)। यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी यमनी अधिकारियों ने टाल दी है। सरकार के सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। भारतीय नर्स को बुधवार फांसी दी जानी थी।

केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में एक यमनी नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि यमन के स्थानीय अधिकारियों ने 16 जुलाई को होने वाली फांसी की सजा टाल दी है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने हाल के दिनों में प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ 'पारस्परिक रूप से स्वीकार्य' समाधान तक पहुंचने के वास्ते अधिक समय देने के लिए ठोस प्रयास किए है। यमन की एक अदालत ने 2020 में उसे मौत की सजा सुनाई थी और देश की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में उसकी अपील खारिज कर दी थी। भारत की 38 वर्षीय नर्स अभी यमन की राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाला क्षेत्र है।

सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार शुरू से ही इस मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि मामले की संवेदनशीलता के बावजूद भारतीय अधिकारी स्थानीय जेल अधिकारियों और अभियोजक कार्यालय के साथ नियमित संपर्क में रहे, जिसके कारण सजा स्थगित कराने में सफलता मिली। प्रिया की मां प्रेमकुमारी पिछले साल उसकी रिहाई सुनिश्चित करने के प्रयासों के तहत यमन गई थीं। भारत ने प्रिया की रिहाई के लिए 'दियात' या 'ब्लड मनी' (एक तरह का मुआवजा) का विकल्प भी तलाशा था। लेकिन पता चला है कि इसमें भी कुछ समस्याएं है। सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया था कि वह हरसंभव कोशिश कर रही है, लेकिन यमन की स्थिति को देखते हुए ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता।

'आयात' मार्ग से टेस्ला भारत में

मुंबई में टेस्ला कंपनी के Y-मॉडल को लांच करतीं क्षेत्रीय निदेशक इसाबेल फैन पोसेस। (संबंधित समाचार पेज-13)

गृह कलह में पिता पुत्र ने गंवाई जान

■ खेसरहा थाना क्षेत्र के विशुनपुरवा की घटना, जांच में जुटी पुलिस

पथरा बाजार (सिद्धार्थनगर) (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ग्राम रामभारी व तिगोड़वा के बीच स्थित सड़क पर एक चार पहिया वाहन में खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुरवा के निवासी पिता-पुत्र की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। दोनों की मौत का वजह पारिवारिक कलह बताया जा रहा है।

खेसरहा थाना क्षेत्र के ग्राम विशुनपुरवा निवासी देवहंश चौबे का अपने परिवार में किसी बात पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह कार से बेटे डेविड (11) के साथ पथरा बाजार थाना क्षेत्र के रामभारी और तिगोड़वा के मध्य पहुंच गए। खड़े वाहन के अंदर लोगों ने जब पिता-पुत्र को तड़पते व अचेत होते देखा तो पता चला कि दोनों ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया है। आनन-फानन में लोगों ने पिता-पुत्र को संयुक्त चिकित्सालय बांसी पहुंचाया। चिकित्सकों ने पुत्र डेविड को मृत घोषित कर दिया और कुछ देर बाद पिता ने दम तोड़ दिया। बांसी कोतवाली पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

संपादकीय

08 यह मानव पूंजी क्रांति है

SCO की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उठाया पहलगाम मुद्दा, कहा

आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना होगा

बीजिंग/ नई दिल्ली (वार्ता)। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा।

डॉ. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गयी थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े

■ भारत आतंकियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा

शब्दों में निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने, आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इसी के अनुरूप कार्रवाई की है। उन्होंने कहा, हमने तब से ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे। यह जरूरी है कि एससीओ अपने संस्थापक उद्देश्यों के प्रति समर्पित रहे और इस चुनौती पर अडिग रुख अपनाए। डॉ. जयशंकर ने दुनिया भर में जारी संघर्षो और टकरावों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन को वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करने तथा इन समस्याओं का समाधान करने की चुनौती है। उन्होंने कहा, हम ऐसे समय में मिल रहे हैं जब अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था में भारी अव्यवस्था व्याप्त है। पिछले कुछ वर्षो में, हमने और अधिक संघर्ष, प्रतिस्पर्धा और दबाव देखा है। आर्थिक अस्थिरता भी स्पष्ट रूप से बढ़ रही है। हमारे सामने चुनौती वैश्विक व्यवस्था को स्थिर करना, विभिन्न पहलुओं को जोखिम मुक्त करना और इन सबके माध्यम से, उन दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करना है जो हमारे सामूहिक हितों के लिए खतरा हैं।

X

आज कॉलेज प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हमने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया है। अगर प्रशासन की रिपोर्ट में हमारे पक्ष में फैसला नहीं आएगा तो हम आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। - भारत शर्मा

18 से 10 अगस्त तक होगा पंचायतों का परिसीमन

लखनऊ (एसएनबी)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन के बाद अब परिसीमन की कार्यवाही शुरू हो जाएगी। पंचायतों का परिसीमन का कार्य 18 जुलाई से शुरू हो जाएगा और 10 अगस्त तक यह पूरा कर लिया जाएगा। प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनिल कुमार की ओर से निदेशक पंचायती राज सहित समस्त जिलाधिकारियों को परिसीमन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

वर्ष 2021 के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद नगरीय निकायों की सीमा विस्तार के कारण प्रदेश के 36 जिलों की 512 ग्राम पंचायतें समाहित हो गयी हैं। इसके चलते पंचायतीराज विभाग की ओर पंचायतों के पुनर्गठन की कार्यवाही 23 मई से 05 जून के मध्य करायी गयी। पुनर्गठन के दौरान प्रदेश में 512 ग्राम पंचायतें पूरी तरह समाप्त हो गयीं। इसके अलावा 11 नयी पंचायतों का गठन भी किया गया। इस तरह शुद्ध रूप से 510 ग्राम पंचायतें समाप्त हो चुकी हैं। पंचायतों के समाप्त होने के बाद अब इन जिलों में क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के वार्डों के लिए नये सिरे से परिसीमन कराना जरूरी हो गया है। पंचायती राज विभाग ने परिसीमन को लेकर आदेश भी जारी कर दिये हैं। इसके तहत परिसीमन का कार्य 18 जुलाई से शुरू हो जाएगा। इसमें 18 जुलाई से 22 जुलाई तक ग्राम पंचायतवार जनसंख्या का निर्धारण किया जाएगा और फिर 23 जुलाई से 28 जुलाई के बीच ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत व जिला पंचायत सदस्य के वार्डों की प्रस्तावित सूची तैयार कर उसका प्रकाशन किया जाएगा। 29 जुलाई से 02 अगस्त तक इन पर दावे-आपत्ति प्राप्त की जाएंगी और फिर 03 अगस्त से 05 अगस्त तक प्राप्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा।

इसके बाद 06 अगस्त से 10 अगस्त तक प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। प्रमुख सचिव की ओर से प्रदेश के सभी जिलों से उनके जिले में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य के वार्डों की स्थिति की जानकारी मांगी गयी है भले ही उनके जिले की ग्राम पंचायतें किसी नगरीय निकाय में शामिल न हुई हो और वहां कोई परिवर्तन भी न हुआ हो।

महज 30 रुपए में अनाथ बच्चे डीयू में पढ़ेंगे

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

दिल्ली विश्वविद्यालय में महज 30 रुपए में अनाथ बच्चे पढ़ाई करेंगे। डीयू ने अनाथ बच्चों के दाखिले के लिए प्रत्येक पाठ्यक्रम दो-दो सीटें आरक्षित की हैं। विश्वविद्यालय ने अनाथ बच्चों की निशुल्क पढ़ाई कराई जाएगी, इनकी फीस का वहन डीयू या कॉलेज द्वारा स्टूडेंट वेलफेयर फंड से किया जाएगा।

छात्र को प्रवेश शुल्क के नाम पर 10 रुपए, परीक्षा शुल्क के लिए 10 रुपए और छात्रावास शुल्क के लिए 10 रुपए देने होंगे। विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए कुल 512 अनाथ छात्रों ने दाखिले के लिए आवेदन किया है। इनमें 221 छात्राएं और 291 छात्र हैं। इसी प्रकार इस बार डीयू में दाखिले के लिए छात्रों से ज्यादा छात्राओं ने आवेदन किया है। इनमें 1 लाख 27 हजार 284 छात्राएं और 1 लाख 12 हजार 603 छात्र शामिल हैं। डीयू में दाखिले के लिए इस साल कुल 3 लाख 5 हजार 357 ने किया रजिस्ट्रेशन कराया है। इस साल बीकॉम ऑनर्स में दाखिले के लिए सर्वाधिक 19,90,966 ने किया आवेदन है। डीयू में दाखिले के लिए इस साल एकल बालिका कोटे में 7,243 छात्राओं ने किया आवेदन किया है।

बालिका कोटे के लिए प्रत्येक कोर्स में एक-एक सीट आवंटित की गई है। आवेदन के आंकड़ों के अनुसार डीयू में 2 लाख 39 हजार 890 छात्रों ने सफलतापूर्वक विकल्प भरा है। विद्यार्थियों द्वारा 1 करोड़ 68 लाख 36 हजार 462 कोर्सेज का विकल्प चुना है। इस बार डीयू में दाखिले के लिए तीन ट्रांसजेंडर ने भी आवेदन किया है। डीयू में 1 हजार 549 कॉलेज व कोर्स के विकल्प के तहत अधिकत्तम 1 हजार 414 विकल्प भरा गया है। इसी प्रकार किसी छात्र द्वारा औसत विकल्प की संख्या 83 है।

कुशल युवा आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत : योगी

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि कुशल युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं और 'डबल इंजन' सरकार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

योगी ने विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 75 जनपदों के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा,'कुशल युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत हैं।' उन्होंने प्रदेश के युवाओं को विश्व युवा कौशल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि युवाओं को उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्षों में परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया है तथा दो करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिनमें से 50 लाख युवा अब तक लाभान्वित हो चुके हैं।

■ दो दिवसीय कौशल मेला और प्रदर्शनी का उद्घाटन

■ मुख्यमंत्री ने 15 युवाओं को 'यूथ आईकॉन' सम्मान व 11 को नियुक्ति पत्र दिए

योगी ने उत्तर प्रदेश में निवेश के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी जिक्र करते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों में कानून-व्यवस्था में सुधार और सरकार की सकारात्मक नीति के कारण 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) और 'मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान' जैसी योजनाओं के माध्यम से परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया गया है। उन्होंने बताया कि ओडीओपी के तहत डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है, जबकि विश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख से अधिक हस्तशिल्पियों और कारीगरों को प्रशिक्षण और टूलकिट प्रदान की गई हैं। योगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति युवाओं को एक साथ डिग्री और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा देती है। कार्यक्रम के दौरान योगी ने 15 युवाओं को 'यूथ आईकॉन' सम्मान दिया और 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच 'स्किल रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किए गए। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान से भी सम्मानित किया। मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज के साथ नॉलेज पार्टनर के रूप में एमओयू का आदान-प्रदान भी किया गया। कार्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, श्रम राज्यमंत्री मनु कोरी, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

प्रदेश के 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

लखनऊ (एसएनबी)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा 16 जुलाई को तृतीय चरण में लखनऊ में 38 जिला निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आवास एवं विकास परिषद कार्यालय में देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारियों तथा निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों को प्रशिक्षण के माध्यम से मतदाता सूची अपडेट करने, मतदेय स्थल पर 1200 मतदाता सुनिश्चित करते हुए मतदेय स्थलों के संभाजन एवं संविधान के प्रावधानों से लेकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950 तथा भारत निर्वाचन आयोग के अलग-अलग मैन्युअल्स की जानकारी दी जा रही है। इसके तहत आगरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फर्रूखाबाद, औरैया, कन्नौज, इटावा, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, सीतापुर, खीरी, हरदोई, बाराबंकी, झांसी, जालौन, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट, गोण्डा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, फतेहपुर, बरेली, शाहजहांपुर, बदायूं, बिजनौर, अलीगढ़, मथुरा, मुरादाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर तथा पीलीभीत के जिला निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

दो बाइक की आमने-सामने टक्कर दो की मौत, तीन घायल

विशेश्वरगंज (एसएनबी)। दुबौलिया थानान्तर्गत राष्ट्रीय कृषक इंटर कालेज सूदीपुर के सामने दो बाइक की आमने- सामने हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई तथा तीन लोग घायल हो गये। घायलों में एक का इलाज मेडिकल कलेज अयोध्या, एक का जिला अस्पताल बस्ती तथा एक का इलाज सीएचसी हरैया में चल रहा है।

मंगलवार को सायं साढ़े चार बजे पैशन प्रो मोटरसाइकिल संख्या यूपी 51बीएन 7856 पर दुबौलिया थाना क्षेत्र के सूदीपुर निवासी 17 वर्षीय आकाश निषाद पुत्र राम सनेही गांव के ही 15 वर्षीय सुजीत पुत्र भगवानदीन और 13 वर्षीय हिमांशु पुत्र राजकरन को बैठाकर विशेश्वरगंज से घर जा रहे थे। सामने से डिस्कवर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 42 एम 7511पर दुबौलिया थाना क्षेत्र के छपिया मलिक निवासी 45 वर्षीय सूर्यमणि शर्मा पुत्र हरीलाल, सूदीपुर निवासी 48 वर्षीय अशोक शर्मा पुत्र राम अजोर को बैठाकर सूदीपुर से विशेश्वरगंज जा रहे थे। राष्ट्रीय कृषक इण्टर कालेज सूदीपुर के सामने दोनों बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। दोनो बाइक पर सवार पांचों लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने निजी वाहन तथा 108 एम्बुलेंस से अशोक शर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुबौलिया पहुँचाया जहाँ से उन्हें जिला अस्पताल बस्ती भेज दिया गया। सुजीत और आकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कप्तानगंज ले जाया गया। डाक्टरों ने सुजीत को मृत घोषित कर दिया जबकि आकाश को मेडिकल कालेज अयोध्या रेफर कर दिया। सूर्यमणि शर्मा और हिमांशु को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरैया ले जाया गया। सूर्यमणि शर्मा को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि हिमांशु का इलाज वहीं चल रहा है। सूचना पाकर बाद में थानाध्यक्ष दुबौलिया प्रदीप सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा के बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए बस्ती भेज दिया।

वर्गीकृत सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 2108026 का प्रमाणपत्र (सनद) खो गया है। **अशफाक अहमद पुत्र अब्बास अली, ग्राम-सेखुई, पोस्ट-रिठिया बाजार, जनपद-सिद्धार्थनगर।** PR.165

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2019 अनुक्रमांक 5095540 में पिता का नाम **RAJSEKHAR RAGHU-VANSHI** हो गया है। सही नाम **RAJSHEKHAR RAGHU-VANSHI** है। पता-रीता सिंह पुत्र राजशेखर, म.न.बी.03/12 सेक्टर-1 शुलभ आवास योजना गोमती नगर एक्सटेंशन लखनऊ (उत्तर प्रदेश) है। PR.576

NOTICE

I have lost my ICSE Board high school marksheet of passing year 2014 roll no 5665979 Abhishek Kumar s/o Vijay Shankar Resident. Industrial Area Khalilabad. Dist. Sant Kabir Nagar PR.576

नाम-परिवर्तन

I, ANIL KUMAR SINGH S/o KAMLESH SINGH R/o Darwa Manohar, Gorakhpur, Bansgaon, Uttar Pradesh- 273403 have changed name of my minor daughter PARI SINGH aged 13 years to MANASHVI SINGH. (Bank Payment Noida)

NOTICE

with due respect, I would like to state that I, Anshika Yadav, daughter of Mr. krishna kumar Yadav lives in village -lagunahi Post Ekdangi, District Basti. As per record My Name is Ansika Yadav which is incorrect. My correct name is Anshika Yadav Therefore, I request you to kindly correct my name so that it would not cause any problems in future PR.1413

निविदा (टेंडर) तृतीयक

न्यायालय - ग्राम न्यायाधिकारी

स्थान - भाटपार रानी, जिला - देवरिया। सुरेंद्र पुत्र रामदास साकिन- बखरी- टप्पा - गौतमा- प.स.भ. तहसील- भाटपाररानी वाद संख्या - 900/1999 सन 1999 ई

फुलझरिया बनाम रामदवन

बनाम (1) व्यास कुशवाहा, (2) बलराम कुशवाहा, (3) बृजानंद कुशवाहा पुत्र गण रामराज साकिन- बखरी- टप्पा - गौतमा- प.स.भ. तहसील- भाटपार रानी जिला- देवरिया (प्रतिवादीगण द्वितीय पक्ष) तारीख पेशी- 19- 07- 2025 चूंकि उपरिनामांकित सुरेंद्र ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि इम्तनाई अत एव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 19- 07- 2025 के दिवस का 10/ बजे/पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक् रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रुप से सुना जायेगा और निर्धारित किया जायेगा।

न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय भाटपाररानी, देवरिया

PR.929

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को मिल सकता है सेवा विस्तार

लखनऊ। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को एक साल का सेवा विस्तार मिलने की संभावना फिलहाल बढ़ गयी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि योगी सरकार ने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सेवा विस्तार के लिए केंद्र सरकार को पत्र भेजा है। पत्र में मुख्य सचिव के यूपी हित में काम करने के लिए किये गये कार्यों का जिक्र भी किया गया है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा केंद्र को भेजे गये पत्र में मुख्य सचिव को एक साल का सेवा विस्तार का अनुरोध किया गया है। पत्र में कहा गया है कि मुख्य सचिव ने प्रदेश में औद्योगिक वातावरण बनाने में अहम भूमिका निभाने के साथ ही अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर करने की दिशा में सार्थक प्रयास किये जाने का जिक्र किया गया है। मुख्य सचिव 1988 बैच के आईएएस अफसर हैं। उनके पास आईआईडीसी व पिकप के अध्यक्ष का भी चार्ज है। पूर्व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के ढाई साल के सेवा विस्तार के बाद उन्हें 30 जून 2024 को मुख्य सचिव पद का प्रभार दिया गया था।

जरूरतमंद किसानों को केसीसी ऋण का समय पर लाभ दें बैंक

लखनऊ। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि बैंक जरूरतमंद किसानों को समय पर केसीसी ऋण का लाभ दें। शाही ने मंगलवार को विधानभवन में बैंकों तथा कृषि बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों के साथ किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने लीड बैंक तथा अन्य सभी सम्बन्धित बैंकों द्वारा केसीसी पर अपनायी गयी कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बैंकों को 31 जुलाई तक केसीसी ऋण उपलब्ध कराने के लिए विशेष महाभियान चलाने के निर्देश दिये। कृषि मंत्री ने सभी बैंक प्रतिनिधियों से उनके बैंकों द्वारा अब तक किये गये केसीसी ऋण की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने को कहा। बैंक प्रतिनिधियों की ओर से संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिये। कहा कि इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने की भी आवश्यकता है जिससे जरूरतमंद किसानों तक सम्पूर्ण जानकारी पहुंच सके। इस अवसर पर कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, प्रमुख सचिव कृषि रवीन्द्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह तथा टीके शिबु, कृषि निदेशक डा. पंकज कुमार त्रिपाठी, निदेशक सांख्यिकी सुमिता सिंह सहित कृषि विभाग के अधिकारी तथा बैंक और बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

घरेलू बायोगैस यूनिट से एलपीजी खपत में आएगी 70 % कमी : अनुराग

लखनऊ। उप्र में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत एक नई योजना की शुरुआत हो रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और ऊर्जा-संपन्न बनाया जाएगा। इस योजना से न केवल घरेलू रसोई गैस की खपत में भारी कमी आएगी, बल्कि जैविक/ प्राकृतिक खाद के उत्पादन से कृषि को भी नई दिशा मिलेगी। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के ओएसडी डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने मंगलवार को बताया कि गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना से रसोई में इस्तेमाल होने वाली एलपीजी की खपत में करीब 70 प्रतिशत तक की कमी आएगी। इससे न केवल ग्रामीण परिवारों को बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि बायोगैस यूनिटों की स्थापना सीधे किसानों के घरों या खेतों के पास की जाएगी, जिससे वे स्वयं के उपयोग के लिए गैस और खाद दोनों का उत्पादन कर सकें। इस योजना को मनरेगा से भी जोड़ा गया है, जिससे गांवों में रहने वाले पशुपालकों को इस योजना का लाभ मिलेगा। इन पशुशालाओं से उत्पादित गोबर का उपयोग बायोगैस यूनिट में कर किसान खुद की रसोई के लिए गैस बना सकेंगे।

दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रही सरकार : नरेन्द्र कश्यप

लखनऊ। दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। नगर निकाय क्षेत्रों के सार्वजनिक भवनों, स्थलों, पार्कों, सुलभ शौचालयों आदि को प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगजन अनुकूल बनाया जाए। उप्र परिवहन निगम की बसों में दिव्यांगजनों को चढ़ने-उतरने में ड्राइवर-कंडक्टर द्वारा सहायता दी जाए और उनके साथ मित्रवत व्यवहार किया जाए। शिकायत की स्थिति में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दिव्यांगजन की अधिकता वाले रूटों पर बसों में चार से अधिक सीटें आरक्षित करने पर भी विचार करने के निर्देश दिये। वह मंगलवार को योजना भवन में उप्र राज्य सलाहकार बोर्ड की छठवीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक प्रत्येक छह माह में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। आईटी एवं इलेक्ट्रानिक विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी सरकारी वेबसाइटों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाया जाए। बेसिक शिक्षा विभाग को विशेष शिक्षकों की नियुक्ति के लिए कहा गया जिससे दिव्यांगजन विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिल सके। माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग को दिव्यांग विद्यार्थियों को आरक्षण के अनुरूप निःशुल्क प्रवेश और देने के निर्देश दिये गये। डा. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि लखनऊ और जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विवि चित्रकूट को माडल मानते हुए सभी विश्वविद्यालयों को दिव्यांगजन फ्रेंडली बनाने के निर्देश दिये गये।

रिटायर आईपीएस अफसर के निधन पर शोकसभा

लखनऊ। रिटायर आईपीएस अफसर सुनील चन्द्र बाजपेई के निधन पर मंगलवार को पुलिस मुख्यालय के सभागार में शोकसभा का आयोजन हुआ। डीजीपी राजीव कृष्ण समेत अन्य अफसरों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि सुनील चन्द्र जन्म 15 अप्रैल, 1955 को इलाहाबाद में हुआ था। वह वर्ष 1985 में प्रान्तीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। वर्ष 2015 में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर प्रोन्नत होने के बाद पुलिस उप महानिरीक्षक पीएसी सेक्टर आगरा के पद पर नियुक्त हुए। अप्रैल 2015 में वह रिटायर हुए। सुनील चन्द्र का 8 जुलाई 2025 को निधन हो गया।

रेलवे घूसखोरी रैकेट में एक और गिरफ्तार

लखनऊ (एसएनबी)। सीबीआई ने सोमवार उत्तर रेलवे डीआरएम कार्यालय के गतिशक्ति यूनिट में रेल अफसर समेत चार को रिश्वतखोरी के मामले में पकड़ा था। इस मामले में सीबीआई ने मंगलवार को वाराणसी से एक ठेकेदार को गिरफ्तार किया है। घूसखोरी के रैकेट में अब तक सीबीआई ने पांच को गिरफ्तार कर प्राथमिकी दर्ज करायी है। सीबीआई अदालत ने रेल अफसर समेत चार को 14 दिन के न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गतिशक्ति यूनिट के रेल अफसर पर आरोप है कि वह बिल भुगतान के लिए रिश्वत लिया था।

■ सीबीआई ने वाराणसी से ठेकेदार के कर्मचारी प्रवीण कुमार सिंह समेत अब तक पांच को गिरफ्तार किया

■ पांचों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर सभी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया

सीबीआई ने सोमवार को डीआरएम कार्यालय परिसर में स्थित गति शक्ति यूनिट में छापा मारकर रिश्वतखोरी के आरोप में यूनिट के उप मुख्य अभियंता (निर्माण) विवेक कुशवाह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (एसएसई) राकेश रंजन, महिला लिपिक अंजुम निशा और टैन्डेंट इन्फ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड नई दिल्ली के जिमी सिंह को पकड़ा था। सीबीआई ने इनके पास से तीन लाख तीस हजार रुपये कैश बरामद किये थे।

सीबीआई ने पकड़े गये चारों से गहन पूछताछ की और इनके ठिकानों की भी तलाशी ली। इसी के आधार पर मंगलवार को सीबीआई ने वाराणसी में छापा मारकर जिमी सिंह के कर्मचारी प्रवीण कुमार सिंह को गिरफ्तार किया। गति शक्ति यूनिट के तहत वाराणसी के भदोही में एक काम दो लोगों को सौंपा गया है। यह गति शक्ति के डिप्टी सीई विवेक कुशवाह की निगरानी में चल रहा था। आरोप है कि 21 और 26 जून को रिश्वत दी गयी थी। इसी कड़ी में यह मामला लखनऊ तक पहुंच गया जहां पर तीन करोड़ के बिल भुगतान के एवज में तीन लाख रुपये की मांग की गई थी। दूसरी ओर उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के गति शक्ति यूनिट में सीबीआई छापे में पकड़े गए आरोपियों के संबंधों के तार पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल से जुड़ गये गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के अधिकारी व कई कर्मचारी रिश्वतखोरी के रैकेट में शामिल होने के संकेत सीबीआई को मिले हैं। जिन रेल अधिकारी व कर्मचारी के नाम सामने आये है, उससे सीबीआई पूछताछ करेगी।

पुलिस हिरासत में वारंटी की संदिग्ध हालत में मौत

नाथनगर/महुली (संतकबीरनगर) (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के नगुआ गांव निवासी 60 वर्षीय एक दलित वारण्टी रामकिशुन की मंगलवार को थाने के शनिचरा बाबू पुलिस चौकी में हिरासत के दौरान संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजन पुलिस चौकी के पुलिसकर्मियों पर बीमार होने के बावजूद वारंटी को घर से जबरिया उठाकर ले जाने का आरोप लगा रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने संवेदनहीनता का परिचय देते हुए वृद्ध रामकिशुन को दवा तक खाने का मौका नहीं दिया। उसे जबरिया बाइक पर बैठाकर शनिचरा बाबू पुलिस चौकी पहुंच गए। पुलिस चौकी पर पहुंचते ही रामकिशुन की तबियत अचानक बिगड़ गई। पुलिसकर्मी उसे लेकर शनिचरा बाबू स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

लेखपाल के लिए तहसील व ग्राम स्तर पर लागू होगी रोस्टर प्रणाली : अनिल कुमार

लखनऊ (एसएनबी)। राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि लेखपालों की उपस्थिति को ग्राम स्तर तक सुलभ बनाने के लिए तहसील और ग्रामसभा स्तर पर स्पष्ट रोस्टर प्रणाली लागू की जा रही है जिससे नागरिकों को यह पूर्व जानकारी होगी कि उनके हल्के का लेखपाल किस दिन उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त प्रत्येक लेखपाल को टैबलेट और मोबाइल इंटरनेट की सुविधा दी जा रही है जिससे वे ग्राम सचिवालय या पंचायत भवन से सीधे नागरिकों को सेवाएं दे सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इस पहल के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि नागरिकों को राजस्व विभाग से जुड़ी सेवाएं जैसे प्रमाण पत्रों की संस्तुति, भू-अभिलेखों को अद्यतन करना और वरासत सम्बन्धी कार्य को समयबद्ध, त्रुटिरहित और ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध हों ताकि ग्रामीण जनमानस को अनावश्यक रूप से तहसीलों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस परिवर्तन के अंतर्गत प्रदेश के सभी लेखपालों को तहसील स्तर पर एक निश्चित कार्यस्थल दिया जा रहा है, जहां उन्हें उच्चगति इंटरनेट और आधुनिक डेस्कटाप की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि इस डिजिटल परिवर्तन से प्रदेश के 10 करोड़ से अधिक नागरिकों को सीधा लाभ होगा। यह माडल आने वाले वर्षों में पूरे प्रदेश में राजस्व प्रशासन की कार्यप्रणाली को एक नई दिशा देगा।

पिथौरागढ़ में जीप नदी में गिरी, आठ की मौत

पिथौरागढ़ (एसएनबी)। जनपद के मुवानी कस्बे से बोकटा जा रही एक महिंद्रा मैक्स दुर्घटना ग्रस्त होकर नदी में गिर गई। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई, इसमें तीन स्कूली विद्यार्थी बताए जा रहे हैं। हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शाम तक रेस्क्यू कार्य किया। हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है। राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन और राहत-बचाव दलों को रेस्क्यू अपरेशन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर मुवानी से एक मैक्स जीप मंगलवार को अपरा बोकटा जा रही थी। इसी दौरान सात बिलिंग-थल राज्य राजमार्ग पर लगभग एक किलोमीटर दूर भंडारी गांव पुल के पास जीप अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़कने के बाद नीचे बह रहे बोकटा गधेरे में जा गिरी।

जयपुर के महारानी कॉलेज में मजार पर विवाद

जयपुर (एसएनबी)। जयपुर के महारानी कॉलेज में बनी मजार को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को धरोहर बचाओ संघर्ष समिति ने महारानी कॉलेज के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ कर यूनिवर्सिटी प्रशासन की सुद्धि की कामना की। मजार हटाने की मांग की। इसके साथ ही कहा- अगर जांच कमेटी का फैसला हमारे पक्ष में नहीं आया तो बड़ा आंदोलन करेंगे। इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा।

धरोहर बचाओ संरक्षण समिति के अध्यक्ष भारत शर्मा ने कहा कि आज कॉलेज प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए हमने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया है। अगर प्रशासन की रिपोर्ट में हमारे पक्ष में फैसला नहीं आएगा तो हम आंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। किसी भी सूरत में अवैध मजार बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि जब महारानी कॉलेज बना था। तब वहां किसी तरह की कोई मजार नहीं थी। ऐसे में अचानक हुए इस निर्माण और कलेज प्रशासन की लापरवाही को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मामले को लेकर जिला प्रशासन की जांच चल रही है। 18 जुलाई को जांच रिपोर्ट आएगी। हमें उम्मीद है फैसला हमारे पक्ष में होगा। लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो जयपुर की जनता के साथ मिलकर बालिकाओं की सुरक्षा के लिए सड़क पर उतर उग्र आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

भारत शर्मा ने कहा कि महारानी कॉलेज कैंपस में शैक्षणिक और सरकारी जमीन पर नियमों के विपरीत अवैध अतिक्रमण कर तीन मजार का निर्माण कर लिया गया है।

टीजीटी-2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन 28 से

प्रयागराज (एसएनबी)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी टीजीटी (पुरुष-महिला शाखा) परीक्षा-2025 के लिए संक्षिप्त नोफिकेशन जारी कर दिया है। आयोग की वेबसाइट uppsc.up.nic.in पर 28 जुलाई को विस्तृत विज्ञापन जारी किया जाएगा। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी उसी दिन से प्रारंभ होगी। वर्तमान में इस परीक्षा से कुल 7466 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इनमें राजकीय विद्यालयों में पुरुष शाखा के अंतर्गत 4860 और महिला शाखा के अंतर्गत 2525 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 81 पद शारीरिक शिक्षा विषय के लिए आरक्षित हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु एक जुलाई 2025 को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।

उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि.

जी–4/5बी, सेक्टर–4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ।

नोटिस सं.–मु.अभि.सी.–95/ई.टे.प्र./टी–400(IX) दिनांक : 15 जुलाई 2025

ई–निविदा सूचना

उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ लि. द्वारा निम्नलिखित जनपदों में निर्माण कार्यो हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बंधित बिड डाक्यूमेंट, नियम/शर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है। निविदा से सम्बंधित सूचना विभागीय वेबसाइट www.uprnss.org पर भी देखी जा सकती है :–

क्र.सं.	निविदा नोटिस संख्या	जनपद का नाम	निविदा अपलोड करने की तिथि	कार्य का नाम	निविदा लागत (रू० लाख में)
1	46/UPRNSS/ E-TENDER/2025-26 DATE-14.07.2025	सिद्धार्थ नगर	17.07.2025	जनपद सिद्धार्थनगर के तहसील बांसी में अनावासीय भवनों के रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य तथा आगन्तुकों के बैठने हेतु फर्नीचर की आपूर्ति का कार्य।	8.60

मुख्य अभियन्ता

कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर-1) ग्रामीण निर्माण विभाग, तपोवन मार्ग, रायपुर रोड, उत्तराखण्ड देहरादून

E-mail-hod.res.uk@gmail.com, Ph. No. 0135-2976444 Website www.res.uk.gov.in

पत्रांक : 914/ग्रा.नि.वि./वै.अधि.-निविदा/2025-26 दिनांक : 15.07.2025

ई-निविदा सूचना

1. कार्य का नाम-मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणा संख्या 521/2023 "जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड थलीसैंण के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र थलीसैंण को 50 शैय्यायुक्त उप जिला चिकित्साल्य के रुप में उच्चीकृत किया जायेगा' के क्रियान्वयन हेतु विकासखण्ड थलीसैंण में 50 शैय्यायुक्त उप जिला चिकित्साल्य का निर्माण कार्य।
2. अनुमानित लागत-1511.81 लाख।
3. कार्य पूर्ण करने की अवधि-15 माह।
4. ई-पोर्टल पर निविदा उपलब्ध कराने की तिथि एवं समय-16.07.2025 समय 1800 Hrs
5. ई-पोर्टल पर निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय-18.08.2025 समय 1800 Hrs
6. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय-20.08.2025 समय 1400 Hrs
7. निविदा आमत्रण करने वाले अधिकारी का नाम एवं पता-कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर-1) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।
8. निविदा की प्री-बिड बैठक का दिनांक, समय एवं स्थान-दिनांक 04.08.2025 समय 1500 Hrs, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (स्तर-1) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून।
9. अधिक जानकारी, अन्य संशोधन/शुद्धि पत्र एवं निरस्तीकरण आदि के लिये बैबसाईट https://uktenders.gov.in पर login करते रहें।

मुख्य अभियन्ता (स्तर-1) ग्रामीण निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड देहरादून

संक्षिप्त खबरें

बारिश होने से धान की फसल को लाभ

महराजगंज (एसएनबी)। बारिश न होने से जनपद के बड़े भू-भाग की धान की फसल प्रभावित हो रही थी। ऐसे में मंगलवार की सुबह तक जिले के तीन तहसील क्षेत्र में बारिश होने से धान की फसल को व्यापक लाभ हुआ है। तमाम किसान बारिश की अनुकूलता मिलने के बाद खेतों में यूरिया,सल्फर व जिंक आदि का छिड़काव करने में जुट गए हैं वहीं मंगलवार को आसमान में बादलों की उपस्थिति के बावजूद उमस भरी गर्मी का वातावरण बना रहा। उल्लेखनीय है कि सुबह तक सदर तहसील क्षेत्र में 24 मिली मीटर, निचलौल में 14.1 मिली मीटर तथा फरेंदा तहसील क्षेत्र में 7 मिली मीटर बारिश हुई जबकि नौतनवा तहसील क्षेत्र में बारिश नहीं हुई। जनपद के बड़े भू-भाग में बारिश होने से सूख रही धान की फसलों को नया जीवन मिला है। आगे भी बारिश का साथ मिला तो धान की फसलों को लाभ मिलेगा।

नेपाली शराब बरामद, दो गिरफ्तार

नौतनवा (एसएनबी)। नेपाल से भारत को अवैध शराब लाकर चोरी छिपे बेचने का मामला रूकने का नाम नहीं ले रहा। हालांकि इस अवैध धंधे में शामिल लोगों की गिरफ्तारी कर उनके कब्जे से आए दिन नेपाली शराब बरामद भी की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस व आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में नेपाली शराब बरामद कर उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई की गई। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक नौतनवा पुरूषोतम राव ने दी। श्री राव ने बताया कि यह अभियान पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, एएसपी सिद्धार्थ व पुलिस क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी के निर्देश, निगरानी व अगुवाई में चलाया जा रहा। इसके तहत नगर के वार्ड न. 14 गौतम बुद्धनगर से राजेंद्र पुत्र सीताराम व वीरांगना देवी पत्नी स्व. प्रभुदयाल को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध रूप से भारत लाई गई नेपाली शराब बरामद किया। उक्त कार्रवाई आबकारी निरीक्षक गौरव चंद्र, आरक्षी उदय कुमार, रामसुरत चौरसिया, अभिषेक यादव व कुमारी पूजा के अलावा आरक्षी पुलिस लक्ष्मीशंकर यादव व हिमांशु सिंह द्वारा किया गया। बरामद शराब को सीजकर उनके विरूद्ध विधिक कार्रवाई की गई।

124 वाहनों का चालान

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाडियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 124 वाहनों का चालान किया गया।

शांतिभंग में 44 का चालान

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए जनपद के विभिन्न थानों से कुल 44 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-170 बीएनएस में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। साथ ही भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया। इसी क्रम में मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन के प्रति महिलाओं बालिकाओं में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस ने सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया।

30 बोरी लावारिस यूरिया बरामद, तस्कर फरार

रतनपुर (एसएनबी)। भारतीय खाद को हरहाल में तस्करी के जरिए नेपाल पहुंचाने की कोशिश पर सुरक्षाबलों की चौकसी भी भारी पड़ रही है। यही कारण है कि आए दिन तस्करों के कब्जे से खाद बरामद किए जाने में सफलता मिल रही है। इसी क्रम में सोनौली पुलिस द्वारा सरहदी कस्बे भगवानपुर के निकट भगहू टोले स्थित बाग में 30 बोरा यूरिया लावारिस हालात में बरामद किया। यह जानकारी प्रभारी निरीक्षक सोनौली अजीत प्रताप सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि उक्त कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक अमित रंजन पांडेय, आरक्षी अतुल पांडेय, अभिषेक यादव व सुरेंद्र भारद्वाज द्वारा की गई। साथ ही उसे अग्रिम कार्रवाई के लिए कस्टम एक्ट के तहत सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया गया।

वित्त राज्य मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

महराजगंज (एसएनबी)। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को महराजगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर जनसुनवाई के दौरान आम जनमानस की समस्याएं सुनीं। इसी क्रम में राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ, भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे भेंट कर अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री से निवेदन किया कि देशभर के लाखों अल्प बचत अभिकर्ता वित्त मंत्रालय की

लघु बचत योजनाओं के तहत वर्षो से जनहित में कार्य कर रहे हैं किंतु उन्हें लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने बताया कि वर्ष 2011 के पूर्व की सभी योजनाओं में निवेश कराने वाले एजेंटों को आयोग का हिस्सा मिलता था परंतु 2011 के बाद अधिकांश योजनाएं डिजिटल कर दी गयीं जिससे एजेंटों को कार्य करने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। संघ ने बताया कि 1 दिसंबर 2011 के पूर्व लागू योजनाएं बंद होने के कारण एजेंटों को रोजगार से वंचित होना पड़ा। अप्रैल 1990 के बाद से कोई नया एंजेसी का पंजीकरण नहीं हुआ। बीते 14 वर्षो से संघ एक नई समिति के गठन की मांग कर रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री चौधरी से आग्रह किया कि वे इस विषय को गंभीरता से लेते हुए वित्त मंत्रालय के समक्ष एक नई समिति गठन के लिए संस्तुति करें ताकि देशभर के लाखों एजेंटों को पुनः सक्रिय किया जा सके। मुलाकात के दौरान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पृथ्वीस भट्टाचार्य और महासचिव मनोज कुमार मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बिना जांच के आय प्रमाण पत्र जारी करना पड़ सकता है भारी

महराजगंज (एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आय प्रमाण पत्र को लेकर मिलने वाली शिकायतों पर सख्त रुख अपनाया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की नियुक्ति पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि में अभ्यर्थियों को आय प्रमाण-पत्र की आवश्यकता और जनसुनवाई में निर्गत आय प्रमाण-पत्र के संबंध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी तहसीलों के उपजिलाधिकारियों और तहसीलदारों को पत्र जारी कर आदेशित किया है कि सम्यक छानबीन कराकर ही आय प्रमाण-पत्र निर्गत किया जाना सुनिश्चित करें। यदि आय प्रमाण-पत्र निर्गत होने के उपरांत शिकायत होने पर जांच के पश्चात आय प्रमाण-पत्र निरस्त करने की स्थिति उत्पन्न होती है तो पूर्व में आय प्रमाण-पत्र निर्गत करने के लिए प्रस्तावक एवं निर्गत अधिकारीध/कर्मचारी के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने अपने आदेश में कहा कि तहसील स्तर से आय प्रमाण-पत्र जारी करने के पश्चात निरस्त किये जाने की स्थिति में नियुक्तियों व अन्य कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होता है तथा जिला प्रशासन की छवि धूमिल होती है। आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों की नियुक्ति, पेंशन, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि में अभ्यर्थियों को जारी आय प्रमाण-पत्र को लेकर शिकायत के उपरांत निरस्त होने के मामले सामने आए हैं। इसको लेकर जिलाधिकारी ने उक्त आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी के आदेश के उपरांत ऐसे मामलों में कमी आने की आशा है।

डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

महराजगंज (एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार कोसीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों के प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सड़क अनुरक्षण में डी ग्रेड मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। साथ ही अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खण्ड को सख्त निर्देश देते हुए योजना में सुधार के लिए निर्देशित किया। कहा कि पर्यवेक्षणीय शिथिलता के कारण जनपद के प्रदर्शन पर विपरीत प्रभाव को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने पीएम सूर्यघर में अपेक्षित प्रगति न होने पर असंतोष व्यक्त किया और वरिष्ठ सहायक को स्पष्टीकरण जारी करने का निर्देश दिया।

■ सड़क अनुरक्षण में डी मिलने पर जताई कड़ी नाराजगी,पीएम सूर्यघर योजना में प्रगति धीमी होने पर भी जताया असंतोष, दिए सुधार के निर्देश

जिला विकास अधिकारी को पीएम सूर्यघर स्थापना को सभी बीडीओ के साथ समन्वय करते को लक्ष्य के अनुरूप बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को भी अपनी प्रगति सुधारने के लिए निर्देशित किया। साथ ही कहा कि जिन विभागों की प्रगति विगत माह की तुलना में खराब रही हैसम्बन्धित अधिकारी आवश्यक कार्यवाही करते हुए योजना प्रगति को सुधारें। फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान निर्देश देते हुए कहा कि जिन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं हैं। उनके फैमिली आईडी का निर्माण कराकर फैमिली आईडी धारक को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाएं। जिलाधिकारी ने आशा, शिक्षा मित्र, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, सहायिकाओं, अनुदेशकों की फैमिली आईडी बनवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की समीक्षा कर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें। सभी लोग ध्यान दें कि योजनाएं धरातल पर लोगों तक पहुंचें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेन्द्र, सीएमओ डा. श्रीकांत शुक्ला, डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, परियोजना निदेशक रामदरश चौधरी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक लेते डीएम। फोटो : एसएनबी

डीएम के निरीक्षण से बीएसए कार्यालय में हड़कंप

महराजगंज (एसएनबी)। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवारको बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान वित्त लेखा कार्यालय, सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय सहित विभिन्न पटलों को देखा। जिलाधिकारी ने वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से सेवानिवृत्त कार्मिकों के पेंशन संबंधी प्रकरणों के निस्तारण की जानकारी ली और निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणों का निस्तारण समयबद्ध तरीके से करें। सर्व शिक्षा अभियान के सन्दर्भ में सहायक वित्त लेखाधिकारी को शिक्षा मित्रों और अनुसेवकों के मानदेय का समय से भुगतान के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने डीसी एमडीएम को बच्चों को एमडीएम में फल उपलब्ध कराने और रसोइया वितरण के नियमित भुगतान करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री शर्मा ने न्यायिक वादों संबंधी फाइलों को भी देखा और आवश्यक निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव और पर्याप्त साफसफाई सुनिश्चित करने केलिए निर्देशित किया। साथ ही कहा कि जो अभिलेख निष्प्रयोज्य हो गए हैं, उनका निस्तारण नियमानुसार सुनिश्चित कराएं ताकि कार्यालय को साफसुथरा रखा जा सके। उन्होंने सभी पटल सहायकों के पटल और कक्ष के बाहर नाम पट्टिका लगवाने का निर्देश बीएसए को दिया। जिलाधिकारी के बीएसए कार्यालय पहुंचते ही हड़कंप मच गया। सभी पटल सहायक और अन्य कर्मचारी अपने अभिलेखों को व्यवस्थित करने में लग गए। निरीक्षण के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री रिद्धि पांडेय उपस्थित रहीं।

पनीर की जगह चिकन खिलाना पड़ा महंगा, जेल

नौतनवा (एसएनबी)। पवित्र श्रावण माह में जहां लोग पवित्रतापूर्वक अपने धार्मिक क्रिया-कलापों को संपन्न करा रहे, वहीं समाज के कुछ ऐसे लोग भी है जो उनकी भावनाओं को आहत करने जैसे आपत्तिजनक मुहिम को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि ऐसे तत्वों के खिलाफ प्रशासन का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पुलिस ने नगर में हुई एक घटना का संज्ञान लेते हुए इसके जिम्मेदार तत्व को सलाखों के पीछे पहुंचाया है। साथ ही यह चेतावनी भी दी है यदि इस तरह की हरकतें बंद नहीं हुईं तो ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

मामला नगर के गांधी चौक स्थित एक

■ शिकायत पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर किया कार्रवाई

जलपान व फस्ट फूड दुकान का संचालन करने वाले मो. शमीम पुत्र दस्तगीर का है। 38 वर्षीय उक्त आरोपित गुलाल पुरवा थाना फ करपुर जनपद बहराईच का मूल निवासी है। वह तुफैल अहमद पुत्र अनवर निवासी रानीगंज थाना केसरगंज थाना उपरोक्त के साथ दुकान चलाता था। बताया जाता है कि देवेश साहनी पुत्र प्रभुदयाल महुअवा नं. 1 ने उक्त दुकानदार से पनीर रोल खाने के लिए मांगा। आरोप है कि दुकानदार ने पनीर की जगह चिकन रोल दे दिया। जब इसकी जानकारी देवेश को हुई तो उसने आपत्ति करते हुए इसका कारण पूछा तो मामला पकड़ में आया। शिकायतकर्ता के अनुसार विरोध दर्ज कराने पर दुकानदार द्वारा उसके साथ बदसलूकी भी गई। इस संबंध में पुलिस ने दोनों ही आरोपितों के विरूद्ध धारा 170/126/135 भारतीय न्याय संहिता के तहत अभियोग दर्जकर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायलय भेजा गया।

किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए डीएम ने स्थापित कराया कंट्रोल रूम

महराजगंज(एसएनबी)। जनपद के कृषकों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक निर्धारित मूल्य पर बिना किसी टैगिंग के उपलब्ध कराने और किसानों की उर्वरक, बीज आदि से सम्बन्धित शिकायतों के निवारण के लिये जिलाधिकारी संतोष शर्मके निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी कार्यालय कक्ष में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। कंट्रोल रुम का नम्बर-7839882437 है। किसान उर्वरक व बीज से संबंधित समस्याओं के निवारण के लिये कन्ट्रोल रुम में किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 तक फोन कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसान अपनी समस्याओं से अपर जिला कृषि अधिकारी को उनके मोबाइल संख्या-8381832756 तथा जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल संख्या-8826763824 पर भी अवगत करा सकते हैं। विकास खण्ड स्तर पर किसान अपनी समस्याओं से संबंधित सहायक विकास अधिकारी (कृषि) को अवगत करा सकते हैं।

■ जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित हुआ कंट्रोल रूम , कंट्रोल रूम में फोन कर किसान बता सकेंगे अपनी समस्या , जिलाधिकारी ने शिकायत पर तत्काल कार्यवाही का दिया निर्देश

जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में उर्वरकों की कमी नहीं है। फेजिंग के अनुसार माह जून, 2025 तक के निर्धारित लक्ष्य 10888 एम टी के सापेक्ष अबतक 11142 एम टी डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। इसमें से 8414 एम टी का वितरण हो चुका है। इस प्रत्येक उर्वरक प्रतिष्ठान पर प्रमाणित स्टाक व बिक्री रजिस्टर रखना अनिवार्य है। रिटेलर्स द्वारा कृषकों को उनकी जोत /खतौनी के आधार पर नियमानुसार उर्वरकों की बिक्री पीओएस मशीन से सुनिश्चित की जायेगी तथा किसानों को कैश मेमो अनिवार्य रूप से दिया जायेगा। किसी भी दशा में मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की जबर्दस्ती टैगिंग कर किसानों को नही दिया जायेगा। यदि किसी किसान के द्वारा जिंक सल्फेट/सूक्ष्म पोषक तत्व आदि अन्य उत्पाद खरीदा जाता है तो उसका विवरण कैशमेमों में अनिवार्य रूप से अंकित किया जायेगा। सभी रिटेलर्स को उपरोक्त निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरकों की बिक्री करना होगा। यदि किसी भी उर्वरक विक्रेता के द्वारा उपरोक्तनिर्देशों का उल्लघंन किया जाता है तो उसके विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि किसान से अनुरोध है कि जब जरूरत हो तभी वे अपनी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक क्रय करें। अनावश्यक रूप से उर्वरकों क्रय कर उसकी डम्पिंग न करें। जनपद में उर्वरकों की आवक निरन्तर हो रही है यदि किसी विक्रेता के द्वारा उर्वरकों का अधिक मूल्य लिया जाता है या मुख्य उर्वरकों के साथ अन्य उत्पादों की जबर्दस्ती टैगिंग कर बिक्री किया जाता है अथवा कैशमेमों नही दिया जाता है तो तत्काल उसकी सूचना कन्ट्रोल रूम में फोन कर उपलब्ध कराएं। साथ ही यदि कोई व्यक्तिध्फर्म उर्वरकों की तस्करी कर रहा हो तो पया उसकी भी सूचना कन्ट्रोल रूम अथवा उपरोक्तअधिकारियों को दें, ताकि तस्करों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जा सके।

मासूम बेटे के साथ महिला को भेजा महिला थाना

सिन्दुरिया (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बरवा कला में एक मंद बुद्धि 35 वर्षीया महिला अपने डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ गांव में इधर-उधर घूम रही थी। इधर-उधर घूमता देखा ग्रामीणों ने उक्त महिला के बारे में पुलिस को जानकारी दी। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक मिथलेश कुमार मौर्य मौके पर पहुंचे और महिला से उसके घर की जानकारी प्राप्त करने के बाद उसे महिला थाना भेजवा दिये। साथ ही इंसानियत दिखाते हुए डेढ़ वर्षीय बच्चे को कपड़ा आदि भी दिलवाये।

सिन्दुरिया थाने में तैनात उप निरीक्षक मिथलेश कुमार मौर्य ने बताया कि सोमवार की रात करीब 10 बजे ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि बरवा कला गांव में एक महिला डेढ़ वर्षीय बच्चे को लेकर इधर-उधर घूम रही है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर वे महिला से उसका पूरा पता पूछे। महिला प्रथम दृष्टया मंदबुद्धि की प्रतीत हो रही थी। महिला ने बताया कि उसका नाम जूली देवी है। उसके पति का नाम देवराज यादव है और उसका घर खाड़ी थाना मुरलीगंज जिला मधेपुरा बिहार है। उसके बताने के बाद उसे सही सलामत महिला थाना भेजवा दिया गया और उसके परिजनों को सूचना दे दी गयी। उसके बाद डेढ़ वर्षीय बच्चे का कपड़ा आदि भी खरीदा गया।

संविधान रक्षा व नपापरिषद के संगठन सृजन को लेकर बैठक

ज्ञापन देते कांग्रेसी। फोटो : एसएनबी

महराजगंज (एसएनबी)। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव क्षितिज सिंह के जनसंपर्क कार्यालय पर मंलवारकोसंविधान की रक्षा एवं स्थानीय नगर पालिका परिषद के संगठन सृजन के लिए बैठक की गयी। इसमें सभी कांग्रेसजनों ने संकल्प लिया कि हर हाल में भारतीय संविधान की तन मन धन से रक्षा किया जायेगा। महान स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष व वलिदानों को व्यर्थ नहीं होने देना है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व मेंसब कांग्रेस जन मिलकर करेंगे।

स्थानीय नगर पालिका परिषद के संगठन सृजन पर सभी कांग्रेस जनों ने विस्तार से चर्चा की। साथ ही एक सशक्त और मजबूत कमेटी बनाने के लिए अपना योगदान देने को कहा जिससे आने वाले चुनाव में कांग्रेस पार्टी सफलता प्राप्त कर सके। तत्पश्चात बैठक के उपरांत, किसानों को उर्वरक की विकट स्थिति को देखते हुए, कार्यालय से सक्सेना चौक तक क्षितिज सिंह के नेतृत्व मेंप्रदर्शन करते हुए महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित मांग पत्र तहसीलदारको दिया गया। ज्ञापन में मांग की गयी कि जनपद के किसानों को तत्काल उर्वरक उपलब्ध कराया जाय। मुख्य रूप से कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट, प्रदेश के उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, जिला कमेटी के प्रवक्ता गोपाल शाही, उपाध्यक्ष गामा प्रसाद, विनोद सिंह, नूर आलम , अकिल शेख, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि चंद्रजीत भारती, कांग्रेस के उपाध्यक्ष पूर्णमासी यादव, नगर के उपाध्यक्ष सुहैल अहमद, स्थानीय नगर पालिका के वार्ड सदस्य डा. सिद्धार्थ शुक्ला, सेवादल के पूर्व अध्यक्ष निदूरी सिंह , वार्ड सदस्य बृज किशोर सिंह, मीडिया प्रभारी जयप्रकाश लाल, भिटौली संघ के अध्यक्ष इश्तियाक अहमद, तेज बहादुर पांडेय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य घनश्याम वर्मा , पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह , सोनू निषाद व चंचल सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

कार-बाइक की टक्कर में दो किशोरी घायल

निचलौल (एसएनबी)। ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा डीगही के पास बाइक और कार की टक्कर में दो किशोरियां घायल हो गई। जिन्हें एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल लाया गया। जहां हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नारायणपुर थाना क्षेत्र सिंदूरिया निवासी सुलेखा (17) व हिरमती (18) पुत्री नर्वदा मंगलवार की शाम नेपाल से दवा कराकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान ग्राम डिगही के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों में दुर्घटना को लेकर आक्रोश व्याप्त है।

600 बोरी यूरिया खाद वितरित

सिन्दुरिया(एसएनबी)। विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के तीन केंद्रों पर मंगलवार को 600 यूरिया खाद वितरित की गयी। इस दौरान एडीओ को-आपरेटिव आशीष सिंह ने बताया कि विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र की साधन सहकारी समिति दरहटा, औराटार - सेखुई व भागाटार में मंगलवार को 600 बोरी यूरिया खाद वितरित की गयी है। साथ ही टोकन की व्यवस्था से सभी किसानों को शांतिपूर्वक यूरिया खाद उपलब्ध करायी गयी। एडीओ को-आपरेटिव ने कहा कि किसान बंधु परेशान न हों। समस्त किसानों को यूरिया खाद उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। वर्तमान में ज्यादातर समितियों पर यूरिया खाद वितरित की जा रही है।

सिटीजन फीडबैक की बैठक आयोजित

सिन्दुरिया (एसएनबी)। विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के सिन्दुरिया स्थित पंचायत भवन परिसर में मंगलवार को सचिव सत्यम चौधरी ने सिटीजन फीडबैक की बैठक आयोजित की। बैठक में समूह की महिलाओं के अलावा ग्रामीणों ने भी भाग लिया। बैठक को सम्बोधित करते हुए सचिव सत्यम चौधरी ने कहा सिटीजन फीडबैक की बैठक का मुख्य लक्ष्य है हमे स्वच्छता को अपनाना होगा। प्रत्येक घर में शौचालय होना चाहिए, खुले में शौच न करे, आवासीय स्थल पर खुले में कचड़ा न फैलाये। सिटीजन फीडबैक की बैठक में नागरिकों से प्राप्त प्रतिक्रिया के आधार पर सार्वजनिक सेवाओं को बेहतर बनाने के तरीकों पर चर्चा की गयी। बैठक में यह जानकारी दी गई कि कैसे नागरिक प्रतिक्रिया, सार्वजनिक सुरक्षा एजेंसियों को सामुदायिक प्राथमिकताओं को समझने, संसाधनों को प्राथमिकता देने और बजट को अधिक प्रभावी ढंग से आवंटित करने में मदद कर सकती है। बैठक में पुनिता गुप्ता , सरोज गुप्ता , कमलावती, रूना देवी , बंदना सहानी, बोधना, पुष्पा व कलावती सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

सिसवा बाजार (एसएनबी)। सीमावर्ती पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल एवं बिहार प्रांत के पश्चिमी चंपारण में प्रसिद्ध सिसवा के दुर्गा पूजा महोत्सव को इस वर्ष भी खास रूप देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए श्री बाल दुर्गा पूजा सेवा समिति

दूरभाष केंद्र समिति द्वारा भव्य दुर्गा पंडाल निर्माण के लिए वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन किया गया। विगत वर्षो की भांति यह दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष भी भव्य पंडाल का निर्माण करने जा रहीा है जिसमें आदिशक्ति माता की बंगाली प्रतिमा व गुफा में विभिन्न देवी-देवताओं की मनमोहक झांकी आकर्षण के केंद्र होंगे। मंगलवार को पंडित सुशील चंद्र उपाध्याय द्वारा वैदिक मंत्रों के बीच समिति के अध्यक्ष गंगासागर जायसवाल सहित अन्य सदस्यों ने भूमि पूजन कर ध्वज स्थापित किया। इस अवसर पर लवकुश विश्वास, संजय जायसवाल, रोशन मद्धेशिया, मुकेश जायसवाल, प्रभात सर्राफ, धीरज तिवारी, दिनेश यादव, उत्पल विश्वास, विकास जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, आशीष खरवार व राकेश जायसवाल आदि उपस्थित रहे।

मंदिर में स्थापित हुआ त्रिशूल और घण्टा

सिन्दुरिया (एसएनबी)। विकास खण्ड मिठौरा क्षेत्र के ग्रामसभा हरिहरपुर स्थित शिव मंदिर में त्रिशूल और घण्टा स्थापना के लिए मंगलवार को शोभा यात्रा निकाली गयी। यह शोभा यात्रा हरिहरपुर स्थित शिव मंदिर से प्रारम्भ होकर गोबरही, सिसवनिया, मोतीपुर, अकटहवा व सिन्दुरिया चौराहा होते हुए मंदिर पर पहुंची। उसके बाद शिव मन्दिर कक्ष में विधि - विधान पूर्वक घंटा और त्रिशूल

स्थापित किया गया। शोभा यात्रा में आगे आगे भक्त धर्म पताका लिए जय कारा लगाते हुए चल रहे थे। कुछ भक्त पीछे डीजे पर चल रहे भक्तिगीतों पर झूमते हुए चल रहे थे। महिलाएं भक्ति गीत गाते हुए चल रही थी। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। इस दौरान मंदिर समिति के कार्यकर्ता विश्वनाथ मौर्य ने बताया 15 किलोग्राम का त्रिशूल और 12 किलोग्राम का घंटा शिव मंदिर में ग्राम वासियों के सहयोग से स्थापित किया गया। इस अवसर पर अर्जुन गुप्ता, गौरी शंकर यादव, रामविजय, राधेश्याम, सीताराम, रामबेलाश, वीरेन्द्र गुप्ता, रोहित, गोपाल, रमाशंकर व राजकुमार गुप्ता सहित तमाम लोग शामिल रहे।

बसपा की समीक्षा बैठक में विभिन्न बिन्दओं पर चर्चा

महराजगंज (एसएनबी)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष नारद राव की अध्यक्षता सदर में एक दिवसीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि डा. विजप प्रताप तथा विशिष्ट अतिथि सुधीर भारती , सुरेश कुमार गौतम व रामसूरत चौधरी, कमलेश गौतम, हरिप्रमरा निषाद, एड. लाले भारती रहे। मुख्य अतिथि भा डा. विजय प्रताप ने कहा कि सभी विधान सभाओं में सेक्टर व बूथ का कार्यकर्ता को जो गठन कि जिम्मेदारी दी गयी थी लगभग से पूरा हो चुका है। अब

हम गांव-गांव में बैठक करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं मेजागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि बहन सुश्री मायावती के कार्यों को जन-जन को बतायंगे और 2027 विधान सभा व पंचायत चुनाव के लिए लोगों को तैयार करेंगे। जो जिम्मेदारी आज दी गयी है उसको सभी पदाधिकारी व कार्यकर्तापूरी ईमानदारी से निभाएं। विशिष्ट अतिथि सुधीर भारती ने कहा कि 2027 में बी.एस.पी की सरकार बनाने के लिए जुट जायं। इस सरकार में व्यापारी, किसान व विद्यार्थी सभी परेशान हैं। विशिष्ट अतिथि सुरेश कुमार गौतम ने कहा कि बहन जी के निर्देशों का पालन करेंगे तो हम निश्चित ही सफल होंगे। बैठक का संचालन तबारक हुसैन ने किया। वैठक में मुख्य रूप से लाल जी पाण्डेय, बाल मुकुन्द, राजन, अशोक प्रताप निषाद, अनिल कुमार. रमेश गौतम, डा. रामानन्द गौतम, नीरज राव, प्रेमसागर भारती, जितेन्द्र, भीम राव, अमरेन्द्र, विजय गौतम, शिवम् चौबे, डा. अशोक प्रसाद आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रतिक्षा कर रहे अन्नदाता खाद चली जा रही नेपाल

■ सहकारी समितियों पर खाद की सूचना मिलते ही उमड़ रहा किसानों का कारवां

नौतनवा (एसएनबी)। भारत-नेपाल के सरहदी क्षेत्रों के अन्नदाता अपनी फसलों के बेहतर उत्पादन के लिए हर जोर-जुगत में जुटे हुए हैं। इसके तहत उन्होंने अच्छे उत्पादन की सारी तैयारियां व उसका शतप्रतिशत अनुपालन भी किया है। बावजूद इसके फसल की बेहतर बढ़ोत्तरी के लिए जरूरी यूरिया जैसे नाइट्रोजन की कमी का सामना करना पड़ रहा। हालत यह है कि किसान एक-एक , दो-दो बोरी यूरिया खाद के लिए जहां समितियों पर कतारबद्ध होकर खड़े देखे जा रहे, वहीं उनके नजरों के सामने से ही तस्करी के जरिए खाद नेपाल चली जा रही है। हालांकि सुरक्षा बलों की चौकसी का परिणाम यह है कि उसी अनुपात में धरपकड़ भी जारी है। यही कारण है कि आए दिन लावारिस हालात में खाद को बरामद किए जाने में लगातार सफलता मिल रही है।

उल्लेखनीय है कि सरहदी क्षेत्रों के किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि प्रशासन द्वारा सरहदी क्षेत्रों में खाद बेचने की अनुमति नहीं दी जाती है। इसके चलते उन्हें सरहद से करीब 10 से 12 किमी दूरी पर स्थित भारतीय क्षेत्र के दुकानों से खाद खरीदकर लानी पड़ती है। इसके चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां तक कि सहकारी समितियों व अन्य सरकार नियंत्रित संस्थाओं द्वारा खाद की आपूर्ति के साथ-साथ निजी दुकानदार भी किसानों को खाद उपलब्ध कराते हैं। खेल यहीं से शुरू होता है। जानकारी के अनुसार मोटा मुनाफा कमाने के लालच में इस सिस्टम से जुड़े सरकारी कर्मचारी हो या निजी दुकानदार सभी के चलते किसानों का हक व अधिकार तस्करों के हाथों में पहुंच रहा। जिसके चलते भारतीय किसानों को मिलने वाली खाद से नेपाल की फसलें लहलहाती नजर आतीं हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण करीब एक सप्ताह पूर्व एसडीएम द्वारा तस्करी के लिए बदनाम रमगढ़वा नामक गांव में छापेमारी कर खाद की दुकानों में बरती जा रही घोर अनियमितता को पकड़ा। साथ ही इसके लिए जिम्मेदार दुकानदार पर कड़ी विभागीय कार्रवाई के लिए जिला कृषि अधिकारी को सिफारिश की थी। बावजूद इसके खाद तस्करी का गोरखधंधा रूकने का नाम नहीं ले रहा है। इधर सुरक्षाबलों की कार्रवाई में लगातार खाद को बरामद किए जाने का सिलसिला भी लगातार जारी है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी जयप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गैरकानूनी गतिविधियों व खाद की तस्करी को लेकर कड़ी चौकसी बरती जा रही। उनका कहना था कि यही वजह है कि आए दिन खाद को बरामद किए जाने में सफलता मिल रही है।

जिलाधिकारी ने किया चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन

महराजगंज (एसएनबी)। विश्व युवा कौशल दिवस 2025 में आयोजित चित्र प्रदर्शनी का जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने अवलोकन किया। विश्व युवा कौशल दिवस आयोजन उप्र कौशल विकास मिशन महराजगंज के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न आईटीआई द्वारा प्रदर्शनी लगायी गयी जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी ने किया। जिलाधिकारी ने विभिन्न स्टालों पर जाकर आईटीआई और पालिटेक्निक छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित माडल व उत्पादों को देखा और उनका उत्साहवर्धन किया। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने छात्र-छात्राओं को निर्मित माडल को आर्थिक दृष्टि से व्यवहारिक बनाने और अपने माडल व उत्पादों के पेटेंट के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के युवाओं में अपार क्षमता है। आवश्यकता है उन्हें सही मंच प्रदान करने और सही दिशा देने की।

इस संदर्भ में उन्होंने आईटीआई प्राचार्य को प्रतिष्ठित कंपनियों से समन्वय कर छात्र-छात्राओं को बेहतर मंच प्रदान करवाने का निर्देश दिया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद में उत्कृष्ठ योगदान देने वाले 10 प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा 10 युवाओं को जो पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर अच्छे वेतनमान पर रोजगार कर रहे हैं उनको स्किल यूथ आवर्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक मा जयमंगल कन्नौजिया तथा विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रविकान्त पटेल नेदीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में नोडल प्रधानाचार्य मसूद इशरत, दुर्गेश श्रीवास्तव प्रधानाचार्य आईटीआई महराजगंज, राजेश सिंह प्रबन्धक गरु गोरखनाथ महाविद्यालय घुघली, अरविन्द प्रकाश पाठक, अभिषेक सिंह गंगवार, पुनीत कुमार गुप्ता, उप्र कौशल विकास मिशन, इशान प्रकाश, जिला सेवायोजन अधिकारी व समस्त प्राईवेट आईटीआई के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री की माता की तवियत खराब

■ गोरखपुर के निजी अस्पताल मे भर्ती, कुशल क्षेम लेने पहुच रहे जन प्रतिनिधियों का लगा तांता

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद की राजनीति में तीन दशक से अभेद्य किले की तरह खडे केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की माता व लगातार दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकीं श्रीमती उज्जवल चौधरी की तवियत खराब होने के बाद गोरखपुर के एक निजी अस्पताल मे भर्ती किया गया है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उज्जवल चौधरी के बीमार होने की खबर पर जनपद के जन प्रतिनिधि,भाजपा पदाधिकारी व बडी संख्या मे कार्यकर्ता अस्पताल पहुंच हाल चाल ले रहे हैं।

श्रीमती चौधरी वर्ष 2000 से लेकर 2010 तक लगातार दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष रही हैं। उनके ज्येष्ठ पुत्र स्व. प्रदीप चौधरी प्रथम जिला पंचायत अध्यक्ष रहे और जिला पंचायत के गठन के बाद से चौधरी परिवार के करीबी ही जिला पंचायत अध्यक्ष बने हैं। सूबे मे सरकार किसी भी पार्टी की रही हो लेकिन पंकज चौधरी की रणनीति के आगे सभी दल विवश नजर आए हैं। सपा और बसपा के शासन काल मे प्रदेश में इकलौता सीट भाजपा को दिलाकर पंकज चौधरी अपनी छाप प्रदेश स्तर पर छोडी। श्रीमती उज्जवल चौधरी के पुत्र सात बार से सासंद बनकर जनपद कि राजनीति के चाणक्य माने जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल मे दो बार से वित्त राज्यमंत्री बन महराजगंज को देश स्तर पर पहचान दिला रहे है। पिछड़ा वर्ग के बडे चेहरे के तौर पर प्रदेश मे उभरे पंकज चौधरी की माता श्रीमजी उज्जवल चौधरी से मिलने गोरखपुर आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी आए थेऔर श्रीमती चौधरी ने एक सौ इक्यावन रुपये और हनुमान जी मूर्ति शगुन के तौर फर भेंट कर पुनः प्रधानमंत्री बनने की कामना की थीं।

श्रीमती चौधरी के अस्वस्थ होने पर केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व उनके पुत्र पंकज चौधरी अस्पताल पर मौजूद हैं। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उज्जवल चौधरी के अस्वस्थ होने की जानकारी होते ही विधायक सदर जय मंगल कन्नौजिया, पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण शुक्ला,भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पाडेय,भाजपा नेता अजय श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख वरिष्ठ नेता पनियरा विधान सभा निर्भय सिंह, मंडल अध्यक्ष विवेक पटेल, पनियरा विधायक मीडिया प्रभारी कौशल श्रीवास्तव, सदर विधायक प्रतिनिधि एवं जिला मीडिया प्रभारी संजीव शुक्ला आदि अस्पताल पहुंच कुशलक्षेम जाने।

कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, रेफर

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुलहिया के पास मंगलवार की शाम एक बाइक को कार ने ठोकर मार दिया। जिसकी चपेट में आकर एक युवक घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना निचलौल क्षेत्र के ग्राम टिकुलहिया निवासी कादरी पुत्र अल्ताफ (18) वर्ष मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान टिकुलहिया पुल के पास एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना में गंभीर रूप से घायल कादरी को आसपास के लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बालिका को भगाने के आरोप में तीन पर केस

पनियरा (एसएनबी)। स्थानीय थाने पर क्षेत्र के एक गांव निवासी की तहरीर पर उसी गांव के निवासी तीन लोगों के खिलाफ लगभग 14 वर्षीय अल्पब्यस्क बालिका को भगाने के आरोप में मंगलवार को मुक अ स रू 0286 के तहत (बी एन एस) 2023 की धारा 137(2) , 351(2) के तहत मुकध्दमा दर्ज किया है। वादी के तहरीर के मुताबिक घटना 9 जुलाई 2025 की शाम 7 बजे की है। पुलिस इस मामले में मुकध्दमा दर्ज कर मामले की जांच के रही है।

राजमिस्त्री के बेटे दीपू ने किया नाम रौशन, बने पोस्टल असिस्टेंट

पनियरा (एसएनबी)। वार्ड नंबर सात, रामजानकी नगर के रहने वाले दीपू प्रजापति ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। राजमिस्त्री बबलू प्रजापति के सुपुत्र दीपू का चयन कर्मचारी चयन आयोग 2024 परीक्षा के तहत पोस्टल असिस्टेंट के पद पर अल्मोड़ा, उत्तराखंड में हुआ है। इस उपलब्धि से उनके परिवार और पूरे वार्ड में खुशी का माहौल है।बेहद ही होनहार और एक गरीब परिवार से आने वाले दीपू ने अपनी पढ़ाई में हमेशा शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने राजकीय इंटर कलेज पनियरा से हाईस्कूल 84.5ः अंकों के साथ और इंटरमीडिएट 85ः अंकों के साथ फर्स्ट डिवीजन (विद अनर्स) से पास किया। इसके बाद, उन्होंने दीन दयाल उपाध्याय विश्वविद्यालय गोरखपुर से बीएससी में 62ः अंकों के साथ फर्स्ट डिवीजन प्राप्त की। दीपू की माता का नाम बृजमा देवी है और उनकी एक बहन दिव्या है जो वर्तमान में ग्रेजुएशन कर रही हैं। उनके पिता बबलू प्रजापति, जो एक राजमिस्त्री मजदूर हैं, के संघर्षो को देखते हुए, दीपू ने अपनी पढ़ाई पर विशेष ध्यान दिया और आज अपनी मेहनत के दम पर केंद्र सरकार में नौकरी हासिल की है। दीपू की इस सफलता पर वार्ड के सभासद राघवेंद्र प्रताप सिंह, अजय बहादुर सिंह, पिंटू कुमार, पूर्व प्रधान विजय सिंह, चंद्र बदन सिंह, नर्वदेश्वर यादव, राम भजन प्रजापति सहित तमाम गणमान्य व्यक्तियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। दीपू प्रजापति की यह उपलब्धि उन सभी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है जो विपरीत परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पूरा करने का जज्बा रखते हैं।

डोनेशन कैंप आज

निचलौल। स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में बुधवार को प्रातः 10 बजे से अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के तत्वावधान में मेगा डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया है। इस कैंप में जरूरतमंदों को एक एक वस्त्र दान स्वरूप दिये जाएंगे। मारवाड़ी समाज से एकत्र विभिन्न परिधान साड़ी, पैंट शर्ट आदि वस्त्रों को टोकन सिस्टम से एक एक वस्त्र निर्धन जरूरतमंदों को दिये जाएंगे। यह जानकारी आयोजक संगठन के सौरभ अग्रवाल ने दी है।

विजय अध्यक्ष, पीयूष उपाध्यक्ष व धर्मवीर बने महामंत्री

■ महाविद्यालय में शिक्षक संघ चुनाव

महराजगंज (एसएनबी)। स्थानीय जवाहर लाल नेहरू स्मारक पी जी कालेज

निर्वाचित पदाधिकारी । फोटो : एसएनबी

में शिक्षक संघ का चुनाव सुआक्टा के संयुक्त मंत्री चुनाव अधिकारी डा. के आर यादव की देख रेख में हुआ। इसमें डा. विजय आनंद मिश्र निर्विरोध अध्यक्ष पद पर चुने गए और महामंत्री के पद पर निर्विरोध रूप से डा. धर्मवीर को चुना गया। उपाध्यक्ष के पद पर डा. पीयूष कुमार जायसवाल को सर्वसम्मति से चुना गया। महिला उपाध्यक्ष के पद पर डा ज्योत्सना पांडेय को चुना गया। संयुक्त मंत्री के पद पर अनिल सिंह और कोषाध्यक्ष के पद पर डा. सुनील कुमार तिवारी , मीडिया प्रभारी गुलाब चन्द्र, सुआक्टा प्रतिनिधि डा. राणा प्रताप तिवारी और मृत्युंजय तिवारी को सर्वसम्मति से चुना गया। शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रो.उमेश प्रसाद यादव ने सभी चुने गए पदाधिकारी को बधाई थी और शिक्षक संकट के लिए सार्थकता के साथ कार्य करने की सलाह दी।

प्रो.धर्मेंद्र कुमार सोनकर, डा. राहुल सिंह, डा. शैलेन्द्र उपाध्याय, गोपाल सिंह, डा. मिथलेश कुमार चौधरी, डा. छट्ठू यादव, डा. अशोक कुमार वर्मा, डा. राणा प्रताप तिवारी, गुलाब चंद्र, देवेंद्र पाठक, डा. नंदिता मिश्रा, डा. नेहा, डा. प्राची कुशवाहा, डा. अपर्णा राठी, अखिल कुमार राय, अशोक कुमार, मृत्युंजय तिवारी, मुख्य नियंता डा. बिपिन यादव के साथ महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। अंत में चुनाव अधिकारी डा. खेदू राम यादव ने समस्त पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर स्वागत किया और अंत में कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

माता पिता की सेवा ही ईश्वर सेवा

आनंदनगर (एसएनबी)। स्थानीय आधारशिला बृद्धाश्रम मे स्वच्छ रहें,स्वस्थ रहें,मस्त रहें टीम महाराजगंज के द्वारा बृद्धाश्रम मे आकर रह रहे सैकड़ो बुजुर्ग माता-पिता से मिला गया स सोमवार की रात में उक्त टीम द्वारा वहां निवास करने वाले सभी बुजुर्ग माता-पिता को भोजन कराने का कार्य किया गया स स्वच्छ रहे स्वस्थ रहे मस्त रहे टीम के संरक्षक फूलचंद अग्रवाल ने कहा कि जिनके औलाद अपने मां बाप का सेवा नही कर पाते है और वह बृद्धाश्रम मे ले आकर छोड़ देते है या माता पिता की बहु बेटे से झगड़ा हो जाने या ना पटने की वजह से परिवार छोड़कर पेट के लिए बृद्धाश्रम को

आधारशिला वृद्धा आश्रम में बुजुर्गो को भोजन कराते स्वच्छ रहे स्वस्थ रहें मस्त रहें टीम के लोग।

अपना सहारा या आशियाना बना लें रहे है स ऐसे बुजुर्ग माता-पिता की सेवा करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना चाहिए उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा ही ईश्वरीय सेवा है।

रामसेवक साहू ने कहां की मां बाप जब बुजुर्ग हो जाते है और बेटे और बहू के बीच कलह शुरू हो जाता है तो यही समझ लेते है कि रोज रोज का हंगामा और परेशानी से यही ठीक होगा कि हम घर छोड़ कर खुश रहे। नगर के लगातार पांच बार सभासद रहे लाल जी गुप्ता ने कहा कि आधारशिला के संचालक, व्यवस्थापक प्रदीप कटियार की देख रेख मे और मीनू के हिसाब से बहुत ही बेहतरीन सेवा दिया जा रहा है। टीम संरक्षक रामसेवक साहू ने कहा कि इस आश्रम मे जो भी अपने बहु बेटे से पीड़ित है वह अपने आप को पीड़ित ना समझें आप सभी हम सभी के बीच मां बाप की तरह है। स्वस्थ रहे स्वच्छ रहे मस्त रहे टीम के संरक्षक रामसेवक साहू ने बताया कि टीम के सदस्य विनोद कुमार गुप्ता का इस आश्रम मे बहुत सहयोग रहता है। इनके नेक कार्यो को देखकर इस टीम को भी सेवा करने का अवसर मिलता है। टीम ने शाम को एक छोटा सा कार्य-क्रम किया प्रसाद के रूप मे एक भंडारे का आयोजन किया और साथ मे बैठकर बृद्धाश्रम के उन सभी लोगो के साथ प्रसाद (भोजन) ग्रहण किया। टीम के सदस्य विनोद कुमार यादव ने भी वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। वेद प्रकाश शर्मा ने अपने गीत के माध्यम से दुनिया मे मां बाप को सर्वोपरि बताया उन सभी औलाद के लिए उन्होंने एक गीत गाया जो वाकई दिल को छू लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हरिओम सिंघानिया, विजय कुमार, भीमसेन, राम सागर गुप्ता,मोहन जायसवाल ,अनिल कुमार गुप्ता मौजद रहे।

प्रबंध समिति के सदस्यों,अभिभावकों शिक्षकों के साथ हुई बैठक

महराजगंज (एसएनबी)। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय एवं जनपदीय नेतृत्व के निर्देश के क्रम में मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक मिठौरा कार्यसमिति ने 50 से कम छात्र संख्या के आधार पर मर्ज हो रहे विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय राजीटोला (सिंहपुर) क्षेत्र मिठौरा के विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों,अभिभावकों तथा कार्यरत शिक्षकों के साथ बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष विजय यादव ने की। बैठक में ग्राम प्रधान रमाकांत उपस्थिति रहे ।

बैठक को संबोधित करते ब्लाक उपाध्यक्ष कृष्णावीर ने बताया कि सरकार 50 से कम छात्र संख्या होने के आधार पर विद्यालयों को अन्य दूसरे विद्यालयों में मर्ज कर रही है जिससे आज विद्यालयों के संचालन और छात्रों विशेषकर बालिका शिक्षा का भविष्य खतरे में पड़ गया है। विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष छाया देवी ने कहा कि हमारे बच्चों का विद्यालय न बंद किया जाए क्योंकि घर के पास विद्यालय होने से बच्चे आसानी से विद्यालय पहुंच कर शिक्षा ग्रहण करते हैं लेकिन मुख्य मार्ग और भीड़ भाड़ वाले रास्ते से गरीब घर के छोटे बच्चे कैसे विद्यालय जा पाएंगे। उनकी सुरक्षा भी खतरे में है। इसलिए विद्यालय बंद न किया जाए। ग्राम प्रधान रमाकांत ने कहा कि अपने गांव के विद्यालय को मर्जर से बचाने के लिए वे अभिभावकों के साथ अगर जरूर पड़ी तो आंदोलन भी करेंगे लेकिन विद्यालय को बंद नहीं होने देंगे। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में ब्लाक अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि संख्या के आधार पर विद्यालयों को मर्ज करना उचित नहीं है जबकि प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्राप्त करने का संवैधानिक अधिकार है। सरकार अगर बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहती है तो विद्यालयों के मर्जर को बंद करे। बैठक को मंत्री चन्द्रभूषण पटेल व सरताज अहमद ने भी संबोधित किया। बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य एवं अभिभावक तथा उ प्र प्रा शि संघ ब्लाक मिठौरा के पदाधिकारी उपस्थिति रहे । बैठक का संचालन कमलेश आर्य ने किया। बैठक में बालमुकुंद पाठक, हिसामुद्दीन अंसारी, ष्णवीर, सरताज, सुरेन्द्र कुमार मौर्य, दिनेश वर्मा, त्रिभुवन नाथ गुप्ता, चंद्रभान सिंह, अशोक यादव, अनिल कपूर, राजकुमार यादव, ज्ञान सिंह, रविन्द्र प्रसाद,लक्ष्मी प्रसाद, मनोज यादव,यतींद्र पटेल, वशिष्ट मुनि, दिवाकर द्विवेदी,, फरेंद्र भारती, अनंत यादव व दीनानाथ यादव उपस्थिति रहे।

मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार व महिला घायल, रेफर

निचलौल (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के निचलौल गोरखपुर मार्ग पर ग्रामसभा ओबरी में मंगलवार की देर रात मार्ग दुर्घटना में एक महिला व बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को जरिए एम्बुलेंस सीएचसी पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

नीरा (50) पत्नी वीरेंद्र चौधरी निवासी ग्राम ओबरी रात करीब 9 बजे दवा लेने के लिए सड़क पार कर रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने उन्हें ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला व बाइक चालक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचलौल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल बाइक सवार युवक की पहचान अभी नहीं हो सकी है।

गोवंश हो स्वस्थ, पशुपालक हो समृद्ध

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने गोवंश संरक्षण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है। स्वयं गोपालक होने के कारण मुख्यमंत्री का गोवंश के प्रति गहरा लगाव और संवेदनशील दृष्टिकोण उनकी नीतियों को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। वर्ष 2017 में सत्ता में आने के बाद से ही सरकार ने निराश्रित गोवंश के संरक्षण, देखभाल, पोषण, सुरक्षा, स्वास्थ्य जांच और टीकाकरण हेतु प्रभावी और व्यवस्थित उपाय सुनिश्चित किए हैं। बीते आठ वर्षों में गोवंश संरक्षण और कल्याण के लिए सरकार के द्वारा कई ऐतिहासिक और दूरगामी पहल की गई हैं। इन प्रयासों से न केवल गोवंश को संरक्षित करने की ठोस आधारशिला तैयार हुई है, बल्कि दुग्ध उत्पादन क्षेत्र को भी नया प्रोत्साहन मिला है, जिससे ग्रामीण आजीविका सशक्त हुई है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति प्राप्त हुई है।

गोवंश संरक्षण और पशुपालकों के लिए प्रदेश में चल रही योजनाएं

- गो-पालक योजना
- मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना
- मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना
- स्वदेशी गोवंश संवर्धन योजना
- नंदिनी कृषक समृद्धि योजना

वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में गोवंश संरक्षण के लिए सरकारी स्तर पर कोई नीति नहीं थी

मुख्यमंत्री सहभागिता योजना में 2,37,369 गोवंश इच्छुक कृषक/पशुपालक परिवारों को सुपुर्द

प्रदेश में पहली बार डीबीटी के माध्यम से प्रति गोवंश भरण-पोषण हेतु 50 रुपये प्रतिदिन की दर से गोआश्रय स्थलों को धनराशि हस्तांतरित

टीकाकरण

रेडियम बेल्ट

गोबर के लट्ठे

दुग्ध उत्पादन

देश के कुल दुग्ध उत्पादन में उत्तर प्रदेश की 16.21 प्रतिशत हिस्सेदारी



पशुधन संरक्षण

निराश्रित गोवंश के संरक्षण के लिए 7,717 गोआश्रय स्थलों की स्थापना, 16 लाख से अधिक गोवंश संरक्षित

पशुओं का टीकाकरण

14.50 करोड़ से अधिक पशुओं का टीकाकरण, लम्पी रोग से बचाव और नियंत्रण के लिए 1.92 करोड़ पशुओं का टीकाकरण

निःशुल्क पशु चिकित्सकीय सहायता हेतु टोल फ्री नंबर

1962

पशुधन संरक्षण के लिए सरकार की व्यवस्थाएं

- मुख्यमंत्री निराश्रित-बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अंतर्गत इच्छुक पशुपालक परिवार को एक से चार गाय व 1500 रुपये प्रति गोवंश देने की व्यवस्था
- प्रदेश को दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाये रखने के लिए 5 वर्षों में 1,000 करोड़ की लागत से नंद बाबा दुग्ध मिशन शुरू
- जनपद बांदा में 20 हजार लीटर प्रतिदिन की क्षमता का नया डेयरी प्लांट और जनपद वाराणसी में 20 मीट्रिक टन प्रतिदिन की क्षमता के पाउडर प्लांट की स्थापना
- नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत दुग्ध उत्पादन तथा डेयरी की स्थापना के लिए लगभग 50 प्रतिशत अनुदान
- दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण हेतु 220 समितियों का गठन और 450 समितियों का पुनर्गठन
- किसान क्रेडिट कार्ड योजना (पशुपालन घटक) के अंतर्गत 2024 तक 5.60 लाख किसान क्रेडिट कार्ड वितरित
- जनपद मेरठ में 04 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन क्षमता का नवीन ग्रीन फील्ड प्लांट पूर्ण
- ई-कॉमर्स पोर्टल से 1,22,951 उपभोक्ताओं, महिला स्वयं सहायता समूहों और पराग मित्रों को जोड़ा गया
- वाराणसी में बनास डेयरी की स्थापना, यहां से प्रतिदिन 03 लाख लीटर दुग्ध की हो रही आपूर्ति
- प्रदेश में दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश दुग्धशाला विकास और उत्पाद प्रोत्साहन नीति लागू
- गोआश्रय स्थलों में सी.सी.टी.वी. की स्थापना और जनपद स्तरीय कंट्रोम रूम से मॉनिटरिंग
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में बुन्देलखण्ड के सभी विकास खण्डों में गो आधारित प्राकृतिक खेती की कार्ययोजना
- गो आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने हेतु गो उत्पाद जैसे गोबर पेंट, गोबर के लट्ठे, राखियों व मूर्तियों आदि का निर्माण
- सड़क दुर्घटना में गोवंश के बचाव हेतु रेडियम बेल्ट लगाने की प्रक्रिया शुरू

ट्रक की ठोकर से चार लड़कियां घायल

भवानीगंज (एसएनबी)। सावन के प्रथम सोमवार को कांवरियों का एक जत्था अयोध्या में जलाभिषेक करने के लिए विकला था वापस लौटते समय एक टैम्पो मे सवार पांच लोगों को पीछे से ट्रक ने ठोकर मार दी जिसमे चार लड़कियों को गंभीर चोटे आई, पुलिस ने सभी घायलों को शीघ्र इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवां भेजा। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के भड़रिया गांव स्थित श्री गिरिजेश्वर नाथ महादेव मंदिर से कांवरियों का जत्था अयोध्या में जलाभिषेक करने के लिए निकला था वापस लौटते समय भिटौरा के पास रात 9 बजे के कांवरियों का जत्था पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टैम्पो को ठोकर मार दी जिससे उस पर बैठे पांच लोगों में चार लड़कियों निशा पुत्री मथुरालाल 17 वर्ष,अनिता पुत्री मेहीलाल 18 वर्ष, अंशिका पुत्री चंदन 8 वर्ष निवासी गण भड़रिया टोला गजनीजोत व ननिहाल में आई मधु पुत्री विजय 10 वर्ष को गंभीर चोटे आई पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेवां भेजा जहां निशा के बाएं पैर की हड्डी बाहर आ गई थी व मधु के सिर में गंभीर चोट लगने से दोनों को कैली अस्पताल बस्ती के लिए रेफर कर दिया गया, अंशिका व अनीता को प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया गया है। इस दौरान थानाध्यक्ष भवानीगंज हरिओम कुशवाहा ने बताया कि सभी घायलों को हमने स्वास्थ्य केंद्र बेवां भेज कर ट्रक छोड़कर फरार चालक के ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाई की जाएगी।

स्वच्छता ही संचारी रोगों से बचाव है-चंद्र प्रकाश

सोनहटी (एसएनबी)। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत डुमरियागंज में दस्तक अभियान जोरों पर है। इस अभियान में स्वास्थ्य, पंचायत और शिक्षा विभाग मिलकर जागरूकता का काम कर रहे हैं। इसी कड़ी में साफ-सफाई और स्कूल चलो अभियान के विषयों को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई।निकाली गई संचारी रोग नियंत्रण दस्तक व स्वच्छता अभियान रैली का नेतृत्व कर रहे नगर पंचायत भारतभारी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश वर्मा ने सभी से अपील की कि स्वच्छता ही संचारी रोगों को दूर रखने का एकमात्र उपाय है। उन्होंने जोर देकर कहा, हम जब साफ-सफाई रखेंगे, तभी संचारी रोग दूर रहेंगे। प्राइमरी स्कूल लोहरौली के बच्चों ने पूरे क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने नारों और तख्तियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया, जिसका उद्देश्य समुदाय को संचारी रोगों के प्रसार को रोकने में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना था। इस जागरूकता रैली में मुख्य रूप से सभासद महेश मिश्रा, प्रधानाध्यापक अहमद फारूकी, शिक्षक तौबाब और प्रिया, आशा कार्यकर्ता प्रतिमा और नीलम, तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस पहल का समर्थन किया और क्षेत्र में स्वच्छता के महत्व पर बल दिया। यह अभियान लोगों को संचारी रोगों से बचाव के लिए व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करेगा।

फर्जी कर्मचारियों से उपभोक्ता परेशान

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियंगज डिवीजन के विद्युत विभाग सब स्टेशन खानतारा के अंतर्गत इन दिनों फर्जी तरीके से बिजली विभाग तथा बिजलेंस विभाग के नाम पर कुछ लोग अपने को अधिकारी कर्मचारी बताकर वसूली कर रहे हैं। लोगों की माने तो इनका रैकेट क्षेत्र में काम कर रहा है जो उपभोक्ताओं को डराने धमकाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते,बेचारे ग्रामीण भी जानकारी के अभाव में इनके शोषण का शिकार हो जाते हैं और ऐसे फर्जी लोगों के झांसे में आकर नुकसान उठा रहे हैं। लेकिन विभाग इस पर कार्रवाई करने के बजाय मौन धारण किए है। जिससे क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं में आक्रोश व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार तहसील क्षेत्र में इन दिनों फर्जी तरीके से अधिकारी व कर्मचारी बनकर कुछ लोग बिजली विभाग के नाम पर ग्रामीणों का शोषण कर रहे हैं जिससे लोग काफी परेशान हैं। आए दिन ये लोग गांव में पहुंचकर उपभोक्ताओं को परेशान करते हैं। लोगों का तो यह भी कहना है कि इनके इस खेल में क्षेत्रीय कुछ लाइनमैनों की भी भूमिका संदिग्ध है जो पीछे से इनका साथ दे रहे हैं। क्योंकि इन लोगों को किस गांव में और वहां जाने के बाद किस घर जाना है यह सब लाइनमैन ही बताते हैं। मीटर रीडिंग की बात करें तो विभाग द्वारा टेंडर करके मीटर रीडिंग के लिए ठेकेदार नियुक्त कर दिया जाता है। जिसका काम होता है गांव में जाने के बाद मीटर की रीडिंग कर बिल निकालकर उपभोक्ताओं को देना। लेकिन टेंडर होने के बाद ठेकेदार भी मनमानी चलाते हैं और शायद ही किसी गांव में समय से मीटर रीडर पहुंचते होंगे। मीटर रीडर हों या ठेकेदार द्वारा नियुक्त किया कोई व्यक्ति, किसी के भी गले में परिचय पत्र नहीं होता, जिससे उसकी पहचान हो सके वह किस विभाग से संबंध रखता है। परिचय पत्र की बात करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में जाने वाले विभाग के कर्मचारी सरकारी हो अथवा प्राइवेट शायद ही किसी के गले में परिचय पत्र होता होगा जिससे लोगों को पहचानने में आसानी हो सके। इसी मौके का फायदा उठाकर फर्जी लोग फर्जी गैंग चलाकर लोगों का शोषण करते हैं। यही नहीं विभाग द्वारा इतनी लापरवाही है कि बिना कोई रिकर्ड चेक किये मनमाने तरीके से किसी भी उपभोक्ता की लाइन को काट दिया जाता है अथवा नोटिस थमा दी जाती है लेकिन मीटर यदि खराब है तो कई महीनों शिकायत होने के बावजूद विभाग द्वारा मीटर नहीं बदला जाता और न ही इसकी कोई सुनवाई होती है। एक तरह से देखा जाए तो विभाग को उपभोक्ताओं की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं। विभागीय तानाशाही रवैए और लापरवाही के चलते आज भी कई ग्राम पंचायतों में विद्युत बिल के बकाए लाखों में दिखाई देते हैं।

मजे की बात तो यह है कि खानतारा सब स्टेशन के अधीन अभी कुछ ही दिनों पहले क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति की लाइन का अधिक बकाया बताकर काट दिया गया। जबकि उस व्यक्ति ने लाखों रुपया एक मुश्त जमा करके अपना बिल सही करा लिया था। लेकिन गलत बिल आने के कारण बकाया बताकर उसका कनेक्शन काट दिया जिससे वह व्यक्ति चिंतित हो गया और उसको हार्ट अटैक आ गया। समय रहते उपचार हुआ जिससे उसकी जान तो बच गई लेकिन इसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। ताजा मामला फिर प्रकाश में आया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंचनपुर में कुछ लोग विभागीय कर्मचारी बनकर लगातार दो दिन से जा रहे हैं जो घरों पर बिजली कनेक्शन चेक करके और मीटर में स्टोरेज अधिक बताकर लोगों से लेनदेन की बात कर रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि रीडर ने जो बिल दिया उस पर अपना बिल जमा किया यदि मीटर अधिक यूनिट बता रहा है तो मीटर खराब हो सकता है। आप चेक मीटर लगाकर देख लीजिए। जिस पर जबाव देते हुए मौजूद कर्मचारी ने बताया कि मैं रिपोर्ट कर दूंगा तो विजिलेंस आ जाएगी। अभी मामला रफा दफा हो सकता है। आस-पास के कुछ जागरूक लोग जब वहां पहुंच गए और नाम पूछा तो आशीष कुमार, तौसीफ अहमद बताया और वहां से वो लोग चले गए। ग्रामीणों का कहना है कि ये लोग किसकी अनुमति से दो दिनों से गांव में मीटर चेक करने आ रहे थे ये लोग सही है या गलत हैं इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही गलत हैं तो इन पर कार्रवाई भी होनी चाहिए। क्योंकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक ये लोग डरा धमका रहे थे।

इस बारे में जब अवर अभियंता खानतारा रामलाल से उनके सीयूजी नंबर 8004925913 पर बात करने की कोशिश की गई तो लगातार घंटी बजने के बाद भी उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। कल मिलाकर देखा जाये तो उक्त मामले में विभाग की मिलीभगत साफ दिखाई देते है।

सीयूजी नम्बर पर बात करने पर हो रही परेशानी

विद्युत सबस्टेशन- खानतारा

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के खानतारा सब स्टेशन पर तैनात अवर अभियंता रामलाल जो कुछ दिनों पहले खानतारा सब स्टेशन पर तैनात किए गए हैं। इनको लेकर क्षेत्र के लोगों की शिकायत है कि सीयूजी नंबर पर बार-बार फोन करने के बाद भी इनके द्वारा काल रिसीव नहीं किया जाता है। उपभोक्ता परेशान है कि अपनी समस्या आखिर किससे बताएं। पूर्व में तैनात जे ई विनीत कुशवाहा की प्रशंसा करते हुए लोगों ने बताया कि उनका फोन तुरंत उठता था यदि किन्हीं कारणों से कभी फोन नहीं उठता तो वे बैककल करके लोगों से जानकारी लेते थे और समस्याओं को त्वरित निस्तारित करवाते थे। यही नहीं उनका फोन रात में भी उठ जाता था। जबकि वर्तमान अवर अभियंता कितना भी प्रयास किया जाए दिन में भी फोन नहीं उठाते। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं ने आलाधिकारियों से इस पर ध्यान देने की मांग की है। इस बारे में सहायक अभियंता संजय यादव ने बताया कि सरकारी कर्मचारी का सीयूजी नंबर तुरंत उठना चाहिए। यदि ऐसा नहीं है तो वे जांच करेंगे। उपभोक्ताओं की समस्या सुनना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

करोड़ों की भूमि पर भूमाफियाओं का कब्जा, हुई शिकायत

बांसी-बस्ती मार्ग (एनएच) पर पुरबौला माफी में ताल के नाम दर्ज है अवैध कब्जे की जमीन

एसडीएम के निर्देश के बाद भी अवैध कब्जा हटाने से कतरा रहा नपा प्रशासन

अब तक नपा ने नहीं किया संपर्क : तहसीलदार

शीघ्र होगी पहल : ईओ

बांसी (एसएनबी)। स्थानीय नगर के राजस्व ग्राम पुरबौला माफी में एनएच से सटे स्थित ताल की करोड़ों की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा किये गये अवैध कब्जों को हटाने से नपा प्रशासन अब तक कतराता नजर आ रहा है। पुरबौला माफी निवासी श्रीमती मनोरमा पत्नी राममिलन द्वारा 7 अक्टूबर 2024 को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को दिये शिकायती प्रार्थना पत्र के क्रम में सीमांकन के उपरान्त उपजिलाधिकारी को दिये आख्या दिनांक 22.10.2024 में तहसीलदार तत्कालीन ने कहा है कि पुरबौला माफी स्थित गाटा सं 178 रक्बा 2.804 हे. जो चकबंदी आकार पत्र 41, 45 में ताल के नाम से अंकित है, जो कि 05 मिल जुमला भागों में विभाजित है, परन्तु बंदोवस्ती नक्शे में तरमीम नहीं है। सीमांकन में गाटा सं. 178 मि.में बड़े भू भाग पर लगभग 9 लोगों ने अवैध कब्जा कर कर लिया है, जिसमें लगभग तीन व्यवसायिक प्रतिष्ठान भी शामिल हैं। तहसीलदार ने अपनी आख्या में अवैध कब्जाधारकों के नाम का भी उल्लेख किया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम पुरबौला माफी का गाटा सं. 178 जोत चकबंदी आकार पत्र 41 व 45 में ताल के खाते में अंकित है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी तत्कालीन ने अपने पत्रांक 122 (1) आशु.लि/2024-25 दिनांकित 22.10.2024 में अवैध कब्जों की भूमि को नपा परिषद बांसी के क्षेत्राधिकार में सम्मिलित होने का हवाला देते हुए अधिशासी अधिकारी नपा परिषद बांसी को तहसीलदार से समन्वय स्थापित करते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करने को निर्देश दिया है। विदित हो कि पुरबौला माफी निवासी श्रीमती मनोरमा देवी ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि राजस्व ग्राम पुरबौला माफी तप्पा असनार के गाटा सं. 178 मि. रक्बा 1.097 हे. वर्तमान समय में अभिलेख के अनुसार ताल के रूप में अंकित है जिस पर भूमाफियाओं द्वारा दबंगई के बल पर निर्माण कर इमारत खड़ा कर लिया गया है। उन्होंने ताल को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराये जाने की मांग किया था। उक्त बाबत तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि अब तक उनसे नपा द्वारा कोई संपर्क नहीं किया गया है। तद्क्रम में ही अधिशासी अधिकारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि उपजिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में शीघ्र ही पहल किया जायेगा।

नपाध्यक्ष ने किया वार्डों का निरीक्षण

साफ-सफाई को लेकर दिया निर्देश

बांसी (एसएनबी)। मंगलवार को नपाध्यक्ष चमन आरा राइनी ने नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंच कर वहां की जलनिकासी, साफ-सफाई, पेयजल, पथ-प्रकाश व सड़क-नाली आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नपाध्यक्ष श्रीमती राइनी ने कहा कि नालियों में कचरा न होने पाये, नालों-नालियों की नियमित सफाई हो। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एक वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया। पेयजल व्यवस्था में लीकेज कनेक्शन में लापरवाही न करने के लिए कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क व नाली निर्माण में किसी भी प्रकार की खामी न होने पाये। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि निलेश निषाद, दीपक चौधरी तकनीकि सहायक अब्दुल करीम, सफाई प्रभारी राजकुमार पाण्डेय, राजेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरी राजू राघवेंद्र द्विवेदी ध्रुव कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

वार्ड का जायजा लेती नपाध्यक्ष। फोटो : एसएनबी

कटौती से उपभोक्ता आजिज

गोल्हौरा (एसएनबी)। बांसी विद्युत वितरण केंद्र के उपकेंद्र महरवाजोत के उपभोक्ता बिजली कटौती से आजिज आ चुके हैं। यहां के उपभोक्ताओं को बीते 30 घण्टे से बिजली नसीब नहीं हुई है। लोग बरसात की उमस भरी गर्मी झेलने को जहां विवश हैं, वहीं अंधेरे में जीवन यापन करना उनके लिए परेशानी का सबब बन चुका है।

उल्लेखनीय है कि उक्त फीडर से विद्युत आपूर्ति हल्की बारिश व हवा चलने पर प्रायः फाल्ट के नाम पर गुल ही रहती है। बीते सोमवार को सुबह 7 बजे बिजली गुल हुई, और अपरान्ह 1 बजे आई, कुछ मिनट में फिर गुल हो गई। समाजसेवी युवा नेता अतुल उपाध्याय के अनुसार गर्मी व बरसात में बिजली फाल्ट होना इस फीडर के लिए आम बात हो चुकी है। यदि सुधार के लिए विभाग द्वारा ठोस कदम नही उठाया गया, तो वे अपने समर्थकों के साथ आंदोलन को विवश होंगे। इसी क्रम युवा समाजसेवी मोनू जायसवाल, श्याम मिश्र, एम पी दूबे व विजय मिश्र का कथन है कि चार पांच दशक पूर्व के लगे पुराने ढीले तार व जर्जर पोल से जुगाडू बिजली सप्लाई की जा रही है। हाईटेंशन बिजली तार पर पेड़ों की टहनियां होने से फाल्ट उत्पन्न होता रहता है। जिसका खामियाजा हम उभभोक्ताओं को आये दिन भुगतना पड़ता है। विभागीय कर्मचारी व अधिकारी फाल्ट होने पर जानकारी देने के बजाय फोन तक बंद कर लेते हैं। सोमवार को घण्टों बिजली न आने पर जब खबर व्हाटऐप्स ग्रुप पर चली तब देर रात में ग्रुप के माध्यम से पता चला कि 33 हजार का तार टूट गया है। सही होने के बाद ही आपूर्ति बहाल होगी। जो 30 घण्टे बाद भी ठीक नही हो सका है। जो भी हो सचिन तिवारी, ाुवचन्द्र त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी, सुभाष, चन्द्रपाल शुक्ल, सुनील शुक्ल आदि समेत तमाम गांव के उपभोक्ताओं की मानें तो तार टूटने, फ्यूज उड़ने आदि जैसे फाल्ट को ठीक कराने के लिए उन्हें प्राइवेट तौर पर विभाग में काम कर रहे लाइन मैनों की मिन्नत करनी पड़ती है, और एवज में शुल्क भी चुकाना पड़ता है। आये दिन फाल्ट के चलते बिजली न मिल पाने से लोगों में आक्रोश है, जो कभी भी फूट सकता है। उक्त बावत फीडर के जेई के सीयूजी नम्बर पर सम्पर्क का प्रयास किया गया, लेकिन वह पहुंच से बाहर रहा।

कुशीनगर हादसे के मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

खुनियांव (एसएनबी)।कुशीनगर सड़क हादसे में चार लोगों की मौत के सदमे से पूरा क्षेत्र उबर नहीं पा रहा है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा हुआ है। हर चेहरा गमगीन और जुबां पर सिर्फ इनके मौत की चर्चा है। मंगलवार को स्थानीय ब्लाक सभागार में शोकसभा आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने नम आंखों से श्रद्धाजंलि दिया। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि मृतक राम करन गुप्ता, सुजीत कुमार जायसवाल, शिक्षक कैलाश मणि त्रिपाठी व्यक्तित्व के धनी थे।जिन्होंने सरकारी सेवा में कर्तव्यों और दायित्वों का निर्वहन करते हुए सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाया। ये लोग सभी के सुख-दुख में सक्रिय रहते थे। इनके निधन से निश्चय ही जिले की अपूर्णनीय क्षति हुई है। इनकी भरपाई कर पाना संभव नहीं है।खुनियांव ब्लाक सभागार में आयोजित शोक सभा खण्ड विकास अधिकारी खुनियांव ओम प्रकाश सिंह यादव और एडीओपंचायत आशुतोष मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमे राधेरमण त्रिपाठी, देवेश मणि त्रिपाठी, एडीओ आई एस बी कुंतकली, पीयूष पाण्डेय, राकेश कुमार पाठक, हरेंद्र पाण्डेय, आनन्द कुमार, मो तारिक, अनुराग यादव, देवदत्त चौधरी, सुशील कुमार द्विवेदी, सर्वजीत यादव, मोई दुर्रहमान, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के जिलाअध्यक्षआशुतोष यादव, ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गुप्ता, बाल विकास परियोजना अधिकारी खुनियांव मोहम्मद अरशद, बी ई ओ, महेन्द्र कुमार, राम धीरज साहनी, राजू सिंह, अशोक कुमार चौधरी, तुलसी राम, भोला प्रसाद, सर्वेद्र, वंशमणि, कमलेश , जितेन्द्र प्रताप, अजय सिंह, शिव कुमार दूबे, जावेद, अजय यादव, अनिल गुप्ता, अभिषेक कुमार मिश्रा, पंकज कुमार चौधरी,सहित सभी ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान, सफाई कर्मचारी, ब्लाक कर्मी के साथ ही भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

विधायक से विद्युत विभाग के अधिकारियों ने की मुलाकात, लगेगा कैंप

बानगंगा(एसएनबी)। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बस्ती मंडल के अधीक्षण अभियंता अजय व अधिशाषी अभियंता ज्ञानप्रकाश शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा से मिलने उनके आवास आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ पर गए।इस दौरान उन्होंने निगम द्वारा किए गए कार्यो के बारे में बताया। दोनों अधिकारियों ने बताया कि आगामी 17 से 19 जुलाई तक शोहरतगढ़ क्षेत्र में कई जगह विशेष बिजली समाधान शिविर लगेगा, जिसमें उपभोक्ताओं की समस्त समस्याओं को दूर किया जाएगा। अधिकारियों ने शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा को बताया कि पकड़ी उपकेन्द्र के अन्तर्गत एक 05 एमवीए पावर ट्रांसफर्मर स्थापित किया गया,जिससे शोहरतगढ़ क्षेत्र की जनता को लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिली है। इसके अलावा वहां 4 किमी 11 केवी नई फीडर लाइन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा बढ़नी नगर के तहत गोला बाजार व चट्टी बाजार में नई एलटी लाइन सर्किट बनाई गई है, जिससे लो-वोल्टेज व लोकल फाल्ट की समस्या का समाधान हुआ है।ढेबरूआ उपकेन्द्र के अन्तर्गत 7 किमी 11 केवी की नई फीडर लाइन तुलसियापुर हेतु बनाई गई,जिसे शुरू कर दिया गया है। इससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुचारू हुई है। शोहरतगढ़ विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में अतिरिक्तट्रांसफर्मरों की स्थापना व ट्रांसफर्मर क्षमतावृद्धि का कार्य सम्पन्न किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। बिजली की समस्याओं को दूर करने के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

छोटे पर्दे के कार्यक्रम

डीडी1 : अप. 01:00 रात्रि

फिल्म : 'बजाते रहो'

डीडी-1 05.30 वंदेमातरम, 05.31 आराधना, 06.00 रामलला आरती का आयोध्या से सीधा प्रसारण, 06.30 तुलसी रामायण, 07.00 गीता ज्ञान, 07.30 आरोग्य योग, 08.00 मॉर्निंग शो, 09.00 चित्राहार, 09.30 काकभूशंडी रामायण, 10.00 जस्ट जूनियर, 10.30 बुनियाद, 11.00 ससुराल झुनकी का, 11.30 फौजी2, 12.00 भेद भरम, 12.30 साइबर क्राइम, 01.00 हिंदी फीचर फिल्म, 04.00 अलिफ लैला, 05.00 बुनियाद, 05.30 देसी रसोई से, 06.00 पलटन, 06.30 संकट मोचन हनुमान, 07.00 हॉलीडे, 07.30 काकभूशंडी रामायण, 08.00 हम तो मिडिल क्लास हैं, 08.30 ससुराल झुनकी का, 09.00 फौजी2, 09.30 भेद भरम, 10.00 काकभूशंडी रामायण, 10.30 साइबर क्राइम, 11.00 सुराग।

जी टीवी 07.00 सरू, 07.30 जाने अनजाने हम मिले, 08.00 भीमा : अंधकार से अधिकार तक, 08.30 जागृति : एक नई सुबह, 09.00 वसुधा, 09.30 भाग्य लक्ष्मी, 10.00 सरू, 10.30 कुमकुम भाग्य, 11.00 वसुधा, 11.30 भाग्य लक्ष्मी, 12.00 जागृति : एक नई सुबह, 12.30 जाने अनजाने हम मिले, 01.00 सरू, 03.00 पारूल, 04.30 पवित्र रिश्ता, 06.00 संग हूं तेरे, 07.00 वसुधा, 07.30 सरू, 08.00 भाग्य लक्ष्मी, 08.30 जागृति : एक नई सुबह, 09.00 कुमकुम भाग्य, 09.30 जाने अनजाने हम मिले, 10.00 वसुधा, 10.30 जमाई नं.1, 11.00 सरू, 11.30 भाग्य लक्ष्मी।

स्टार प्लस 06.00 उड़ने की आशा, 06.30 कभी नीम नीम कभी शहद शहद, 07.00 अनुपमा, 07.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 08.00 एडवोकेट अंजलि अवस्थी, 08.30 कभी नीम नीम कभी शहद शहद, 09.00 अनुपमा, 09.30 उड़ने की आशा, 10.00 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10.30 झनक, 11.30 साथ निभाना साथिया, 06.30 गुम हैं किसी के प्यार में, 07.00 तू धड़कन मैं दिल, 07.30 जादू तेरी नजर डायन का मौसम, 08.00 कभी नीम नीम कभी शहद शहद, 08.30 एडवोकेट अंजलि अवस्थी, 09.00 उड़ने की आशा, 09.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 10.00 अनुपमा, 10.30 झनक, 11.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है।

सोनी 07.00 बेस्ट आफ द कपिल शर्मा शोज, 10.00 चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान, 10.30 आमी डाकिनी, 11.00 बड़े अच्छे लगते हैं, 11.30 बेस्ट आफ क्राइम पेट्रोल, 12.00 क्राइम पेट्रोल, 07.00 मेरे सांई : श्रद्धा और सबूरी, 07.30 चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान, 08.00 आमी डाकिनी, 08.30 बड़े अच्छे लगते हैं, 09.00 राधिका दिल से, 10.00 आमी डाकिनी, 10.30 बड़े अच्छे लगते हैं, 11.00 बेस्ट आफ क्राइम पेट्रोल।

डिस्कवरी 06.00 रिवर मॉन्स्टर्स, 07.00 ड्युअल सरवाइवल, 08.00 फर्स्ट मैन आउट, 09.30 मैन वर्सेस वाइल्ड, 10.30 यू हेव बीन वॉर्न्ड अगेन, 11.00 हिडन फ्रंटियर्स अरबिया, 01.00 मैन, वुमैन, वाइल्ड, 02.00 फूड फैक्ट्री, 03.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 05.00 रनिंग वाइल्ड विद बियर ग्रॉल्स, 06.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 07.00 मास्टर आफ आर्म्स, 08.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 09.00 एक्सपेडीशन अननॉन विद जोश गेट्स, 10.00 मैन वर्सेस वाइल्ड, 10.30 डिकोडिंग, 11.00 नेकिंग एंड एफ्रेड।

एनीमल प्लेनेट एचडी 07.00 द जू, 09.00 इन टू द वाइल्ड, 10.00 जस्ट एनीमल्स, 11.00 द जू, 01.00 इन टू द वाइल्ड, 02.00 जस्ट एनीमल्स, 02.45 वाइल्ड बाई नेचर, 03.10 द जू, 05.00 इन टू द वाइल्ड, 06.00 द जू, 07.00 कॉट इन मोशन, 08.00 द जू, 12.50 रिवर मॉन्स्टर्स।

सोनी बीबीसी अर्थ 07.30 वाइल्ड अलास्का, 08.00 द ग्रीन प्लेनेट, 10.00 एक्सट्रीम फिशिंग विद रॉबसन ग्रीन, 11.30 रिक स्टेन्स लॉग वीकेंड्स, 12.00 लास्ट मैन स्टेडिंग, 01.00 इनसाइड द फैक्ट्री, 02.30 डेडली 60, 03.30 द ग्रीन प्लेनेट, 05.00 लास्ट मैन स्टेडिंग, 06.00 इनसाइड द फैक्ट्री, 07.30 रिक स्टेन्स लॉंग वीकेंड्स, 08.00 जोअना लम्लेस सिल्क रोड, 09.00 लास्ट मैन स्टेडिंग।

टीवी की फिल्में

डीडी-1
01.00 अप. 'बजाते रहो'।

मूवीज नाउ
10.25 प्रातः 'लेडी ब्लडफाइट', 11.55 पूर्वा. 'लिटिल मॉन्स्टर्स', 03.15 अप. 'कन्स्टेंटाइन', 05.05 सायं 'द लेजो मूवी2', 06.50 सायं 'मि. एंड मिस. स्मिथ', 08.45 रात्रि 'नो टाइम नो डाइ', 11.25 रात्रि 'शेर्लाक हॉलमस'।

सोनी पिक्स एचडी
08.00 प्रातः 'स्पाइडर मैन2', 10.25 प्रातः 'हैल ब्यॉय', 12.30 अप. 'बुलेट ट्रेन', 02.35 अप. 'घोस्टबूस्टर्स', 06.30 सायं 'बैड ब्यॉयज', 08.35 रात्रि 'बैड ब्यॉयज2'।

& फिलिक्स एसडी
09.50 प्रातः 'डॉनी ब्रास्को', 11.55 पूर्वा. 'फ्युरी', 02.15 अप. 'आईपी मैन', 03.55 अप. 'जॉन विक चेप्टर3', 05.30 सायं 'ए बैड मॉम्स क्रिसमस', 07.15 रात्रि 'लाइफ', 09.00 रात्रि 'सिकारियो'।

राशिफल/पंचांग

बुधवार, 16 जुलाई, 2025

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र



दैनिक सूर्योदय : दिल्ली-प्रातः 05:33, काशी-प्रातः 05:17, कानपुर-प्रातः 05:25, पटना-प्रातः 05:08, देहरादून-प्रातः 05:26, गोरखपुर-प्रातः 05:13, लखनऊ-प्रातः 05:22 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्ली-रात्रि 07:20, काशी-सायं 06:50, कानपुर-रात्रि 07:03, पटना-सायं 06:42, देहरादून-रात्रि 07:20, गोरखपुर-सायं 06:51, लखनऊ-रात्रि 07:01 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्ली-रात्रि 10:57, काशी-रात्रि 10:35, कानपुर-रात्रि 10:46, पटना-रात्रि 10:26, देहरादून-रात्रि 10:53, गोरखपुर-रात्रि 10:33, लखनऊ-रात्रि 10:43। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्ली-प्रातः 10:45, काशी-प्रातः 10:21, कानपुर-प्रातः 10:32, पटना-प्रातः 10:12, देहरादून-प्रातः 10:42, गोरखपुर-प्रातः 10:19, लखनऊ-प्रातः 10:29 बजे। राहुकाल 12:00 बजे से 13:30 बजे। राष्ट्रीय आषाढ़ 25, शक् संवत् 1947। श्रावण कृष्ण षष्ठी, संवत् 2082, सौर (वृषभ) आषाढ़ मास की 32, प्रविष्टें। मोहर्रम 20, हिजरी 1447 (मुस्लिम)। ग्रीष्म ऋतु। श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी रात्रि 09:03 बजे तक, तदन्तर सप्तमी तिथि शुरु। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र प्रातः 05:47 बजे तक, तदन्तर उराभाद्रपद नक्षत्र शुरु होकर अर्द्धरात्रियोत्तर 04:51 बजे तक उदित रहेगा, तदन्तर रेवती नक्षत्र शुरु। शोभन योग पूर्वा. 11:57 बजे तक, तदन्तर अतिगण्ड योग शुरु।

-- दैनिक राशिफल --

मेष : पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा। नई सफलताओं से खुद की क्षमता का एहसास करेंगे। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

बृषभ : परिजनों के भावनात्मक सहयोग से उत्साहित होंगे। नियोजित परिश्रम से कार्य पूर्ति होने के आसार बनेंगे। कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

मिथुन : धार्मिक एवं अध्यात्मिक कार्यों की ओर मन केंद्रित होगा। सगे-संबंधों के बीच व्यवहार कुशल बनें। घर में बैठे-बैठे बोरियत होगी। निकट संबंधों के बीच मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें।

कर्क : कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से नये उत्साह का संचार होगा। मन को रचनात्मक कार्यों की ओर केंद्रित करें। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

सिंह : रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

कन्या : भावनाओं पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

तुला : परिजनों के बीच सब कुछ सामान्य होगा किंतु कुछ शंकाएं परेशान करेंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय होगा।

वृश्चिक : यह समय ईश्वरीय आस्था एवं सदकार्य का कहा जाएगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। महत्वपूर्ण कार्यों में आलस्य का त्याग करें। मन को ज्यादा से ज्यादा सकारात्मक व रचनात्मक दिशा दें।

धनु : कुछ नये घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतर्मुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी विचारों को मन में कतई स्थान न दें।

मकर : मन को कुछ रचनात्मक कार्य की ओर केंद्रित करें। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी होंगी। कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। परिजनों की बातों को महत्व दें।

कुंभ : क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन को परेशान करेंगी। बीती बातों को भूलने की चेष्टा करें। यह समय काफी अच्छा कहा जाएगा। अपनी रचनात्मकता को साकार रूप देने के लिए तत्पर रहेंगे।

मीन : नौकरी में अधिकारियों व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। नकारात्मक चिंताओं को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। कुछ आर्थिक समस्याओं को लेकर मन परेशान कहा जाएगा।

फागू बाबा के मजार को तोड़ने में लगे बुलडोजर व तैनात प्रशासन व पुलिस के लोग। फोटो : एसएनबी

प्रशासन ने ध्वस्त करा दिया फागु बाबा का मजार

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौखड़ा में स्थित फागु बाबा के मजार को आज प्रशासन ने यह कहते हुए ध्वस्त कर दिया कि उक्त मजार पशुचर की जमीन पर बना हुआ है। अपर जिलाधिकारी गौरव कुमार श्रीवास्तव तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार के अगुवाई में भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ भोर 3 बजे से मजार को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू की गई जो सुबह होते-होते पूरी हो गई। सनद हो कि 25 जून को डुमरियागंज के पूर्व विधायक ने उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को पत्र लिखकर उक्त मजार के पशुचर के जमीन में होना बताया था साथ ही यह भी कहा था कि यहां रात में अनैतिक कार्य भी होते हैं जिसके चलते 26 जून से वहां आवागमन रोक दिया गया और पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई। इसके अलावा 2 महीने के लिए निषेधाज्ञा भी लागू हो गई। प्रशासन द्वारा मजार कहां पर स्थित है इसकी जांच की गई तो पाया गया की पशुचर के जमीन में मजार स्थित है। जिसके क्रम में उसे ध्वस्त करने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर आज अपर जिला अधिकारी गौरव कुमार श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार भारी संख्या में कई थानों की पुलिस तथा पीएसी के जवानों के साथ जेसीबी लेकर भोर 3 बजे मजार में पहुंच गए और मजार को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जो सुबह तक जारी रहा। मजार का मलवा भी वहां से हटा दिया गया। अब सब कुछ साफ कर दिया गया है।

किसी को नहीं लगी भनक

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत चौखड़ा में स्थित फागु बाबा की मजार को प्रशासन ने आज बुलडोजर लगाकर ध्वस्त कर दिया। मजार दस्त होने की किसी को कानों कान भनक नहीं लगी। भर 3 बजे अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल जेसीबी के साथ मजार पर पहुंचा जब तक सुबह होती मजार को नष्ट कर दिया गया। मजार के मलवे को हटाकर साफ कर दिया गया है।

बताते चलें कि उक्त मजार 105 साल पुराना बताया जा रहा है जहां पर हर बृहस्पतिवार को भारी संख्या में हिंदू-मुस्लिम महिलाएं/पुरुष पहुंचकर जियारत करती थी। लोगों का ऐसा मानना था कि मजार पर आने से मन्नते पूरी होती हैं। लोग चद्दर भी चढ़ाते थे तथा सिन्नी भी बाटते थे। लोगों का कहना यह भी कहना है कि वह स्थान 105 साल पुराना है ऐसे में पशुचर की जमीन में कैसे आ सकता है। हो जो भी प्रशासन ने आज उक्त मजार को बुलडोजर के साथ ध्वस्त कर दिया गया। हालांकि मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। मामला शांतिपूर्वक खत्म हो गया। पूर्व विधायक का कहना है कि फागु बाबा हिंदू थे जबरदस्ती उन्हें धर्मातरण कर वहां मुस्लिम संप्रदाय के लोगों द्वारा अपनी व्यवस्थाएं की गई और उनका नाम फागु शाह बाबा रखवा दिया गया और वहां झाड़-फूंक चलने लगा जिससे काफी कमाई होने लगी। प्रत्येक बृहस्पतिवार को यहां मेला लगता रहा लेकिन अब सब कुछ खत्म हो गया है। हालांकि इस बारे में दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा कुछ नहीं कहा गया। पूर्व में जब आवागमन रोक दिया गया था तो वर्तमान विधायक श्रीमती से ज्यादा खातून ने इस पर सवाल उठाया था लेकिन आज उनके द्वारा भी कुछ नहीं कहा गया। इस बारे में अपर जिलाधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पक्ष के जमीन से अवैध मजार को हटाया गया है। हो ना हो आज पहली बार किसी मजार पर बाबा का बुलडोजर चलाया गया है। सूत्रों की माने तो कुछ और ऐसे चिन्हित स्थान है जहां बुलडोजर चलाया जा सकता है।

प्रशासन ने कहा डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के चौखड़ा में पशुचर के जमीन में स्थित था मजार

लोगों का कहना है कि 105 साल पुराना मजार आखिर कैसे हुआ पशुचर, जबकि उस समय था ब्रिटिश राज

मीडिया को भी नहीं जाने दिया गया

डुमरियागंज (एसएनबी)। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के चौखड़ा ग्राम पंचायत में स्थित फागु बाबा के मजार को आज प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया। सुरक्षा को देखते हुए कई थानों की पुलिस एवं पीएसी तैनात की गई थी। अपर जिलाधिकारी,अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ इटावा, सीओ डुमरियागंज एवं तहसीलदार डुमरियागंज मौजूद रहे। 3 बजे सुबह ध्वस्थिकरण का कार्य जेसीबीद्वारा शुरू किया गया।जो सुबह तक खत्म हो गया। सुरक्षा इतनी चुस्त रही कि मीडिया कर्मियों तथा पब्लिक को नहीं जाने दिया गया।

मंदिर चौराहे पर मना जश्न डुमरियागंज (एसएनबी)। फागु बाबा के मजार के ध्वस्ती करण के बाद डुमरियागंज मंदिर चौराहे पर लोगों ने जश्न मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा मुख्यमंत्री व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह को धन्यवाद दिया।

पूर्व विधायक ने दिया प्रशासन को धन्यवाद

डुमरियागंज (एसएनब)। डुमरियागंज के पूर्व भाजपा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील क्षेत्र के ग्राम चौखड़ा में स्थित फागु बाबा के मजार को ध्वस्त करने के लिए प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री के कार्यकाल में ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। अवैध मदरसों तथा अवैध मजारों को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डुमरियागंज तहसील के ग्राम चौखड़ा (बदलिया) स्थित फागु प्रसाद बाबा की मजार फागु शाह का नाम देकर मजार का रूप दिया गया था। यहां तक की इटवा के सपा विधायक व पूर्व सपा राज्यसभा सांसद ने अपने बजट से कम करवरकर निंदनीय कार्य किया। उन्होंने कहा जब उन्हें इसका पता चला तो प्रशासन को चिट्ठी लिखा प्रशासन ने जांच कराई तो पता चला की मजार पशुचर की जमीन में है। जिसके क्रम में बड़ी कार्यवाही करते हुए प्रशासन ने तथाकथित मजार को आज ध्वस्त कर दिया। उन्होंने प्रशासन के लोगों को धन्यवाद भी दिया।

डीएम ने सुनी पूर्व सैनिकों की समस्याएं

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। जिला सैनिक कल्याण एवं पनुर्वास समिति की बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी द्वारा पूर्व सैनिको की समस्याओं को सुना गया। जिलाधिकारी द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु संबधित अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कैप्टन नरेश शर्मा को निर्देश दिया कि पूर्व सैनिकों को मिलने वाली सुविधाओ का बोर्ड पर अंकन कराकर लगवाये। सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए।

बैठक करते जिलाधिकारी। फोटो : एसएनबी

परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन कराएं

बढ़या (एसएनबी)। सर्व शिक्षा अभियान के तहत सरकार द्वारा चलाये जा रहे स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के सभी अभिभवकों को अपने नजदीक के परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामांकन अवश्य कराना चाहिए। जिससे निः शुल्क व अनिवार्य शिक्षा का लाभ सभी बच्चों को मिल सके। इसके साथ ही सभी बच्चे विभाग द्वारा प्राप्त हुए निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का सदुपयोग पढ़ाई में अवश्य करें।
उक्त जानकारी बीडीओ खुनियांव ओम प्रकाश सिंह यादव ने बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अगया पर संचारी रोग नियन्त्रण,स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने एवं निः शुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण समारोह में दिया है। बाद उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी खुनियांव ओम प्रकाश सिंह यादव ने दिया।उन्होंने बताया कि कई प्रकार के लाभ सरकार द्धारा बच्चो को दिया जा रहा है।जसे पाने के लिए अपने बच्चो का नामांकन सरकारी स्कूलों में अवश्य कराएं । विशिष्ट अतिथि सीडीपीओ खुनियांव मोहम्मद अरशद ने बताया कि शिक्षा वह पूंजी है ,जिसे कोई बांट नहीं सकता है। कार्यक्रम के आयोजक बी ई ओ खुनियांव महेन्द्र कुमार ने बताया कि आज स्कूल चलो अभियान व पुस्तक वितरण का उद्देश्य शिक्षा को समाज से जोड़ना है। सभी अभिभावक अपने पाल्यों को प्रतिदिन स्कूल भेजें तथा उनकी प्रगति विद्यालय पर आकर जरुर बताएं। उन्होंने सभी लोगों से संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने का अनुरोध भी किया। उक्त रैली में गांव भ्रमण के दौरान बच्चे अपने हाथों में तख्तियों पर लिखे स्लोगन पढ़ेंगे, पढ़ाएंगे, देश का मान बढ़ाएंगे। मम्मी पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चल कर नाम लिखाओ। अनपढ़ होना है अभिशाप, अब न रहेंगे अंगूठा छाप। घर घर विद्या दीप जलाओ, अपने बच्चे सभी पढ़ाओ। शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, जिससे चलती पीढ़ी है। सौ रोगों की एक दवाई, साफ सफाई साफ सफाई । सहित कई नारों से लोगों को जागरूक किया है।कार्यक्रम में बीईओ महेन्द्र कुमार, प्रभारी प्रधानाध्यापक शहनवाज, राकेश प्रताप ,राज किशोर शर्मा,अभय पांडेय,प्रकाश नाथ त्रिपाठी, उमेश चन्द्र, अताउल्लाह,दिनेश अग्रहरी ,सतेंद्र यादव, अभिषेक मिश्र, दिनेश शर्मा, रमेश खरवार, प्रमिला गौड़, संजीव कुमार वैश्य, हरिश्चंद्र, लाल बहादुर, बुद्धिराम वरुण, आशुतोष पाण्डेय, राजेश दूबे, सुधा मिश्रा, राजीव रंजन,सहित भारी संख्या में शिक्षक,अभिभावक, ग्रामवासी तथा छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन बाल कृष्ण मिश्र ने किया।

जागरूकता रैली व निः शुल्क पुस्तक वितरण

बेटी बेटा एक समान, शिक्षा देती सबको मान

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। जिले के मिठवल ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय बघिनी नानकार के बच्चों ने अपने सेवित क्षेत्र में में स्कूल चलो अभियान जागरूकता रैली निकाल कर जन समुदाय को जागृत किया। मंगलवार को विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा निकाली गई रैली में बेटी बेटा एक समान, शिक्षा देती सबको मान, विद्या है अनमोल रतन, पढ़ने का सब करो जतन तथा पढ़ी लिखी लड़की रौशनी है घर की आदि गगनचुंबी नारे लगाते हुए आसपास के टोलों में पहुंचे और लोगों से अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजने का अनुरोध किया। जागरूकता रैली को खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल धर्मेंद्र कुमार पाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्ता , विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन कुमार शर्मा, सहायक अध्यापक अवधेश चन्द्र मिश्र, अंकुर लाल श्रीवास्तव, अमृता अग्रहरि, गीता मिश्रा,संध्या मिश्रा एवं आंगनवाड़ी सहायिका हनुमंता देवी आदि की सक्रिय उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

स्कूल चलो अभियान गूंजा नारा

इसी क्रम में विकास खंड बर्डपुर के ग्राम पंचायत बर्डपुर नम्बर 10 में स्थित पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मधुबेनिया में सर्व शिक्षा अभियान के तहत ष्स्कूल चलो अभियान, विशेष नामांकन पखवाड़ा तथा संचारी की रोग नियंत्रणष आदि के जन जागरुकता के उद्देश्य से रैली निकाली गई। रैली को पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मधुबेनिया से सभी बच्चे अपनेअपने हाथों में, पूरे बस्ती में गूंजे नारा, शिक्षा है अधिकार हमारा। बच्चे मांगे प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो। स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर मधुबेनिया, भदवल कलयानपुर का भ्रमण करते हुए पुनः विद्यालय पर आकर समाप्त हुई।

रैली निकालते शिक्षक व बच्चे। फोटो : एसएनबी

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने छात्र छात्राओं अभिभावकों और उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा, प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है, इसीलिए पूर्णतया निःशुल्क रूप से बच्चों को पाठ्य पुस्तक, ड्रेस, जूता मोजा, बैग, कपी कलम, फल, दूध, मध्यान्ह भोजन, खेल की सामग्री, स्मार्ट क्लास आदि की व्यवस्था सरकार द्वारा की जाती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे इन सभी सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपने बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में अवश्य नामांकन कराएं। और प्रयास करें कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।

रैली के दौरान शिक्षक संकुल शमशुल हक, प्रधानाध्यापक सेराज अहमद, कामिनी गुप्ता, बैतुल्लाह, केशव मणि मिश्र, संजय कुमार, दीक्षा राय, मनीषा वर्मा, संजय राव, विजय लक्ष्मी, शारदा श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता सारिका श्रीवास्तव, प्रमिला श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

स्कूल चलो अभियान की निकली गई रैली

सिद्धार्थनगर(एसएनबी)। न्याय पंचायत दुल्हा दरम्यानी के कम्पोजिट विद्यालय रमजान नगर से स्कूल चलो अभियान रैली तथा संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम एव शिक्षक संकुल मीटिंग किया गया। रैली एव बैठक की अध्यक्षता खण्ड शिक्षा बर्डपुर रामू प्रसाद ने किया। बैठक मे - स्कूल चलो अभियान, विद्यालय प्रबन्धन समिति के सहयोग से अभिभावक संपर्क, समग्र नामांकन, शतप्रतिशत उपस्थित एव ठहराव, टूल किट, टाइम एवं मोशन पर चर्चा किया गया। रैली तथा बैठक मे नोडल शिक्षक संकुल राम सेवक, संकुल शिक्षक राम वेलास, अभिमन्यु गुप्ता, कालीचरण चौधरी, राम बहादुर गुप्ता , विभा यादव, राम कुमार वर्मा, विशम्भर लाल, मीना आदि एनपीआरसी दूल्हा दरमियानी के शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

11 अभ्यर्थियों को मिला कौशल यूथ आईकान सम्मान

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बसडिलिया सिद्धार्थनगर में कौशल विकास मिशन व राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सिद्धार्थनगर के संयुक्त तवावधान में विश्व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारम्भ मुख्य अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कौशल विकास मिशन व डीडीयू-जीकेवाई के उपलब्धियों का वीडियों के माध्यम से प्रस्तुतिकरण, डीडीयू, आईटीआई, कौशल विकास योजना अंतर्गत सेवायोजित सर्वश्रेष्ठ 11 अभ्यर्थियों को कौशल यूथ आईकान सम्मान,किया गया। रोजगार मेले में चयनित 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र, डीडीयू प्राइवेट आईटीआई, कौशल विकास के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रशिक्षण प्रदाताओं को सम्मानित किया गया। कौशल विकास, आईटीआई के अभ्यर्थियों द्वारा निर्मित वस्तुओं का स्टाल लगाया गया जिस पर मुख्य अतिथि द्वारा स्टालों का निरीक्षण करने के साथ साथ लड्डू गोपाल के कपड़े व आसन, चाभी रिंग की खरीदारी की गयी।
कार्यक्रम में सत्यदेव दूबे नोडल प्रधानाचार्य जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, संतोष कुमार व अमित कुमार मिश्रा, जिला प्रबन्धक कौशल विकास, शिवाकान्त मिश्रा, जिला कार्यकम प्रबन्धक, विपिन चौधरी, संजीव मिश्रा, राकेश मौर्य, राजेश सिंह, अमित सिंह, रवि केश कुमार आदि उपस्थित रहें। संचालन अमित कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

विधायक ने किया रोजगार मेले का उदघाटन

इसी क्रम में नगर पंचायत कपिलवस्तु स्थित चौधरी रामराज पब्लिक स्कूल बर्डपुर में मंगलवार को बच्चों को यूनिफर्म वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।
समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक श्याम धनी राही, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष प्रधान संगठन संघ सिद्धार्थनगर डाक्टर पवन मिश्र ग्राम प्रधान अलीपुर पंकज चौबे उपस्थित रहे। जिनके द्वारा सैकड़ो बच्चों को लोवर और शर्ट का वितरण किया गया, जिस प्रकार बच्चों के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दिया सदर विधायक श्याम धनी राही का कहना था कि बहुत सारे ऐसे बच्चे होते हैं जो जुलाई माह में तत्काल ड्रेस नहीं बनवा पाए और यह पहला विद्यालय है जिन्होंने अपने निजी खर्चे से बच्चों को ड्रेस विपरीत किया। इसी संदर्भ में डा. पवन मिश्रा ने कहा कि आप लोग मन लगाकर पढ़िए जहां भी हमारी जरूरत होगी हम उपस्थित होंगे। प्रधान पंकज चौबे ने भी बच्चों को अपने भाषण में मन लगाकर पढ़ने और आगे बढ़ाने की सलाह दी।संचालन निजाम सर ने किया। इस दौरान श्रीराम जायसवाल, मोहम्मद मुस्तफा, शकील अहमद, विनय वर्मा, पाटेश्वरी चौधरी व विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रजीत मिश्र, मंटू यादव, उपेंद्र कुमार, अनूप चौधरी, बृजेश चौधरी, बिना उपाध्याय, अपर्णा रावत, पूजा चौधरी उपस्थिति रही।

दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारम्भ करते सदर विधायक ,सम्मानित किए गए बच्चे व पार्क का उदघाटन करते विधायक। फोटो : एसएनबी

संक्षिप्त खबरें

नाबालिग बच्चें बरामद

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। सदर थाने की पुलिस ने डेढ़ घण्टे के अन्दर ग्राम महनगा से गुमशुदा 2 नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद करने में सफलता हासिल किया है। सदर थानाक्षेत्र के ग्राम महनगा के रहने वाले समीर व रामशंकर द्वारा सदर थाने की पुलिस को यह लिखित सूचना दिया गया कि जीशान पुत्र समीर (10 वर्ष) व अनूप पुत्र रामशंकर (11 वर्ष) घर से दिनांक 14 जुलाई 2025 को बिना बताए कहीं गायब हो गये तथा काफी खोजबीन के बाद नहीं मिल रहे हैं । थाना सिद्धार्थनगर पर उनके पिता द्वारा दिये गये लिखित सूचना के आधार पुलिस अधीक्षक ड अभिषेक महाजन क के आदेश पर सदर थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा सूचना के मात्र डेढ़ घंटे के अन्दर नाबालिग बच्चों को रेलवे स्टेशन सिद्धार्थनगर से सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया।पुलिस द्वारा की गई इस कार्यवाही का लोगों द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा किया जा रहा है।बच्चो को सकुशल बरामद करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक जालन्धर प्रसाद मुख्य आरक्षी संजय यादव, विनय यादव, प्रमोद ओझा.आरक्षी रामेश्वर यादव का सराहनीय योगदान रहा।

फांसी लगा व्यक्ति ने की आत्महत्या

खुनुवा(एसएनबी)। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनुवा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत अठकोनियां में मंगलवार की सुबह एक अधेड़ व्यक्ति ने घर के उपर बने टीन शेड की पाइप में गमछा से फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है ध। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का नाम गुलाम मुर्तजा उर्फ पन्ना उम्र करीब 50 वर्ष है।मृतक की पत्नी तहरून्निशा ने बतायी कि मंगलवार की सुबह छः बजे अपने पति गुलाम मुर्तुजा उर्फ पन्ना उम्र लगभग 50 वर्ष को चाय देकर खेत में निराई करने अपने अन्य परिजनों के साथ चली गई। लगभग सात बजे घर से सूचना मिली कि उसका पति घर के उपर बनें टीन शेड के लगे पाइप में गमछा बांधकर आत्महत्या कर लिया है। पत्नी ने घर आकर देखी तो सकते में आ गई। परिवार में मृतक के पत्नी के साथ पांच बेटे में 3 बेटा और एक बेटी की शादी हो गई है। जबकि समशाद व पप्पी की शादी अभी नहीं हुई है।इस सम्बन्ध में खुनुवा पुलिस चौकी इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मृतक के बेटे अख्तर हुसैन के दिए प्रार्थना पत्र में उसने लिखा है कि किसी कारण वश मंगलवार की सुबह मेरे पिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस घटना की जांच कर आगे की कार्यवाही कर रही है।



बीएड : अनुचित साधन प्रयोग करता एक छात्र धराया

सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)। जनपद मुख्यालय स्थित बुद्ध विद्यापीठ पीजी कलेज नौगढ़ में रही बीएड की वार्षिक परीक्षा में आज दिनांक एक परीक्षार्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया । बुद्ध विद्यापीठ पीज़ी. कलेज को बीएड. परीक्षा 2024-25 के लिए सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु द्वारा परीक्षा केन्द्र बनाया गया है,जिसमे जनपद के दो महाविद्यालयों चौधरी महावीर प्रसाद मेमोरियल महाविद्यालय हथियहवा और सर्वजीत कौशल पब्लिक महाविद्यालय , पेंडारी बुजुर्ग के लगभग 250 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं । यह परीक्षा प्रातः कालीन सत्र (7 बजे से 10 बजे तक) मे संचालित हो रही है। आज प्रथम वर्ष की परीक्षा में कक्ष में निरीक्षण के दौरान एक परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया और उनके पास से नकल सामग्री प्राप्त हुई । प्राचार्य एवं केंद्राध्यक्ष प्रो. अभय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़े गए परीक्षार्थियों के विरुद्ध तत्काल लिखित कार्यवाही करते हुए विश्वविद्यालय को अवगत करा दिया गया है।

शिक्षकों ने सजाया टीएलएम

बानगंगा(एसएनबी)। ब्लाक संसाधन केन्द्र बढ़नी के प्राथमिक विद्यालय हलौरा में मंगलवार को न्याय पंचायत बसहिया शिक्षक संकुल की मासिक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें शिक्षक संकुल क्षेत्र के अध्यापकों ने प्रतिभाग कर हैण्ड आउट, प्रिंटरिच सामग्री, गणित, विज्ञान किट,संदर्शिका, इको क्लब मिशन फर लाइफ, स्पोर्ट क्लब, गणित, रीडिंग क्लब, निपुण लक्ष्य एप्प, शिक्षण सामग्री सामग्री व शिक्षण में नवाचार पर चर्चा किया। सभी शिक्षकों ने विद्यालय में बेहतर नामांकन, प्रभावी कक्षा शिक्षण को रोचक बनाने को लेकर सुझाव साझा किये। प्राथमिक विद्यालय हलौरा की प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह द्वारा विद्यालय के टी एल एम की प्रदर्शनी लगाकर उसकी उपयोगिता पर जानकारी साझा किया। अलग-अलग सत्र विभाजन कर सभी उपस्थित शिक्षक संकुल ने विचार रखे।सभी शिक्षक संकुल द्वारा बैठक के समापन पर डीसीएफ भरा। इस दौरान नोडल शिक्षक संकुल ड आशुतोष सिंह,संकुल श्याम लाल गुप्ता, संदीप शुक्ला, ऋषि यादव,सीमा सिंह, राजेश कुमार यादव, राम नारायण, हरगोविंद चौरसिया, राकेश गिरी, सर्वेश कुमार, पीयूष वर्मा,नैन पाल, प्रमेश कुमार, अजय कुमार, सर्वेंद्र त्रिपाठी, अभिनव त्रिपाठी, अरविन्द दयाल ,नोडल शिक्षक संकुल आदि लोग मौजूद रहे।

धार्मिक सद्भाव को तोड़ना चाहती है भाजपाःइमरान

डुमरियागंज (एसएनबी)। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर इमरान लतीफ ने फागू शाह बाबा की मजार पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी और स्थानीय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि फागू शाह बाबा का मजार क्षेत्र में हिन्दू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है, लेकिन भाजपा के एक पूर्व विधायक के इशारे पर प्रशासन ने संविधान को ताक पर रखकर यह कार्रवाई की है।इंजीनियर लतीफ ने इस घटना को ष्बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि मजार को ध्वस्त करने के दौरान पवित्र इस्लामिक ग्रंथ कुरान सहित अन्य धार्मिक प्रतीकों का अपमान किया गया है। उन्होंने इस कृत्य को धार्मिक सद्भाव को बिगाड़ने और नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने वाला बताया।आप नेता ने प्रशासन की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि इस मामले की गहन जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। लतीफ ने दोहराया कि आप प्रदेश में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने प्रदेश सरकार से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने का आग्रह किया।

एक पेड़ मां के नाम विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

बर्डपुर (एसएनबी)। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की स्वायत्त इकाई मेरा युवा भारत सिद्धार्थनगर के तत्वाधान मे एवं जिला युवा अधिकारी अनुराग यादव के निर्देशानुसार आज आदर्श पब्लिक हाई स्कूल महापाली मे श्एक पेड़ मां के नामश विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे विद्यालय प्रबंधक दीपेंद्र कुमार चौधरी रहे।इस अवसर पर प्रबंधक दीपेंद्र चौधरी ने ने कहा कि ऐसे प्रतियोगिता से बच्चों का सृजनात्मक एवं रचनात्मक विकास होता है और बच्चों का सर्वागीण विकास होता हैप्रतियोगिता मे प्रथम स्थान महिमा कन्नौजिया,द्वितीय स्थान बंदना चौधरी व तृतीय स्थान अंजली कन्नौजिया ने प्राप्त किया।सभी बच्चो को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक अजय कुमार गुप्त ने किया।

बच्चों ने रैली निकाल किया शिक्षा के प्रति जागरूक

बांसी ,(एसएनबी)। प्राथमिक विद्यालय बांसी प्रथम में मंगलवार को निःशुल्क पुस्तक वितरण किया गया और सर्व शिक्षा अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांसतिक कार्यक्रम पेश किया जिसकी लोगो ने सराहना किया।कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बांसी नीरज कुमार सिंह बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक भेंटकर किया। पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार सिंह और सभासद अशफाक अहमद ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। कार्यक्रम के अंत में सर्व शिक्षा अभियान के तहत विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मुदिता सिंह, दीपक कुमार गुप्ता ,साधना, सरिता, प्रियंका, नीरजा आलिया आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

राष्ट्रीय सहारा
गोरखपुर • बुधवार • 16 जुलाई • 2025
www.rashtriyasahara.com

अनमोल वचन

प्रकृति अपरिमित ज्ञान का भंडार है, पत्ते-पत्ते में शिक्षापूर्ण पाठ हैं, परंतु उससे लाभ उठाने के लिए अनुभव आवश्यक है
-हरिऔध

बेलगाम नहीं आजादी

नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। देश के हर नागरिक को उच्चतम न्यायालय की इस नसीहत पर अमल करना चाहिए। आत्म नियमन के अभाव में कई बार इस आजादी के नाम पर अपमानजनक काम हो जाते हैं चाहे वह कोई रचना हो या टिप्पणी। ऐसे काम समाज को दूषित कर सकते हैं या वैमनस्य बढ़ा सकते हैं। स्थिति आगे बढ़कर विभाजनकारी सोच को मजबूत करते हुए साम्प्रदायिक सौहार्द को भी बिगाड़ सकती है। ऐसी स्थिति की पूर्व कल्पना किसी भी काम से पहले कर लेनी चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ

वजाहत खान नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही है। खान पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक हिन्दू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। उसके खिलाफ पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं। खान ने एक अन्य सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनोली के खिलाफ एक वीडियो में कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने के लिए शिकायत दर्ज कराई थी। खान के वकील ने शीर्ष अदालत में कहा कि ऐसे पोस्ट के जवाब में आपत्तिजनक टिप्पणियां नहीं की जानी चाहिए। न्यायालय को लगता है कि लोगों के लिए सोशल मीडिया पोस्ट पर गाइडलाइन होनी ही चाहिए। पीठ ने सवाल किया कि नागरिक स्वयं संयम क्यों नहीं रख सकते? लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मोल समझना ही चाहिए। ऐसा नहीं होने की स्थिति में राज्य का हस्तक्षेप अवश्यंभावी है जो कोई नहीं चाहता। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता 100 फीसद पूर्ण अधिकार नहीं हो सकता, लेकिन नागरिक इस स्वतंत्रता का दुरुपयोग कर रहे हैं। प्रतिबंध होंगे तो सीमा से बाहर जाने पर कानून का भय रहेगा। पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर उचित प्रतिबंधों को सही बताया। उच्चतम न्यायालय को इस बात पर भी गौर करना चाहिए कि सोशल मीडिया मंच किस तरह लोगों को हदें तोड़ने को प्रोत्साहित कर रहे हैं। किसी के भी खिलाफ कुछ भी लिख दो, अश्लील से अश्लील सामग्री पोस्ट कर दो। धर्म के खिलाफ अनर्गल प्रलाप कर दो, सब बिना किसी रोक के प्रकाशित हो रहा है। सबसे पहले इनकी खबर ली जानी चाहिए। धन के लिए इन्हें समाज को क्षति पहुंचाने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

निजता और मजबूती

सुप्रीम कोर्ट ने ताजा फैसले में कहा है कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इसका सबूत है कि उनकी शादी मजबूत नहीं चल रही है। इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है। पीठ ने पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया। जिसमें कहा है, दंपति के दरम्यान गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा 122 के तहत संरक्षित है, इसका प्रयोग न्यायिक कार्रवाई में नहीं किया जा सकता। पीठ ने निचली अदालत के आदेश को बहाल रखते हुए कहा, वैवाहिक कार्यवाही के दौरान रिकॉर्ड की गई बातचीत को संज्ञान लिया जा सकता है। यह मामला बठिंडा की कुटुंब अदालत के फैसले पर आधारित है, जिसमें पति को फोन कॉल वाली सीडी का सहारा लेने की अनुमति दी गई थी। पत्नी ने इस फैसले

को हाईकोर्ट में चुनौती दी। उसका तर्क था कि यह रिकॉर्डिंग उसकी सहमति या जानकारी के बगैर थी, जो निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अदालत द्वारा इसे कानूनी रूप से अनुचित भी ठहराया गया। मगर सबसे बड़ी अदालत ने माना कि जब विवाह ऐसे स्तर पा पहुंच गया है, जहां दंपति एक-दूसरे की सक्रियता पर नजर रख रहे हों। यह अपने-आपमें रिश्ता तोड़ने का लक्षण है। हालांकि पीठ ने स्वीकारा कि इस तरह के साक्ष्यों को अनुमति देने से घरेलू सौहार्द व वैवाहिक संबंध खतरे में पड़ सकता है। देश में तलाक बेहद जटिल प्रक्रिया है। न्यायिक झंझटों, आरोपों-प्रत्यारोपो, साक्ष्यों सरीखी दिक्कतों के चलते कई दफा दंपति आपसी सहमति से अलग तो जाते हैं मगर तलाक नहीं लेते। हालांकि सच तो यह भी है कि अभी भी अपने समाज में न्यूनतम संबंध विच्छेद होते हैं। जो धीरे-धीरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतिम प्राप्त आंकड़ों के अनुसार देश में केवल चौदह लाख लोग तलाकशुदा है। यहां बुरी से बुरी शादी भी सामाजिक/पारिवारिक दबाव में चलाई जाती रहती है। बेहद नाजुक संबंध होने के बावजूद विवाह परिवार का मुख्य केंद्र है। मगर वैवाहिक जीवन में दरारें, मन-मुटाव, संदेह, छल या विवाहेतर संबंधों की अनदेखी कई बार मुश्किल हो जाती है। तलाक के निमयों को काफी आसान बनाए जाने के बावजूद अड़चने कम नहीं की जा सकीं हैं। रिश्ता तोड़ने को आमादा दंपति को बेशक एक मौका देना चाहिए। मगर यदि वे साथ रहने को ही राजी नहीं तो किसी भी अदालत, समाज या परिवार को उन्हें जबरन एक-दूसरे पर थोपने को बाध्य नहीं करना चाहिए।

चिंता/मुनीष भाटिया

पानी-पानी होते शहर

शहरों में जलभराव एक ऐसी समस्या है जो हर साल, खासकर मानसून के दौरान, एक भयावह रूप ले लेती है। देश के 'स्मार्ट सिटी' कहे जाने वाले महानगरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक, थोड़ी सी बारिश में सड़कें नदियों और गलियां तालाबों में तब्दील हो जाती हैं। इस स्थिति में सारा दोष सीधे तौर पर प्रशासन पर मढ़ दिया जाता है और इसमें कोई संदेह नहीं कि उनकी अपनी मजबूरियां हैं, लेकिन यह समझना भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है कि यह केवल 'सिस्टम फेल' होने का मामला नहीं है, बल्कि नागरिकों की बेपरवाही का भी एक बड़ा योगदान है। यह एक जटिल समस्या है जिसके कई पहलू हैं, और इसका समाधान भी बहुआयामी दृष्टिकोण से ही संभव है।

हाल के दिनों में देश के कई हिस्सों में भारी बारिश ने स्मार्ट सिटी की पोल खोल कर रख दी है। मुंबई, दिल्ली, गुरुग्राम, पटना, लखनऊ, कोलकाता और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों से लेकर छोटे-छोटे कस्बों तक हर ओर पानी ही पानी दिखाई दिया। निचले इलाकों में घरों में पानी भर गया, वाहन बहते नजर आए, और सड़कों पर नावें चलती दिखीं। इस साल की जुलाई की शुरुआत में ही मुंबई में मात्र दो दिनों की बारिश ने लोकल ट्रेन सेवाओं को ठप कर दिया। कई स्कूल-कॉलेज बंद करने पड़े। दिल्ली-एनसीआर में कई मुख्य सड़कों पर 3-4 फीट तक पानी भर गया, जिससे घंटों तक ट्रैफिक जाम लगा रहा। गुरुग्राम की आईटी कंपनियों में कामकाजी लोग ऑफिस तक नहीं पहुंच सके। लखनऊ में एक अस्पताल की आपातकालीन सेवाएं ठप हो गईं क्योंकि जलभराव ने एंबुलेंस को प्रवेश ही नहीं करने दिया। शहरों की जल निकासी प्रणाली बेहद जर्जर हालत में है। कई जगहों पर सीवर और नालों दशकों पुराने हैं, जिन्हें सुधारा नहीं गया है। पानी-पानी होते शहर की समस्या केवल इंजीनियरिंग या प्रबंधन की नहीं है, बल्कि सामाजिक व्यवहार और नागरिक चेतना का भी प्रश्न है। जब प्रशासन के साथ साथ नागरिक भी अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाएंगे, तभी वास्तव में स्मार्ट और स्वच्छ शहरों का सपना साकार हो सकेगा। यह एक साझा लड़ाई है जिसे मिलकर ही जीत सकते हैं।

यह मानव पूंजी क्रांति है

नीति आयोग

राव इन्द्रजीत सिंह

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में प्रगति का सही मापदंड सिर्फ जीडीपी के आंकड़ों या बुनियादी ढांचे की उपलब्धियों में नहीं है, बल्कि इस बात में है कि कोई राष्ट्र अपने लोगों का कितने अच्छे तरीके से पोषण करता है। मानव पूंजी-अर्थात हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता-सिर्फ एक आर्थिक संपत्ति नहीं है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीति थिंक टैंक, नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन जबरदस्त क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश के सबसे मूल्यवान संसाधन अपने नागरिकों में निवेश करने के तरीके को एक नया रूप दिया है।

एक ऐसे देश में जहां 65 फीसद से ज्यादा आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है, जनसांख्यिकी लाभांश एक पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर है, लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार बहुत बड़ी जिम्मेदारी लेकर आता है। चुनौती युवा ऊर्जा को आर्थिक वृद्धि और राष्ट्रीय विकास के लिए एक कारक में बदलने की है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है-जो न केवल आज की प्रगति के लिए बल्कि कल की समृद्धि के लिए भी एक रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी इंजन और क्रियान्वयन भागीदार के रूप में उभरा है, जो डेटा, सहयोग और मानव-केंद्रित डिजाइन से समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है।

इसने नीति निर्माण को शीर्ष-स्तरीय अभ्यास से राज्यों, निजी भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और नागरिक समाज के साथ सह-निर्माण की एक गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत सिर्फ योजना बनाने में नहीं है, बल्कि सुनने में है-और उन अंतर्दृष्टि को कार्रवाई में बदलने में है। शिक्षा, जो मानव पूंजी का आधार है, ने इसके मार्गदर्शन में पूरी तरह से पुनः कल्पना की साक्षी रही है। यह मानते हुए कि केवल अधिगम ही पर्याप्त नहीं है, नीति आयोग ने गुणवत्ता और समानता पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहां इसने एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, ने एक नये युग की शुरुआत की-रटने की शिक्षा से आलोचनात्मक सोच, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण की ओर बदलाव। इसने प्रारंभिक बाल्य शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षा और विषयों के बीच निर्बाध पारगमन पर जोर दिया। अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से, इसने जवाबदेही और कल्पनाशक्ति अर्थात दोनों को सुनिश्चित किया -10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को शामिल किया जो अब पूरे देश भर में फैले हुए हैं। 21वीं सदी के लिए भारत के युवाओं को कौशल प्रदान करना इसके मिशन का एक और आधारशिला रही है। कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने से लेकर

आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के केंद्र तक व्यावसायिक कार्यक्रमों को पहुंचाने तक, नीति आयोग ने क्लास रूम और आजीविका के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। स्किल इंडिया मिशन के तहत प्रौद्योगिकी, उद्योग संबंधों और मांग-संचालित पाठ्यक्रम को मिलाकर तैयार की गई पहलों के माध्यम से 1.5 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया गया है। यह केवल प्रशिक्षण के प्रयोजन से नहीं था बल्कि इसने क्षेत्रीय जरूरतों और डिजाइन किए गए कार्यक्रमों का मानिचत्रण किया जिसने भारत के ग्रामीण और शहरी युवाओं के लिए समान रूप से वास्तविक आर्थिक अवसर खोले हैं। समानांतर में, इसने एक गतिशील, समावेशी श्रम बाजार का समर्थन किया।

इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार सरलीकृत संहिताओं- मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंधों और व्यावसायिक सुरक्षा को तर्कसंगत बनाने का समर्थन किया। इन सुधारों ने श्रमिकों की सुरक्षा के साथ नियोक्ता अनुकूलन को संतुलित किया। नीति आयोग ने वास्तुकार को प्रतिक्रियाशील उपचार से सक्रिय लोक कल्याण की ओर स्थानांतरित करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निगरानी की गई प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने जमीनी स्तर पर प्राथमिक देखभाल की। कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली के प्रबंधन की अभूतपूर्व परीक्षा ली जैसा पहले कभी नहीं हुआ था। इस संकट में, नीति आयोग मजबूती से खड़ा रहा- संक्रमण पैटर्न को मॉडल करने, न्यायसंगत चिकित्सा संसाधन आवंटन सुनिश्चित करने और टेलीमेडिसिन के लिए ई-संजीवनी जैसे प्लेटफार्मों को रोल आउट करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ साझेदारी की। महामारी के बाद के दृष्टिकोण ने न केवल स्वस्थ होने पर जोर दिया, बल्कि तत्परता पर भी जोर दिया-सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी तंत्र पर जोर दिया।

इन क्षेत्रों के अलावा, नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए एक प्रकाशस्तंभ साबित हुआ है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल नवाचार मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए एक उर्वर ईकोसिस्टम का निर्माण किया। आज हजारों स्टार्ट-अप्स फिनटेक, एजटेक, एग्रीटेक, हेल्थ-टेक और स्वच्छ ऊर्जा में सफल हो रहे है क्योंकि उन्हें नीतिगत समर्थन, इंक्यूबेशन और महत्त्वपूर्ण चरणों पर मार्गदर्शन मिला। ये केवल व्यवसाय नहीं हैं; ये नौकरी पैदा करने वाले और समस्याओं को हल करने वाले है, जो एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे है। किंतु इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इस बात में निहित है कि इसने साक्ष्य आधारित नीति निर्माण की परम्परा को संस्थागत बनाया है।

नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्टरियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। ऐसा करके, यह एक थिंक टैंक से कहीं बढ़कर बन गया है। यह एक युवा, महत्त्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है-एक ऐसा भारत जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कार्य को सम्पूर्ण करता है। और इस कहानी के केंद्र में यह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप न केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था बनाते हैं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र भी बनाते हैं।

(लेखक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वियन मंत्रालय; योजना मंत्रालय एवं राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय हैं। लेख में विचार निजी हैं)

नीति आयोग ने विकास के बारे में चर्चा को आगे बढ़ाया है, हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति को सबसे ऊंची इमारतों या सबसे बड़ी फैक्टरियों से नहीं मापा जाता है, बल्कि लोगों की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापा जाता है। ऐसा करके, यह एक थिंक टैंक से कहीं बढ़कर बन गया है। यह एक युवा, महत्त्वाकांक्षी भारत की नब्ज बन गया है-एक ऐसा भारत जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कार्य को सम्पूर्ण करता है

बच्चों के लिए स्क्रीन टाइम फायदेमंद भी



- स्क्रीन टाइम बच्चों के लिए हानिकारक या फायदेमंद, दोनों हो सकता है। स्पेन की यूनिवर्सिटी नेब्रिजा में किए गए एक अध्ययन से पता चला है कि स्क्रीन के ज्यादा और अनियंत्रित इस्तेमाल से बच्चों में ध्यान, भाषा सीखने और भावनात्मक विकास में बाधा आ सकती है
- अध्ययन के मुताबिक, अगर स्क्रीन का उपयोग एजुकेशनल कंटेंट और परिवार के साथ इंटरैक्शन के दौरान किया जाए तो यह दिमागी विकास, ध्यान और भाषा में सुधार कर सकता है

(स्रोत : मीडिया इन्पुट्स)



बिहार में 'स्पेशल इंटेसिव रिवीजन' (**SIR**) लागू करने का तरीक़ा दोषपूर्ण है। ऐसा पुनरीक्षण कभी नहीं हुआ! इससे करोड़ों वैध वोटर अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाएंगे। **SIR** की कार्यनीति हमारी डेमोक्रेसी को बुल्डोज करेगी! इसकी नीति और नीयत में खोट है। आशा है, सुप्रीम कोर्ट न्याय करेगा!

उर्मिलेश, पत्रकार
@UrmileshJ

समोसा और जलेबी से सावधान

स्वास्थ्य और स्वाद **ललित गर्ग**

भारत जैसे विविधताओं वाले देश में जहां हर नुक्कड़ पर समोसे की महक और जलेबी की मिठास लोगों को आकर्षित करती है, वहीं यह स्वादिष्ट व्यंजन अब स्वास्थ्य के लिए खतरे की घंटी बनते जा रहे हैं। हमारी परंपराओं और खानपान में गहराई से जुड़े समोसा, कचोरी और जलेबी जैसे तली-भुनी और अत्यधिक मीठी चीजें अब मोटापा, मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों का प्रमुख कारण बन गई है। इन्हीं कारणों से देशभर में एक जागरूकता अभियान शुरू करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए जनजागृति अभियान शुरू हुआ है। तले हुए व्यंजनों के उपभोग को कम करने की दिशा में किया जा रहा यह प्रयास सराहनीय एवं बढ़ती स्वास्थ्य चिंताओं को देखते हुए क्रांति का शंखनाद है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'फिट इंडिया अभियान' के तहत तेल और चीनी का उपभोग कम करने का आह्वान किया था। केंद्र सरकार की सक्रियता से जैसे सिगरेट के पैकेट पर स्वास्थ्य चेतावनी होती है, ठीक वैसी ही चेतावनी इन तैलीय और मीठे खाद्य पदार्थों के बारे में जारी होगी। बड़े पैमाने पर इस बात का प्रचार रेडियो एवं अन्य टीवी चैनलों के माध्यमों से किया जा रहा है कि तैलीय या जरूरत से ज्यादा मीठे खाद्य पदार्थों के उपभोग से दूर रहा जाए।

मोटापे एवं अन्य असाध्य बीमारियों की गंभीर स्थिति से जुड़े चौंकाने वाले तथ्य चिंताजनक है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ चीनी और ट्रांस वसा को मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग के मुख्य कारणों में गिनते हैं। भारत में हर 5 में से 1 व्यक्ति मोटापे का शिकार है, और इसके पीछे मुख्य कारण अत्यधिक तला-भुना भोजन है। दुनिया में मोटापे के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है। डब्लूएचओ के अनुसार, भारत में डायबिटीज के मरीजों की संख्या 2045 तक 13.4 करोड़ तक पहुंच सकती है, जो दुनिया में सबसे अधिक होगी। बच्चों में बढ़ती मोटापे की दर का एक बड़ा कारण स्कूलों के आसपास मिलने वाले समोसा, कचौरी, बर्गर जैसी चीजें हैं। समोसा और कचोरी जैसी चीजों को बार-बार एक ही तेल में तला जाता है, जिससे उसमें ट्रांस फैट और कैंसरकारी तत्व (ऐक्रिलामाइड) पनपने लगते हैं। ये हृदय की धमनियों को सख्त कर देते हैं और कोलेस्ट्रॉल बढ़ाते हैं। जलेबी को चीनी के गाढ़े सिरप-चासनी में डुबोया जाता है, जिससे शरीर में तुरंत ग्लूकोज की मात्रा बढ़ती है। यह स्थिति इंसुलिन रेजिस्टेंस, टाइप-2 डायबिटीज और फैटी लिवर

जैसी बीमारियों को न्योता देती है। समोसा और कचोरी में मैदा का अत्यधिक उपयोग होता है, जो पाचन को धीमा करता है। इससे गैस, कब्ज, अम्लपित्त और मोटापा जैसे विकार उत्पन्न होते हैं। भारत में रसोई का अभिन्न हिस्सा है तेल, परंतु आज जिस प्रकार से हर व्यंजन में अत्यधिक तेल का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, इससे मोटापा भारत की बड़ी स्वास्थ्य समस्या बन गई है, उसने अन्य अनेक बीमारियों को प्रोत्साहन देते हुए स्वास्थ्य संकट को जन्म दे दिया है। तले-भुने खाद्य पदार्थ जैसे समोसा, कचोरी, पकौड़ी, पूड़ी, जलेबी, फास्ट फूड, आदि मोटापा, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह जैसी बीमारियों का कारण बनते जा रहे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य संस्थानों को कैफेटेरिया और सार्वजनिक स्थानों पर साफ तौर पर 'तेल और चीनी के चेतावनी बोर्ड' लगाने का निर्देश दिया गया है। ये सूचनात्मक पोस्टर खासे लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में वसा और चीनी की मात्रा को उजागर करेंगे। तले हुए और चीनी से भरपूर खाद्य पदार्थों को हतोत्साहित करने का समय आ गया है। इसकी शुरुआत अस्पतालों में चल रहे लापरवाह रेस्तरां से होनी चाहिए। तमाम रेस्तरां और मिष्ठान भंडारों पर इस चेतावनी को लटकाना आवश्यक है। ऐसा नहीं है कि लोग समोसा या जलेबी खाना छोड़ देंगे, पर उनमें सजगता आएगी। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. बिमल छाजेड़ पिछले तीन दशकों से 'जीरो ऑयल' की खानपान पद्धति के माध्यम से हृदय रोगियों का प्रभावी इलाज कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

प्रधानमंत्री ने स्वस्थ जीवनशैली के सूत्र प्रस्तुत करते हुए जनता से आह्वान किया है कि तेल का सीमित उपयोग करते हुए पकवानों को तलने के बजाय भूनें, उबालें या भाप में पकाएं। शारीरिक गतिविधि बढ़ाने के लिये रोजाना योग, प्राणायाम, टहलना या व्यायाम करें। खानपान में नियंत्रण सबसे बड़ा उपचार है। अतः बचाव के उपाय जरूरी हैं। पिछले दिनों, हर व्यक्ति से अपने भोजन में तेल की खपत को दस प्रतिशत तक कम करने की अपील की गई है। कुछ लोग अवश्य सुधार की ओर बढ़े होंगे और अब जब समोसे, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थों पर चेतावनी रहेगी, तो खानपान में सुधार की गति को और बल मिलेगा। आज जरूरत है कि हम सिर्फ स्वाद के गुलाम न बनें, बल्कि अपने शरीर की सुनें। एक जिम्मेदार समाज वही है जो अगली पीढ़ी को स्वाद के नाम पर बीमारियां नहीं, स्वस्थ आदतें सौंपे। एक ऐसी पीढ़ी तैयार हो रही है, जो स्वाद के पीछे स्वास्थ्य को त्याग रही है। यह चेतावनी नहीं, चेतना का संदेश है कि यदि अब भी नहीं सुधरे, तो आने वाली पीढ़ियां बीमारियों से जूझती रहेंगी। गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले महकमों और अधिकारियों को युद्ध स्तर पर सक्रिय होना पड़ेगा, तभी हम फिट इंडिया के ख्वाब को साकार कर पाएंगे।

माफी **श्रीराम शर्मा आचार्य**

मित्रो कर्म के आधार पर प्रत्येक अध्यात्मवादी को क्षत्रिय होना चाहिए, क्योंकि 'सुखिनः क्षत्रियाः पार्थ लभन्ते युद्धमीदृशम' अर्थात इस प्रकार के युद्ध को भाग्यवान क्षत्रिय ही लड़ते हैं। बेटे, अध्यात्म एक प्रकार की लड़ाई है। स्वामी नित्यानन्द जी की बंगला की किताब है 'साधना समर।' 'साधना समर' को हमने पढ़ा, बड़े गजब की किताब है। मेरे ख्याल से हिन्दी में इसका अनुवाद शायद नहीं हुआ है। उन्होंने इसमें दुर्गा का, चंडी का और गीता का मुकाबला किया है। उन्होंने ज्यों का त्यों सारे के सारे दुर्गा पाठ को गीता से मिला दिया है और कहा है कि साधना वास्तव में समर है। समर मतलब लड़ाई, महाभारत। यह महाभारत है, यह लंकाकाण्ड है। इसमें क्या करना पड़ता है? अपने आप से लड़ाई करनी पड़ती है, अपने आप की पिटाई करनी पड़ती है, अपने आप की धुलाई करनी पड़ती है और अपने आप की सफाई करनी पड़ती है। अपने आप से सख्ती से पेश आना पड़ता है। हम बाहर वालों के साथ जितनी भी नरमी कर सकते हैं वह करें। दूसरों की सहायता कर सकते हैं, उन्हें क्षमा कर सकते हैं, दान दे सकते हैं, उदार हो सकते हैं, दूसरों को सुखी बनाने के लिए जितना भी, जो कुछ भी कर सकते हो, करें, लेकिन अपने साथ, अपने साथ हमको हर तरह से कड़क रहना चाहिए, अपनी शारीरिक वृत्तियों और मानसिक वृत्तियों के विरुद्ध हम जल्लाद के तरीके से, कसाई के तरीके से इस तरह से खड़े हो जाएं कि हम तुमको पीटकर रहेंगे, तुमको मसलकर रहेंगे, तुमको कुचलकर रहेंगे। अपनी इंद्रियों के प्रति हमारी बगावत इस तरह की होनी चाहिए और अपनी मनःस्थिति के विरुद्ध बगावत इस स्तर की होनी चाहिए। हम अपनी मानसिक कमजोरियों को समझें, न केवल समझें, न केवल क्षमा मांगे, वरन उनको उखाड़ फेंके। गुरुजी, क्षमा कर दीजिए। बेटे, क्षमा का यहां कोई लाभ नहीं, अंग्रेजों के जमाने में जब कांग्रेस का आंदोलन शुरू हुआ था, तब यह प्रचलन था कि माफी मांगिए, फिर छुट्टी पाइए। जब अंग्रेजों ने देखा कि ये तो माफी मांगकर छुट्टी ले जाते हैं, फिर दोबारा आ जाते हैं। उन्होंने कहा ऐसा ठीक नहीं है, जमानत लाइए पांच हजार रुपये की। जो जमानत लाएगा, उसी को हम छोड़ेंगे, नहीं तो नहीं छोड़ेंगे।

रीडर्स मेल

खोखली अवधारणा

गुरुग्राम की 25 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की हत्या केवल पारिवारिक हिंसा नहीं, बल्कि पितृसत्तात्मक मानसिकता और सामाजिक प्रतिष्ठा की खोखली अवधारणा की क्रूर परिणति है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी राधिका ने अपनी टेनिस अकादमी के माध्यम से आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की एक समाजवादी मिसाल कायम की थी, लेकिन 10 जुलाई 2025 को उनके पिता दीपक यादव ने रिश्तेदारों की टिप्पणियों और बेटी की आर्थिक सफलता से आहत होकर उसपर तीन गोलियां उतार दीं। पुलिस की जांच ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह हत्या सोशल मीडिया की रील्स नहीं, बल्कि पुरुष वर्चस्व और सम्मान के खोखले ढांचे की रक्षा में की गई थी। यह घटना हमें दर्शनशास्त्र के उस बिंदु पर लाकर खड़ा करती है जहां व्यक्ति स्वतंत्रता को नियंत्रण से बदल देता है और सम्मान को स्वामित्व से। अस्तित्ववादी दृष्टिकोण से देखें तो दीपक यादव अपनी सामाजिक असफलता का उत्तर दूसरों की सफलता को समाप्त कर के देना चाहता था-यही वह दार्शनिक पतन है जहां हिंसा जन्म लेती है।

अवनीश कुमार गुप्ता, आजमगढ़

जमानत मिलनी चाहिए

क्या इस बार शर्जिल इमाम एवं उमर खालिद जैसे मानवाधिकारवादियों एवं कार्यकर्ताओं को जमानत मिल पाएगी? मुझे तो लगता नहीं कि ऐसा हो पाएगा क्योंकि इन लोगों के खिलाफ जो एफआईआर दर्ज हुए हैं वो साफ तौर पर यह दर्शाता है कि सरकार इन्हें हर कीमत पर प्रताड़ित एवं दण्डित करना चाह रही है। इसलिए नहीं कि इनलोगों ने सरकारी नीतियों की आलोचना की है बल्कि इनका अपराध यह है कि ये सब के सब एक विशेष समुदाय से आते हैं। अगर इन लोगों ने सच में अपराध किए हैं तो फिर इनके खिलाफ उपलब्ध सबूत को पेश कर जल्द से जल्द इन्हें सजा सुना दिया जाए। 'जमानत नियम और जेल अपवाद है' वाला नियम को न अदालत मान रहीं है और न अभियोजन पक्ष मान रहा है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि सबसे बड़ा लोकतंत्र सचमुच में एकतंत्रवाद के गिरफ्त में फंस चुका है। यही वजह है कि इन कार्यकर्ताओं के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं होने के कारण ही इनपर मुकदमा एवं सुनवाई शुरू ही नहीं करने दिया जा रहा है। अगर शुरू हो जाएगा तो सभी बाइज्जत बरी हो जाएंगे।

जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

दोहरा मापदंड नहीं चलेगा

पटना में अनेक विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में गहन परीक्षण के विरुद्ध मोर्चा निकालकर धरना दिया तथा अपनी मंशा साफ कर दी कि वे चुनाव सुधार के खिलाफ हैं। विडंबना यह है कि जिन राज्यों में इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों को हार की संभावना होती हैं, वहां ये अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ने की भूमिका तैयार करने लगते हैं। कभी ईवीएम का विरोध करते हैं, कभी मतदाताओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए मतदाता सूची के गहन परीक्षण का। इसके विपरीत जहां उनकी सरकार बनती हैं, वहां न तो मतदाता सूची का विरोध करते हैं, न ही ईवीएम को अपनी जीत का श्रेय देते हैं। ऐसी दोहरी मानसिकता से कैसे कोई इनपर विश्वास करेगा?

सुधाकर आशावादी, मेरठ

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण
वर्ष-26 , अंक 169

सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **जिया कादरी** द्वारा राष्ट्रीय सहारा काम्पलेक्स, पार्क रोड, गोरखपुर में मुद्रित तथा प्रकाशित।
। वरिष्ठ स्थानीय संपादक -पीयूष बंका। स्थानीय संपादक-दीप्त भानु डे *।
गोरखपुर कार्यालय- पी.बी.एक्स- 0551-2202362, 63, 64, फैक्स- 0551-2202365
आर.एन.आई.सं.यू.पी.ए.आई.एन./2000/1707
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), साथी श्री नारायण सिंह पंवार जी को जन्मदिन की आत्मीय बधाई! मां जालपा देवी से आपके उत्तम स्वास्थ्य, सुदीर्घ और मंगलमय जीवन की कामना करता हूं। -शिवराजसिंह चौहान@ChouhanShivraj

कैबिनेट व राज्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण

■ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने चित्रकूट में बाढ़ से प्रभावितों को राहत किट बांटी

■ राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने ललितपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में डोर-टू-डोर निरीक्षण किया

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार के मंत्रिगण प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों में जाकर राहत कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री, जलशक्ति विभाग स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को चित्रकूट और बांदा जनपदों का तथा राज्यमंत्री, जलशक्ति विभाग, रामकेश निषाद ने मंगलवार को जनपद ललितपुर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित एवं संभावित बाढ़/अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया और मौके पर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत, बचाव व पुनर्वास की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रामघाट पहुंचकर बाढ़ प्रभावित दुकानदारों, व्यापारियों और किसानों से बातचीत की। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षतिग्रस्त दुकान, प्रतिष्ठान और मकान का समुचित सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाए, ताकि प्रभावितों को राहत राशि तत्काल उपलब्ध कराई जा सके। इस दौरान उन्होंने भजन संध्या स्थल पर आपदा राहत किट का वितरण भी किया। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए कि प्रभावित इलाकों में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए।

इसी क्रम में कैबिनेट मंत्री ने जनपद बांदा के चिल्लाघाट स्थित मदनपुर पम्प नहर तट से यमुना नदी के जल प्रवाह का निरीक्षण किया। उन्होंने अधीक्षण अभियंता सिंचाई से तहसील पैलानी एवं सदर क्षेत्र में संभावित बाढ़ की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि यमुना और केन नदियों के जलस्तर पर सतत निगरानी रखी जाए।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही राज्यमंत्री, जलशक्ति विभाग, रामकेश निषाद ने मंगलवार को जनपद ललितपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने तहसील महरौनी के ग्राम पड़वा में पैदल चलकर डोर-टू-डोर जाकर लोगों से वार्ता की और फसल तथा मकान की क्षति का स्थलीय सत्यापन किया। ग्रामीणों द्वारा दी गई सूचना पर उन्होंने राजस्व अधिकारियों को तत्काल लेखपालों के माध्यम से ग्रामवार सर्वे कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने नगर क्षेत्र स्थित गोविन्द सागर बांध का भी निरीक्षण किया और राजघाट निर्माण खण्ड के अधिशासी अभियंता से बांध की क्षमता, जलस्तर व निकासी की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी दशा में बांधों और तालाबों को निर्धारित सीमा से अधिक न भरा जाए तथा जल निकासी से पूर्व प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया, मुनादी और सायरन के माध्यम से समय से पूर्व सूचना लोगों तक पहुंचाई जाए।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संरक्षक मनोनीत

लखनऊ (एसएनबी)। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से उनके सरकारी आवास पर मंगलवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व राज्यमंत्री डॉ.केसी पाण्डेय के नेतृत्व में ब्राह्मण महासभा, परशुराम सेना तथा महिला ब्राह्मण सभा के प्रदेशभर से आये पदाधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा ने सर्वसम्मत प्रस्ताव पास करके ब्रजेश पाठक को ब्राह्मण महासभा का प्रदेश संरक्षक मनोनीत किया।

उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है, हमारी सरकार सभी के विकास के लिए कार्य कर रही है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ही ब्राह्मणों का सबसे पुराना संगठन है। डॉ. के सी पाण्डेय ने कहा कि सरकार अविलम्ब ब्राह्मण कल्याण बोर्ड और सवर्ण आयोग का गठन करे, जिससे विशाल ब्राह्मण समाज की समस्याओं के समाधान का संवैधानिक अधिकार मिल सके। सभा का संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ एस के शुक्ला ने किया। इस अवसर पर ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम बाबू मिश्र, परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप पाण्डेय, महिला ब्राह्मण सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वन्दना चतुर्वेदी, राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव पंडित पूर्णिमा पाण्डेय, गिरिजा त्रिपाठी, प्रशान्त पाण्डेय, पंकज चतुर्वेदी, प्रद्युम्न द्विवेदी, पी एस मिश्र, शिवशंकर दूबे, डॉ अतुल दूबे ने विचार व्यक्त किए।

भ्रष्टाचार के दलदल में धंसी योगी सरकार

■ गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे, जल जीवन मिशन, पुल-पुलिया हर योजना में लूट का खेल

लखनऊ (एसएनबी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि योगी राज में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त हो चुके हैं। प्रदेश का कोई ऐसा विभाग नहीं बचा, जहां लूट, कमीशनखोरी और संवेदनहीनता की इंतहा न हो।

अखिलेश ने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की 7 हजार करोड़ की परियोजना पहली बारिश में ही दरक गई। चित्रकूट के करोड़ों के पुल के अप्रोच मार्ग धंस गए। जल जीवन मिशन की पानी की टंकियां टूट रही हैं, पाइप लाइनें फट रही हैं, सड़कें बिखर रही हैं ये सब प्रमाण हैं कि योगी सरकार का हर ठेका घोटाले की पैदाइश है। उन्होंने कहा कि लूट का ये खेल केवल सड़कों और पुलों तक सीमित नहीं है। थाने, तहसील, ट्रांसफर-पोस्टिंग, इंवेस्ट यूपी, अवैध खनन हर जगह भ्रष्टाचार की खुली मंडी चल रही है। लखनऊ की सड़कों पर हल्की बारिश में नाले उफनने लगे है, शहर जलमग्न है और लोग नालों में बह रहे हैं। ठाकुरगंज में खुले नाले में गिरकर सुरेश लोधी की मौत को अखिलेश यादव ने सरकार की संवेदनहीनता की पराकाष्ठा बताया। मुख्यमंत्री के तेवरों को उन्होंने महज दिखावा बताते हुए कहा कि ऊपर से नीचे तक पूरा सिस्टम भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहा है।

जलभराव के चलते पैसेंजर ट्रेनें 31 तक निरस्त

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मैलानी-नानपारा रेलखंड के भीराखेरी-पलिया कलां स्टेशनों के मध्य वाटर लॉगिंग (जलभराव) के कारण कई पैसेंजर ट्रेनें निरस्त कर दी गयी है। रेलवे प्रवक्ता ने बताया कि 52261/52262 एवं 52263/52264 नानपारा-मैलानी-नानपारा पैसेंजर ट्रेनों को निरस्तीकरण 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि-पत्र
ई-निविदा सूचना सं० -DYCE-CON-LJN-EPC-04-2025 जो दिनांक: 30-07-2025 को 11:00 बजे खुलनी थी, वह अब दिनांक: 14-08-2025 को 11:00 बजे खोली जायेगी। इस सूचना का शुद्धिपत्र http://ireps.gov.in वेबसाइट पर भी लोड कर दिया गया है।
उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I
मुजाधि/डब्लू-160 लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धि-पत्र संख्या-3
ई-निविदा संख्या : उप मु०इं०-नि०-1-जीकेपी-पी एम एस- 3-2025 खुलने की तिथि : 30.07.2025, कार्य का नाम - "पूर्वोत्तर रेलवे के आनंद नगर - घुघुली नई बीजी रेलवे लाइन परियोजना के संबंध में घुघुली (छोड़कर) और महराजगंज (सहित) खंड (लंबाई: 24.500 किमी) की नई सिंगल ब्रॉड गेज लाइन के सिविल इंजीनियरिंग कार्यों, विद्युतीकरण कार्यों और सिग्नलिंग कार्यों के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)" के सम्बन्ध में आमंत्रित उपरोक्त निविदा हेतु शुद्धि पत्र संख्या 2 जारी कर दिया गया है। इससे सम्बन्धित विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।
उप मुख्य इंजीनियर/ निर्माण-1/
मुजाधि/डब्ल्यू - 161 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/ इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/ लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु, आनलाइन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है :- (1)ई-निविदा संख्या: NER-LJN-2025-123, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल :- नकहा जंगल स्टेशन पर पानी की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आरसीसी ओवर हेड टैंक (25000 गैलन) के साथ गहरे ट्यूबवेल का प्रावधान।, अनुमानित लागत (रू) : 8014717.88, अग्रिम धन (रू) : 160300.00, समापन अवधि - 06 माह 1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2025-123 के लिये ई-निविदा दिनांक 05.08.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम् अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाईट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें। मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,
मुजाधि/डब्ल्यू-157 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

बैंक तीन माह तक प्रदेश में चलाएंगे वित्तीय समावेशन अभियान

ग्राहकों को साइबर खतरों से बचाने को होगा एआई का इस्तेमाल : शैलेन्द्र सिंह

लखनऊ (एसएनबी)। बैंक उपभोक्ताओं खासकर ग्रामीण नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने के लिये बैंक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद लेंगे। बैंक आफ बड़ौदा के आंचलिक प्रमुख एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उप्र) के संयोजक शैलेन्द्र कुमार सिंह ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केंद्र सरकार वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये एक जुलाई से 30 सितंबर के बीच देश भर में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चला रही है जिसके जरिये विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है।

अभियान के दौरान ग्रामीण नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव के लिये नागरिकों को ओटीपी साझा न करना, फिशिंग ईमेल्स, फर्जी कॉल्स व अन्य डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से ग्रामीण नागरिकों के साथ हो रही धोखाधड़ी से बचने के लिये लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान बैंकों द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की 57702 ग्राम पंचायतों में कम से कम एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शून्य शेष राशि पर प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाता खोले जा रहे हैं। केवल 436 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर दो लाख रुपये के जीवन बीमा के लिये प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में लोगों का नामांकन किया जा रहा है। केवल 20 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर दो लाख रुपए का दुर्घटना बीमा कवर के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में ग्रामीणों को नामांकन कराया जा सकता है। एक हजार से 5000 रुपये प्रति माह तक की गारंटीकृत पेंशन के लिए अटल पेंशन योजना का लाभ लोगों को पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीणों को अपने बैंक खातों को मनी मूल खाते के रूप में इस्तेमाल होने से बचाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। मनी मूल वह व्यक्ति होता है जिसके बैंक खाते का इस्तेमाल किसी अवैध या धोखाधड़ी से कमाए गए पैसे को एक जगह से दूसरी जगह ट्रांसफर करने के लिए किया जाता है।

खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में लोगों को मिल रहा रोजगार : केशव

लखनऊ (एसएनबी)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में उद्यमियों को प्रोत्साहन व सुविधाएं देने के हर सम्भव प्रयास किये जा रहे हैं। इस सेक्टर में प्रदेश में बहुत तेजी से काम करते हुए जहां किसानों के उत्पादों को प्रसंस्कृत कराते हुए उनके भण्डारण आदि के बारे में सार्थक कदम उठाये गये हैं, वहीं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को इससे जोड़कर महिला सशक्तीकरण की दिशा में प्रभावी व ठोस कार्य किये गये हैं। यही नहीं खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के क्रांतिकारी कदम उठाये गये हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है, यहां सबसे अधिक खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग स्थापित हैं। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 65000 से अधिक खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित हैं। लगभग 2800 इकाइयां लगभग 100 करोड़ टर्न ओवर वाली हैं। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत है जो कि देश में प्रथम स्थान पर है। पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत 17900 से अधिक इकाइयों को स्वीकृति प्रदान की गयी है।

पूर्वोत्तर रेलवे शुद्धिपत्र
निविदा संख्या 26255059, जो दिनांक 15.07.2025 को खुलने वाली थी एवं निविदा सूचना संख्या 32 दिनांक 16.06.2025 के अंतर्गत मद संख्या 07 में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है

मद सं.	मद विवरण	वर्तमान प्रविष्टि	अब पढ़ा जाए
07	एनआईटी हेडर (निविदा आइटम)	आई आर एस स्पेसिफिकेशन T-44-2023 (सेकण्ड रिविजन)	आई आर एस स्पेसिफिकेशन एस.एल सं T-44 (थर्ड रिविजन)
	मद विवरण	आई आर एस स्पेसिफिकेशन T-44-2023 (सेकण्ड रिविजन)	आई आर एस स्पेसिफिकेशन एस.एल सं T-44 (थर्ड रिविजन)
	निविदा खुलने की तिथि	15/07/2025	31/07/2025

अन्य सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी। नोट: उपरोक्त निविदा सूचना को पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ner.indianrailways.gov.in एवं भारत सरकार की वेबसाइट www.tenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
मुजाधि/एस-24 वरिसाप्र/II
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

पूर्वोत्तर रेलवे ई-नीलामी सूचना
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के आवंटन हेतु ई-नीलामी (E-Auction) किया जाना है।
आक्शन कैटलाग नम्बर: BSBCATERING42025

खानपान स्टाल/ट्राली के आवंटन का विवरण	GMU/SMU	अवधि	ई-नीलामी की तिथि	ई-नीलामी का समय
किड़िहरापुर स्टेशन के PF-01	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 12:30 बजे तक
जखनियाँ स्टेशन के PF-02	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 12:40 बजे तक
झूसी स्टेशन के PF-2/3	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 12:50 बजे तक
पनियहवा स्टेशन के PF-01	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 13:00 बजे तक
मुफ्तीगंज स्टेशन के PF-1	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 13:10 बजे तक
पचरूखि स्टेशन के PF-01	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 13:20 बजे तक
रेवती हाल्ट स्टेशन के PF-01	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 13:30 बजे तक
सादात स्टेशन के PF-02	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 13:40 बजे तक
चितबड़ागाँव स्टेशन के PF-01	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 13:50 बजे तक
दुल्लहपुर स्टेशन के PF-2/3	GMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 14:00 बजे तक
करिमुद्दीनपुर स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 14:10 बजे तक
पनियहवा स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 14:20 बजे तक
हंडिया खास स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 14:30 बजे तक
सहतवार स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 14:40 बजे तक
रसड़ा स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 14:50 बजे तक
खड्डा स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 15:00 बजे तक
डोभी स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 15:10 बजे तक
लार रोड स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 15:20 बजे तक
फेफना स्टेशन के PF-01	SMU	05वर्ष	28-07-2025	12:00 से 15:30 बजे तक

आक्शन कैटलाग नम्बर: BSBMPS32025

मल्टी परपज स्टाल के आवंटन का विवरण	MPS	अवधि	ई-नीलामी की तिथि	ई-नीलामी का समय
पडरौना स्टेशन के PF-01	MPS	05वर्ष	28-07-2025	10:00 से 10:30 बजे तक
खैरा स्टेशन के PF-01 (In Middle)	MPS	05वर्ष	28-07-2025	10:00 से 10:40 बजे तक
जीरादेइ स्टेशन के PF-01 (In Middle)	MPS	05वर्ष	28-07-2025	10:00 से 10:50 बजे तक
माधो सिंह स्टेशन के PF-01 (In Middle)	MPS	05वर्ष	28-07-2025	10:00 से 11:00 बजे तक
युसुफपुर स्टेशन के PF-01 (In Middle)	MPS	05वर्ष	28-07-2025	10:00 से 11:10 बजे तक

नोट: • ई-नीलामी (E-Auction) IREPS पोर्टल पर ऑनलाईन होगी। • ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के लिये इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- (Non Refundable) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण (One Time Registration) कराना आवश्यक है। साथ ही उसके पास SBI (स्टेट बैंक आफ इण्डिया) में करेंट खाता हो जिसे IREPS पोर्टल से लिंक करना आवश्यक होगा। EMD कांट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 10% (अर्नेस्ट मनी दस प्रतिशत) होगी जिसका भुगतान/कटौती आनलाइन उसी खाते से होगी। • ई-नीलामी (E-Auction) से संबंधित नियम एवं शर्तो की सम्पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in) के E-Auction leasing Section मे उपलब्ध है।
मुजाधि/वाणिज्य-85 सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

यतीमखाना मामले में आजम खान की याचिका पर सुनवाई 28 को

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूर्व कैबिनेट मंत्री और पूर्व सांसद मो. आजम खान और मो. इस्लाम उर्फ इस्लाम ठेकेदार व अन्य आरोपियों की 2016 के चर्चित यतीमखाना मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख लगाई है। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने दिया है। सुनवाई के दौरान याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व एनआई जाफरी तथा राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल व एजीए जेके उपाध्याय उपस्थित थे। आजम खान और मोहम्मद इस्लाम उर्फ इस्लाम ठेकेदार की याचिकाओं में मांग की गई है, कि मुख्य गवाहों, विशेष रूप से सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन जफर अहमद फारुकी की दोबारा गवाही कराई जाए और महत्वपूर्ण वीडियो फुटेज को रिकार्ड में लाया जाए, जो उनकी घटनास्थल पर अनुपस्थिति साबित कर सकती है। यतीमखाना प्रकरण को लेकर आजम खान व अन्य के खिलाफ रामपुर कोतवाली में 12 एफआईआर दर्ज हुई थीं। इनमें आजम खान और अन्य पर डकैती, गृह में अनाधिकृत प्रवेश और आपराधिक षड्यंत्र जैसे गंभीर आरोप हैं।

यूपीसीडी ने 20 कंपनियों को जारी की यूनिक आईडी

■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स नीति-2022 : एम्पावर्ड कमेटी की पहली बैठक संपन्न

लखनऊ (एसएनबी)। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत गठित एम्पावर्ड कमेटी की प्रथम बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में दो निजी निवेशकों को लेटर ऑफ कंफर्ट (एलओसी) जारी करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत मेसर्स ओडब्ल्यूएम लॉजीपार्क वाराणसी एलएलपी को 4.89 करोड़ रुपये तथा मेसर्स केएमआरए एसोसिएट्स एलएलपी, उन्नाव को 4.90 करोड़ रुपये की पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जायेगी। यह कदम उत्तर प्रदेश में लॉजिस्टिक और वेयरहाउसिंग क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और राज्य को औद्योगिक विकास के क्षेत्र में अग्रणी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

यूपीसीडा के सीईओ मयूर माहेश्वरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत अब तक प्रदेश में कुल 1416 करोड़ रुपये के निवेश के लिए यूपीसीडा द्वारा 20 कंपनियों को यूनिक आईडी आवंटित कर दी गई है। इन सभी कंपनियों का कार्य प्रगति पर है। इसमें से दो कंपनियों को लेटर ऑफ कंफर्ट जारी करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है। मेसर्स ओडब्ल्यूएम लॉजीपार्क वाराणसी एलएलपी ने वाराणसी के ग्राम बिहरा, तहसील राजातालाब में 8.94 एकड़ क्षेत्र में 33.29 करोड़ रुपये का पूंजीगत निवेश कर स्टोरेज फैसिलिटी (वेयरहाउस) परियोजना स्थापित की है। वहीं, मेसर्स केएमआरए एसोसिएट्स एलएलपी ने उन्नाव के ग्राम रसूलपुर, तहसील हसनगंज में 12 एकड़ क्षेत्र में 44.58 करोड़ रुपये का निवेश किया है। उप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स नीति-2022 के तहत सब्सिडी पात्रता के लिए न्यूनतम 1 लाख वर्ग फीट क्षेत्र में 20 करोड़ रुपये का निवेश आवश्यक है।

कार्यालय : ग्राम पंचायत-गोपलापुर
विकास खण्ड-ब्रह्मपुर, जनपद-गोरखपुर
-:: अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना::-
ग्राम पंचायत गोपलापुर विकास खण्ड ब्रह्मपुर द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना/ राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त/ पंचायत भवन/ निर्मल भारत अभियान/ आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण/ एस.एल.डब्लू.एम. योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले परियोजनाओं हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू, सीमेन्ट मोरंग, सरिया, पेन्ट वायरिंग, पत्थर बोर्ड, ह्यूम पाईप, ईट की गिट्टी, इंटरलाकिंग ईट, सोलर लाईट, ई-रिक्शा आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22.07.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक सामाग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत गोपलापुर निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की धनराशि रु. 5000.00 (पांच हजार रूपये) होगी।
नियम व शर्तें :- 1-जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2-आपूर्तिकर्ता का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन हो तथा आयकर देता हो जिसकी प्रमाणित प्रति तथा तीन वर्ष का आयकर क्लियरेन्स संलग्न करना अनिवार्य है।
3-ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/ कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जायेगा।
4-सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
5-जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जायेगी।
6-सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7-सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ाई जा सकती है।
8- प्रस्तुत दरें पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृति दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9-आपूर्तिकर्ता को सामग्री के अनुसार जीएसटी देना होगा।
10-ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11-निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत कार्यालय गोपलापुर के पास सुरक्षित होगा।
12-स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता/कन्सल्टिंग अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
13-धरोहर की धनराशि नगद, राष्ट्रीकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत गोपलापुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14-आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 07 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
15-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय गोपलापुर से किसी भी कार्य दिवस में रु. 100.00 (एक सौ रूपये मात्र) का भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है।
16-सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय गोपलापुर से प्राप्त की जा सकती है। MR.2500302
नीतू यादव पत्नी पप्पू यादव, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत-गोपलापुर, विकास खण्ड-ब्रह्मपुर, गोरखपुर
संजय मणि त्रिपाठी, सचिव, ग्राम पंचायत-गोपलापुर, विकास खण्ड-ब्रह्मपुर, गोरखपुर

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यॉत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:- निविदा संख्या: EL-MWS-GKP-2025-26-08, कार्य का विवरण: रिवायरिंग ऑफ डिफेक्टिव पावर पैनल, इनवर्टर पैनल एण्ड डिफेक्टिव/ डैमेज्ड वायरिंग ऑफ ए०सी० कोचेज ऑब्टेन्ड ड्यूरिंग पी०ओ०एच० इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। अनुमानित लागत: ₹25,98,893.53, बयाने की राशि: ₹ 52,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से: 12 महीना। • आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 05-08-2025 समय 13:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य यॉत्रिक इंजीनियर/रिपेयर(कार.)
मुजाधि/विद्युत-89 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे
Email:- dycmmcon@ner.railnet.gov.in
इन्टरनेट- www.ireps.gov.in
निविदा सूचना सं. 01 दिनांक 15/07/2025
ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदा आमन्त्रण
उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/निर्माण पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्रीयो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्ते वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।
क्रम सं0 1:- निविदा सं0 एवं खुलने की तिथि: 16255025 ओ.टी. 11.08.2025, सामग्री का विवरण: ज्वाइन्टलेस ग्रूव्ड कापर कॉनटेक्ट वायर 107 स्क्वा. एमएम/मेड आउट आफ कॉन्टीनुअस कास्ट कॉपर वायर रॉड्स इत्यादि। आरक्षित श्रोत द्वारा: आर.डी.एस.ओ., मांगी गयी मात्रा: 48.72 एमटी, बयाना धनराशि रू: 999580.00,
क्रम सं0 2:- निविदा सं0 एवं खुलने की तिथि: 16255027 ओ.टी. 08.08.2025, सामग्री का विवरण: अनइनसुलेटेड कैडमियम कापर कैटेनरी वायर 65 स्क्वायर एमएम 19/2.10 एमएम, आरक्षित श्रोत द्वारा: आर.डी.एस.ओ., मांगी गयी मात्रा: 41.97 एमटी, बयाना धनराशि रू: 974640.00,
उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक/ईएसटी
मुजाधि/एस-26 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

सीएम के सचिव अमित सिंह को मिला केंद्र में सेवा विस्तार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव अमित सिंह को सेवा विस्तार मिल गया है। आईआरएस 2000 बैच के अधिकारी अमित सिंह की प्रतिनियुक्ति केंद्र सरकार ने मार्च 2027 तक बढ़ा दी है। अमित सिंह वर्तमान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव हैं और उन्हें उनके करीबी अफसरों में गिना जाता है। लंबे समय से यह कयास लगाये जा रहे थे कि उनको सेवा विस्तार मिल सकता है।

यौन शोषण के आरोपों में क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए खेलने वाले क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर आज रोक लगा दी। उन पर एक महिला का पांच साल तक कथित तौर पर यौन शोषण करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अनिल कुमार-एक्स की खंडपीठ ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए उन्हें अगली सुनवाई की तारीख तक राहत प्रदान की है। कोर्ट की टिप्पणी थी कि आपको 1 दिन, 2 दिन, 3 दिन तक मूर्ख बनाया जा सकता था लेकिन 5 साल आप 5 साल के लिए रिश्ते में प्रवेश कर रहे हैं। किसी को 5 साल तक मूर्ख नहीं बनाया जा सकता है। 27 वर्षीय दयाल के खिलाफ 6 जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 69 (धोखे से यौन संबंध बनाना) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। दयाल पर एक महिला को शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करने का आरोप है। शिकायतकर्ता के अनुसार दोनों की मुलाकात लगभग पांच साल पहले हुई थी और दयाल ने उससे शादी का वादा किया था। कथित पीड़िता ने यह भी दावा किया है कि दयाल उसके विवाह के प्रस्ताव को टालता रहा और अंततः उसे पता चला कि दयाल अन्य महिलाओं के साथ भी संबंध रखता है।

यूपी बोर्ड के 10 वीं और12 वीं के छात्र पांच अगस्त तक जमा करें परीक्षा शुल्क

प्रयागराज। उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष-2026 में आयोजित होने वाली हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले संस्थागत परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र यूपी बोर्ड की वेबसाइट द्वद्रश्चद्र.ड्डष्ठद्व.त्द पर मंगलवार को आनलाइन अपलोड करने का कार्यक्रम जारी कर दिया है। साथ ही यूपी बोर्ड ने परीक्षा शुल्क भी घोषित किया है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा संस्थागत छात्र-छात्राओं का कक्षा 10 और 12 वीं में प्रवेश लेने और परीक्षा शुल्क प्राप्त करने की की अंतिम तिथि पांच अगस्त तय की गई है। सभी अर्ह छात्र, छात्राओं से प्राप्त परीक्षा शुल्क को एकमुश्त चालान के माध्यम से कोषागार में 10 अगस्त तक जमा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा कोषागार में जमा किए गए परीक्षा शुल्क की सूचना छात्र, छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर आनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त रात 12.00 बजे तक तय की गई है। 10 अगस्त के बाद प्रति छात्र 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त तय की गई है जबकि विलंब शुल्क के साथ जमा परीक्षा शुल्क की सूचना और छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर आनलाइन 20 अगस्त रात 12 बजे तक अपलोड किये जा सकेंगे। वेबसाइट पर आनलाइन अपलोड किए गए छात्र-छात्राओं के विवरणों की चेक लिस्ट प्राप्त कर प्रधानाचार्य द्वारा उनके विवरणों नाम, माता-पिता का नाम, जन्म तिथि, जेंडर,विषय और फोटो आदि को अच्छी तरह से जांच करने की अवधि 21 अगस्त से 31 अगस्त रखी गई है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण निर्माण खण्ड-3, खण्ड लो.नि.वि. गोरखपुर
निविदा आमंत्रण सूचना (ई-प्रोक्यूरमेंट सूचना)
पत्रांक : 2262/ 1 ए (निविदा) दिनांक : 08/07/2025
महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निर्माण खण्ड-3, लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर में श्रेणी-"ए, बी, सी व डी" के मार्ग कार्य हेतु पात्र पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र0 सं0	जनपद	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की समय
1	2	3	4	5	6	7
1	गोरखपुर	ग्रामसभा कोनी में नवनिर्माणाधीन विरांगना झलकारी बाई पी0डब्लू0डी0 महिला बटालियन भवन पहुँच मार्ग के नव निर्माण का कार्य।	24.00	2.40	(स्टेशनरी चार्जेज + निविदा शुल्क + जी.एस.टी.) रू0 944.00	03 माह वर्षा ऋतु सहित

बिड डाक्यूमेंट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 17-07-2025 से 25-07-2025 तक उपलब्ध है, जो कि दिनांक 25-07-2025 को दोपहर 12.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। इसकी तकनीकी बिड दिनांक 25-07-2025 को दोपहर 12.30 बजे खोली जायेगी। निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 25-07-2025 को 12.00 बजे तक शुद्धि पत्र यदि कोई हो तो उसे वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।
निविदाओं की तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
अरविन्द कुमार
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड-3, लो.नि.वि., गोरखपुर
उ.प्र. : 235943 दिनांक : 14.07.2025
वेबसाइट : www.upgov.nic.in

भ्रष्टाचार की आदत ऐसी है, जो बाहर से शुरू होकर घर तक आ जाती है। कोई भी जगह से इससे अछूता नहीं रहता। घरवालों को उसका दर्द होता है। पहले ही रोक दिया जाता तो हमारे घर की स्थिति ऐसी नहीं होती। इस बुराई को मिटाने के लिए हम सबको लड़ाई लड़नी होगी।

— भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

एमटेक व एमएससी की बची सीटों पर स्पॉट काउंसिलिंग 21 को

गोरखपुर (एसएनबी)। मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एमटेक और एमएससी पाठ्यक्रमों में बची हुई सीटों पर शैक्षणिक सत्र 2025-2026 में प्रवेश के लिए स्पॉट काउंसलिंग 21 जुलाई 2025 को सम्पन्न होगी। सीयूईटी पीजी अथवा गेट 2025 उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थियों को यह मौका मिलेगा जिन्होंने विश्वविद्यालय में फीस सहित रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन सीट आवंटित न होने पर अगले चरण की काउंसिलिंग भे भाग लेने से पीछे हट गये थे।

इस सम्बन्ध में अध्यक्ष प्रवेश प्रकोष्ठ प्रो. एसपी सिंह और पीजी प्रवेश समन्वयक प्रो. जीउत सिंह ने बताया कि स्पॉट काउंसलिंग में वे सभी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं जिन्होंने सीयूईटी पीजी अथवा गेट 2025 उत्तीर्ण कर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसिलिंग के लिए फीस जमा कर पंजीकरण कराया था पर उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हुई अथवा उन्होंने किसी चरण में अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी। ऐसे अभ्यर्थियों को 21 जुलाई 2025 को सुबह 10बजे से 10.30 बजे के बीच पंजीकरण पोर्टल पर स्पॉट काउंसलिंग के लिए सहमति देनी होगी, लेकिन उन्हें पंजीकरण शुल्क दोबारा देने की आवश्यकता नहीं होगी।

पंजीकरण न कराने वाले भी अभ्यर्थी ले सकेंगे भाग

इसके साथ ही गेट 2025 सीयूईटी पीजी उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी भी स्पॉट काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग में पूर्व में पंजीकरण नहीं कराया था। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को

- एमएमएमयूटी ने जारी किया बची सीटों का विवरण
- रजिस्ट्रेशन कर चुके अभ्यर्थियों को मिलेगा मौका
- सीयूईटी पीजी अथवा गेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी भी करा सकेंगे काउंसिलिंग

पंजीकरण पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन मोड में 2500₹-रुपये का पंजीकरण शुल्क देना होगा। स्पॉट काउंसलिंग में प्रतिभाग करने हेतु समस्त इच्छुक अभ्यर्थियों को 21 जुलाई 2025 को सुबह 09.30 से 10 बजे के बीच अधिष्ठाता परास्नातक अध्ययन के कार्यालय में भौतिक रूप से उपस्थित होना होगा। अभ्यर्थियों को अपने समस्त मूल अंकपत्रों/प्रमाणपत्रों एवं उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति भी अपने साथ लाना होगा।

लिखित परीक्षा भी 21 को होगी आयोजित

21 जुलाई 2025 को ही सुबह 11 बजे से 12 बजे के बीच लिखित परीक्षा का आयोजन होगा। दोपहर में रैंक जारी कर सीट आवंटन किया जाएगा तथा अभिलेखों का सत्यापन किया जाएगा। सीट आवंटन की दशा में अभ्यर्थी को तत्काल प्रथम सेमेस्टर के शुल्क (हॉस्टल और मेस शुल्क को छोड़कर) के रूप में रु. 24,750 जमा कर प्रवेश सुरक्षित करना होगा। विस्तृत सूचना के लिए अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mmmut.ac.in नियमित रूप से देखते रहें।

प्रवेश को बची सीटों का विवरण : एमटेक एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग - 8, एमटेक पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड ड्राइव्स - 11, एमटेक कंट्रोल एंड इंस्ट्रूमेंटेशन - 14, एमटेक वीएलएसआई - 7, एमटेक एनर्जी टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट -14, एम टेक कम्युनिकेशन सिस्टम -16, एम टेक केमिकल इंजीनियरिंग- 10, एम एस सी भौतिकी -20, एम एस सी रसायन विज्ञान -20, एम एस सी गणित -22।

कर्तव्य में लापरवाही बरतने वालों को चेतावनी

गोरखपुर (एसएनबी)। रेल यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनकी शिकायत पर गोरखपुर जंक्शन के नवागत स्टेशन डायरेक्टर रतनदीप गुप्ता द्वारा फौरी तौर पर औचक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों को उनके द्वारा कड़ी चेतावनी दी जा रही है। यह भी हिदायत दी जा रही है कि यदि अगली बार ऐसा कुछ हुआ तो निलंबन की कार्रवाई भी की जा सकती है।

स्टेशन डायरेक्टर को शिकायत मिली थी कि प्लेटफार्म नंबर तीन पर लगी स्वचालित सीढ़ी में कुछ खामियां हैं जिसे दूर नहीं किया जा रहा है। इस शिकायत का मौके पर जाकर मातहतों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाये जाने पर संबंधित को हिदायत देते हुए मौके पर ही खामियों को दूर करवाया। यहां से स्टेशन डायरेक्टर पूछताछ काउंटर पर पहुंचे। यहां यात्रियों की भारी भरकम भीड़ उन्हें दिखी। उन्होंने यात्रियों से उनकी परेशानियों के बारे में पूछताछ की। यात्रियों ने बताया कि पूछताछ काउंटर से उन्हें ट्रेन के बारे में सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस पर वह कार्यालय के अंदर पहुंचे और वहां ड्यूटी पर तैनात रेलकर्मियों से इस बाबत अपनी नाराजगी जाहिर की और संबंधित इंचार्ज को बुलाकर फटकार लगायी। इसके बाद स्टेशन डायरेक्टर सामान्य श्रेणी के टिकट काउंटर पर पहुंचे। जहां यात्रियों की भीड़ थी। उन्होंने यहां यात्रियों से वार्ता की। यात्रियों ने कुछ खामियां बताई।

- गोरखपुर जंक्शन के नवागत स्टेशन डायरेक्टर का औचक निरीक्षण जारी
- यात्री जन की सुविधा के मद्देनजर उनकी शिकायत पर फौरी तौर पर ले रहे स्टेशन डायरेक्टर रतनदीप गुप्ता एक्शन

स्टेशन डायरेक्टर ने संबंधित कर्मचारी को कार्य में सुधार ले आने का निर्देश दिया। स्टेशन डायरेक्टर को शिकायत मिली थी कि स्टेशन परिसर में बने वाहन स्टैंड के कर्मचारियों द्वारा अवैध तरीके से वाहनस्वामियों से स्टैंड शुल्क वसूला जा रहा है। वाहन स्वामी यदि इसका विरोध करते हैं तो स्टैंड कर्मचारियों द्वारा उनके साथ बदसलूकी भी की जाती है। चंद रोज पूर्व एक कार चालक जो स्टेशन पर अपने किसी परिचित को छोड़ने गया था और महज पांच दस मिनट के अंदर वापस लौट रहा था उससे स्टैंड कर्मचारियों ने जबरन 60 रुपए स्टैंड शुल्क वसूल लिया था। डायरेक्टर ने इसका संज्ञान लिया और यात्री द्वारा प्रूफ दिये जाने के बाद उसकी जांच कराई। जांच सही पाये जाने पर स्टैंड के ठेकेदार पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इसके अलावा ठेकेदार को चेतावनी दी कि यदि दोबारा ऐसा कोई मामला आया तो ठेका निरस्त करने की कार्रवाई अमल में ले आयी जाएगी।

उपभोक्ता फोरम के कर्मचारी ने की आत्महत्या

महराजगंज (एसएनबी)। स्थानीय जिला उपभोक्ता फोरम में कार्यरत कर्मचारी 55 वर्षीय राणा सिंह ने कार्यालय के कमरे के पंखे में फन्दा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी उस समय हुई जब विभाग का कर्मचारी कार्यालय पहुंचा तो फंदे से लटकता शव देखकर कोतवाली पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। पीएम के बाद परिजनों नेशव का त्रिमुहानी घाट पर दाह संस्कार कर दिया। मृतक के इकलौते पुत्र ने मुखाग्नि दी।

मिली जानकारी के अनुसार जिला उपभोक्ता फोरम के कर्मचारी राणा सिंह काफी वर्षो से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात थे। साथ ही सिविल लाइन में किराये के मकान में परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में तीन बड़ी पुत्रियांव एक छोटा पुत्र है। करीब 6 माह पूर्व उन्हें हार्ट अटैक आया था। उसके बाद से वे काफी मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। आज सुबह वे अपने घर से कार्यालय आये थे लेकिन कार्यालय पहुं चने के बाद न जाने किन परिस्थितियों में फन्दा लगाकर अपने जीवन की ईह लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी 10.10 कोतवाली पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय, चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट राजेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पीएम कराया। स्वर्गीय राणा की आत्महत्या की खबर सुनते ही उनके मित्रों व शुभचिन्तकों में शोक की लहर दौड़ गयी और ऐसे मिलनसार व्यक्ति के अचानक आत्मह त्या करने की बात किसी के गले नहीं उतर रही थी। आखिर राणा ने क्यों आत्महत्या की इसकी ठोस जानकारी नहीं मिली। कार्यालय में भी सन्नाटा पसरा था जहां सभी अधिकारी/कर्मचारी स्तब्ध थे। मृतक मूल रूप से बिहार राज्य के सहरसा जिले के धगझरी गांव का निवासी था। घटना की सूचना मिलते ही परिजन महराजगंज के लिए रवाना हो चुके हैं। त्रिमुहानी घाट पर दाह सं स्कार के समय विभागीय अधिकारी/ कर्मचारी के अतिरिक्त पं. कृष्ण मुरारी तिवारी, दामोदर सिं ह, विजय पाण्डेय, राजीव द्विवेदी, अविनाश श्रीवास्तव, राजेश कुमार, धनं जय यादव,सदरे आलम, अरविन्द श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौ जूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल स्टेशन डायरेक्टर से मिला, समस्याओं से कराया अवगत

गोरखपुर (एसएनबी)। आल इंडिया रेलवे एससीएसटी, अदर स्टाफ यूनियन, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर का एक प्रतिनिधिमंडल आज गोरखपुर स्टेशन डायरेक्टर रतनदीप गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया।

मंगलवार केंद्रीय महामंत्री चंद्रशेखर के नेतृत्व में को यूनियन का प्रतिनिधिमंडल नवागत स्टेशन डायरेक्टर रतन दीप गुप्ता से मिलकर गोरखपुर में स्वागत किया। साथ ही रेलवे स्टेशन पर व्याप्त कर्मचारियों के कुछ समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए उसका निदान करने का मांग की है। समस्ओं को अवगत करते हुए बताया कि स्टेशन के अंदर कई यूनिट में एसी खराब चल रही है जिसके कारण कर्मचारियों को इस भीषण गर्मी में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे स्टेशन स्थित कार्मिक विभाग के बिल यूनिट कार्यालय में जहां रेलवे स्टेशन के सभी कर्मचारियों का वेतन बनाया जाता है वहां पर कर्मचारियों के मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, फर्नीचर तथा बाथरूम वगैरा की जांच कराकर इसे दुरुस्त कराया जाए। उनका कहना है कि रेलवे बोर्ड के एक विशेष निर्देशानुसार भारतीय रेलवे में सभी कार्यालय में महिला कर्मचारियों के लिए कमन रूम बनाने का निर्देश जारी है, जिसके अनुपालन में सभी कार्यालय में महिला कमन रूम बनाए जा रहे हैं और काफी जगह बनाए जा चुके हैं, परंतु रेलवे स्टेशन गोरखपुर के महिला कमन रूम में प्लेटफर्म इंस्पेक्टर ने अपना कब्जा जमा रखा है, जिसको तत्काल खाली करा कर महिलाओं के हवाले किया जाए। रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर बस और प्राइवेट गाड़ियों के भीड़ की वजह से स्टेशन के अंदर आने जाने वाले यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रेल सुरक्षा बल और राजकीय पुलिस को निर्देश जारी कर यात्रियों की आवागमन की व्यवस्था सुविधाजनक कराई जाए, ताकि उन्हें रेलवे स्टेशन के अंदर आने में या बाहर जाने में कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने यूनियन प्रतिनिधियों की मांगों पर बहुत ही सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। यूनियन के अनुरोध पर उन्होंने तत्काल डीसीआई को बुलाकर कार्मिक विभाग के कार्यालय का सर्वे कर वहां पर जो सुविधाओं का अभाव है उसको नोट करने का और उसे ठीक करने हेतु कार्रवाई कराने निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि रेल सुरक्षा बल और राजकीय पुलिस को निर्देशित कर यात्रियों की आवागमन को सुगम बनाया जाएगा साथ ही उन्होंने संबंधित को निर्देश दिया कि महिला कमन रूम को तत्काल खाली कर करके महिलाओं के हवाले किया जाए और प्लेटफार्म इंस्पेक्टर को कहीं और बैठे हैं की व्यवस्था की जाए। साथ ही साथ जितने भी ऐसी खराब है उसको ठीक करने के कार्रवाई तत्काल करने का आश्वासन दिया। यूनियन की प्रतिनिधि में मंडल में महामंत्री चंद्रशेखर के साथ कार्यकारी अध्यक्ष श्री श्याम देव, केंद्रीय कोषाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार, संगठन महामंत्री श्री पवन कुमार भारती, गोरखपुर ईस्ट के श्री अमित कुमार, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

- नवागत स्टेशन डायरेक्टर रतनदीप गुप्ता से रेलवे यूनियन के नेताओं ने किया स्वागत
- स्टेशन डायरेक्टर समस्यओं को त्वरित समाधान का दिया भरोंसा

रेलवे स्टेशन पर नवागत स्टेशन डायरेक्टर रतन दीप गुप्ता को बुकें देकर स्वागत करते ऑल इंडिया रेलवे एससीएसटी के पदाधिकारी।

डीडीयू में सांस्कृतिक गतिविधि केंद्र तरंग का गठन

गोरखपुर(एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के ललित कला संगीत विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर उषा सिंह को विश्वविद्यालय में नवसृजित सांस्कृतिक प्रकोष्ठ 'तरंग' का प्रथम निदेशक बनाया गया है। विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

- प्रो.उषा सिंह प्रथम निदेशक नियुक्त
- विविध सांस्कृतिक गतिविधियां होंगी संचालित
- छात्र रचनात्मक विचारों की कर सकेंगे अभिव्यक्ति

कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विश्वविद्यालय परिसर में एक नवीन सांस्कृतिक गतिविधि केंद्र 'तरंग' (टैपिंग आर्टिस्टिक रियलाइजेशन एंड नर्चरिंग ग्रोथ) का गठन किया गया। यह पहल छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को उभारने और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम है।

तरंग विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सशक्त माध्यम के रूप में कार्य करेगा जहां वे संगीत नृत्य, रंगमंच, साहित्य एवं कला जैसी विविध सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। यह केंद्र छात्रों को अपनी रचनात्मकता, विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति हेतु प्रेरित करेगा। इसके अंतर्गत कुल चार क्लब (संगीत, नृत्य, साहित्यिक एवं रंगमंच) होंगा। इस क्लब के माध्यम से कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं और प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी जिससे छात्र राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग ले सकें और एनएसडी जैसे संस्थानों में भविष्य गढ़ने की दिशा में अग्रसर हो सके।

विवि में नवसृजित सांस्कृतिक प्रकोष्ठ तरंग की प्रथम निदेशक प्रो. उषा सिंह

कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने कहा कि 'तरंग' हमारे विद्यार्थियों के समग्र विकास की दिशा में एक रचनात्मक पहल है। यह मंच उनके भीतर छिपी रचनात्मक प्रतिभाओं को उजागर करने का अवसर प्रदान करेगा, जिससे न केवल उनका व्यक्तित्व निखरेगा बल्कि विश्वविद्यालय परिसर में एक सजीव और समावेशी सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण होगा।

दर्शनशास्त्र व योग में प्रवेश 18 व 19 को

गोरखपुर (एसएनबी)। दर्शनशास्त्र विभाग दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में एमए दर्शनशास्त्र, एमए इन योग एवं पीजी डिप्लोमा इन योग सत्र 2025-26 में प्रवेश 18 एवं 19 जुलाई को पूर्वाह्न 10 से अपराह्न 2 बजे तक दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष कक्ष में सम्पन्न होगा। अतः एमए दर्शनशास्त्र, एमए इन योग एवं पीजी डिप्लोमा इन योग सत्र-2025-26 में आवेदन करने वाले सभी विद्यार्थी अपने मूल प्रमाण-पत्रों की एक सेट छायाप्रति के साथ समय से उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं।

बीकॉम-बीएससी में प्रवेश की तिथियां जारी

गोरखपुर (एसएनबी)। महात्मा गांधी पीजी कालेज में सत्र 2025-26 के लिए बीकॉम प्रथम वर्ष में प्रवेश 18 जुलाई से तथा बीएससी प्रथम वर्ष बायो ग्रुप और मैथ ग्रुप में प्रवेश 22 जुलाई से प्रारंभ होगा। उक्त जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बीएससी प्रथम वर्ष बायो ग्रुप और मैथ ग्रुप के लिए मेरिट लिस्ट 19 जुलाई को जारी कर दी जाएगी जो महाविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

सिंगल स्कल में सुमित व रूपल विजेता

गोरखपुर (एसएनबी)। क्षेत्रीय खेल कार्यालय के तत्वावधान में मंगलवार को रामगढ़ झील में जिला स्तरीय जूनियर बालक व बालिका वर्ग की रोइंग प्रतियोगिता हुई। सिंगल स्कल बालक में सुमित राठी प्रथम, किशन कुमार द्वितीय और निशान्त तृतीय स्थान पर रहे। डबल स्कल बालक में हरीनाथ प्रथम व सुकलाल प्रथम, सुमित राठी व सुन्दरम द्वितीय और शशांक व कृष्णा तृतीय स्थान पर रहे। पेयर स्वीप बालक में अंकित व गौरव प्रथम, जय व शशांक द्वितीय और प्रदीप व रवि तृतीय स्थान पर रहे। सिंगल स्कल बालिका वर्ग में रुपल ने पहला, आभ्या ने दूसरा और नीलू कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। डबल स्कल बालिका में रुपल व अंशू प्रथम, नीलू व कनक द्वितीय एवं अभ्या व अंकिता तृतीय स्थान पर रहीं। पेयर स्वीप बालिका में कोमल व नीलू प्रथम, अंकिता व अंशु द्वितीय एवं कनक व अभ्या तृतीय स्थान पर रहीं। क्वाड्रपल स्कल जूनियर (मिक्स 4) में दीपक, सुकलाल, अंकिता, कनक ने पहला, पार्थ, रजा अब्बास, रुपल, अभ्या कुमारी ने दूसरा तथा हरीनाथ, सुन्दरम, नीलू, अंशू ने तीसरा स्थान हासिल किया। मंगलवार को जिला स्तरीय रोइंग, एथलेटिक्स, हैंडबॉल और फुटबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों व टीमों को मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष हॉकी संघ मनीष सिंह ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राजेश सिंह, आरएसओ आले हैदर, आजाद सिंह उप क्रीड़ाधिकारी, मो. अख्तर, नफीस अहदम, विशाल, अशोक शाही, अशोक कुमार यादव, सुजीत गौतम एवं अजय सिंह आदि उपस्थित थे।

जिला स्तरीय जूनियर बालक व बालिका रोइंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी व पुरस्कृत टीमें। फोटो : एसएनबी

बीपीजी कालेज को विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने की बढ़ी संभावना

कसया (एसएनबी)। अन्तरराष्ट्रीय पर्यटक स्थली कुशीनगर में मैत्रेय परियोजना की अधिग्रहित भूमि पर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य तो शुरू हो गया है लेकिन जल्द ही कुशीनगर में भी एक विश्वविद्यालय स्थापित होने की पूरी संभावना है। प्रदेश सरकार की मजबूत होती आर्थिक स्थिति के बाद सरकार ने निर्णय लिया है कि हर जिले में एक विश्वविद्यालय का भी स्थापना किया जाये। जिसके लिए उच्च स्तर पर कार्यवाही शुरू हो गयी है।

कुशीनगर जिले में तीन महाविद्यालयों का चयन प्रस्तावित है। जिसमें यहां के बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर का भी नाम है जो जिले का सबसे पुराना महाविद्यालय है। जिसकी स्थापना 1934 में हुई है। अन्य दो प्रस्तावित महाविद्यालयों में पडरौना स्थित उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय तथा तमकुहीराज में स्थित विद्यावती देवी महाविद्यालय का भी नाम है। इस सम्बंध में बीपीजी कालेज कुशीनगर के प्राचार्य प्रो.विनोद मोहन मिश्र ने बताया कि शासन स्तर पर इन्हीं तीन महाविद्यालयों का नाम प्रस्तावित है। यदि बीपीजी कालेज को विश्वविद्यालय बनाया जाता है तो यह इस क्षेत्र के लिए गौरव की बात होगी और बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। कुशीनगर वैसे भी अन्तरराष्ट्रीय पर्यटक स्थली भी है। इस महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाये जाने की अधिक संभावना इसलिए भी है कि विश्वविद्यालय बनने के बाद महाविद्यालयों का अस्तित्व समाप्त हो जायेगा। प्रबंध समितियां समाप्त हो जायेंगी। प्रबंधकों के नियंत्रण के बाहर हो जायेंगी और सीधे कुलाधिपति यानि राज्यपाल के अधीन प्रशासनिक व्यवस्था होगी जो अन्य दो महाविद्यालय शायद न पसन्द करें। क्योंकि वे महाविद्यालय उनके परिजनों के स्मृति में खोले गये हैं। जिस पर वे बतौर प्रबंधक/स्वामी स्वरूप अधिकृत अध्यासित हैं। वे कभी नहीं चाहेंगे कि उनके महाविद्यालय का अस्तित्व ही समाप्त हो जाये। जबकि बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय भगवान बुद्ध के नाम पर है। प्राचार्य श्री मिश्र ने बताया कि लिखित प्रस्ताव शासन से आने पर पूरी संभावना है कि यहां का प्रबंधतंत्र स्वेच्छा से जनहित में इसकी सहमति दे दे। हांलाकि विश्वविद्यालय बन जाने पर प्राचार्य की ही क्या स्थिति बनेगी नही कहा जा सकता। लेकिन यह भी संभव है कि यहां के प्राचार्य को ही सरकार कुलपति भी मनोनीत कर सकती है। ज्योंही यह खबर पिछले दिनों सोशल मीडिया पर और अखबारों में आयी तो यहां के पूर्व विधायक रजनीकान्त मणि त्रिपाठी ने अपने कार्यकाल का एक पत्र जो उन्होंने 24-10-2017 को उच्च शिक्षा विभाग को भेजा था, का उल्लेख करते हुए बताया कि मैंने उसी समय यह प्रश्न पूछा था कि प्रदेश में नये विश्वविद्यालय स्थापित किये जाने के निर्णय के आलोक में क्या ख्याति प्राप्त पवित्रतम बौद्ध तीर्थ स्थल कुशीनगर में तथागत के नाम पर सरकार विश्वविद्यालय खोलेगी? यदि हां तो कब तक। उन्होंने एसएनबी से वार्ता में कहा कि यहां एक ऐसा विश्वविद्यालय होना चाहिए जहां विदेशी भाषाओं की भी शिक्षा दी जाये। अभी पूरे प्रदेश में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के अलावे अन्य किसी विश्वविद्यालय में यह सुविधा नहीं है। इस बीच विश्वविद्यालय ने इस महाविद्यालय को लोगों की मांग पर पालि भाषा के अध्ययन हेतु मान्यता भी प्रदान कर दिया है और कई विदेशी छात्र पालि विषय में प्रवेश के लिए आतुर भी हैं। प्राचार्य श्री मिश्र ने बताया कि पालि विषय के लिए अलग संकाय भी बन गया है और यहां के कई बुद्ध बिहारों के प्रमुखों ने प्रवेश हेतु उनसे सम्पर्क भी किया है। हांलाकि विश्वविद्यालय बनने की स्थिति में सरकार को कम से कम 25 एकड़ और भूमि की आवश्यकता होगी। जिसे सरकार को अधिग्रहण करना होगा। हांलाकि इतनी भूमि महाविद्यालय के आस-पास ही खाली पड़ी हुई है। देखना है कि कब तक इस मामले में सरकार इसे धरातल पर लाती है। लेकिन लोगों को सरकार के इस निर्णय से काफी उम्मीदें बढ़ गयी है।

कुशीनगर जिले में तीन महाविद्यालय हैं प्रस्तावित, जिसमें सबसे पुराना और अन्तरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल पर स्थित है बीपीजी कालेज

प्रदेशीय सुब्रतो फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोरखपुर को तीसरा स्थान

गोरखपुर (एसएनबी)। गाजीपुर में आयोजित राज्यस्तरीय अंडर 17 बालक वर्ग सुब्रतो फुटबॉल चैम्पियनशिप में गोरखपुर मंडल ने शानदार प्रदर्शन कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। मंडल की टीम से गोरखपुर के महाराणा प्रताप इंटर कालेज की टीम ने प्रतिभाग किया था। गोरखपुर मंडल ने क्वार्टर फाइनल में लखनऊ मंडल को 3-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में गोरखपुर का मुकाबला गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ से हुआ।

गोरखपुर ने 2-0 से जीत हासिल कर तीसरे स्थान के लिए क्वालीफाई किया। तीसरे स्थान के लिए गोरखपुर और वाराणसी मंडल के बीच मैच हुआ। गोरखपुर ने ट्राइब्रेकर से वाराणसी को हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। टीम प्रभारी के रूप में अभय प्रताप सिंह, टीम कोच रविन्द्र यादव तथा सहायक कोच संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में गोरखपुर मंडल की टीम ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। मंडल की इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक सप्तम मंडल सतीश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अमरकांत सिंह, महाराणा प्रताप इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार सिंह, मंडलीय सचिव डा. अरुणेंद्र राय व जनपदीय क्रीड़ा सचिव संतोष कुमार सिंह ने टीम को बधाई दी है।

प्लेट फार्म पर लावारिश मिली किशोरी, चाइल्ड लाइन को सौपा

गोरखपुर (एसएनबी)। पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है।

रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म सं0-02 पर 17 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत मेंमिली। पूछताछ के उपरान्त उक्त नाबालिग लड़की को चाइल्ड लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। इसी क्रम में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट लखनऊ जं0 एवं रेलवे चाइल्ड लाइन स्टाफ को निगरानी के दौरान गाड़ी सं0 15033 (पाटलिपुत्र-लखनऊ जं.एक्स0) में 08 वर्ष की एक लड़की डरी सहमी हालत में बैठी मिली। उक्त नाबालिग लड़की को चाइल्ड लाइन लखनऊजं0 को सुपुर्द किया गया। गाड़ी सं0 12554 (वैशाली एक्स0) में यात्री का छूटा 01 एलईडी टीवी मिलने पर रेलवेसुरक्षा बल पोस्ट सीवान पर जमा किया गया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट मसरख, सीनियर सेक्शन इंजीनियर कार्य थावे, सीनियर सेक्शनइंजीनियर-कार्य सिधवलिया, राजापट्टी-मसरख के मध्य किमी 41-13-14 के पास बाहरी व्यक्तियों द्वारा रेल भूमि पर अनाधित रूप से 20 झोपड़ी के अवैध अतिक्रमण को शांतिपूर्ण तरीके से मुक्त कराया गया जिसकी कीमत रू0 7,50,000 आंकी गयी।

बहराइच-नानपारा के बीच रेलवे लाइन पर विद्युतीकरण कार्य पूर्ण

गोरखपुर (एसएनबी)। भारतीय रेल पर बढ़ते यात्री एवं माल यातायात की चुनौतियों से निपटने के लिये आधारभूत संरचना एवं रेल सम्पर्क को मजबूत किया जा रहा है।पूर्वोत्तर रेलवे पर लखनऊ मण्डल के बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना (56.15 किमी) के अन्तर्गत बहराइच-नानपारा (35.61 किमी.) के मध्य आमान परिवर्तन का कार्य विद्युतीकरण सहित पूर्ण हो चुका है तथा नानपारा-नेपालगंज रोड (20.54 किमी) पर कार्य तीव गति से कार्य चलरहा है।

रेल संरक्षा आयुक्त, उत्तर पूर्व सर्किल 16 एवं 17 जुलाई, 2025 को इस नवनिर्मित आमान परिवर्तित (विद्युतीकरण सहित) बहराइच-नानपारा रेलखण्ड का निरीक्षण करेंगे तथा स्पीड ट्रायल किया जायेगा। रेल प्रशासन का आमजन से अनुरोध है कि निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल के दौरान इस नवनिर्मित आमान परिवर्तन रेलखण्ड पर न तो स्वयं जायें, न ही अपने पशुओं को जाने दें।

इस आमान परिवर्तन का कार्य पूरा हो जाने से तराई का यह क्षेत्र देश के ब्राड गेज नेटवर्क से जुड़ जायेगा तथा क्षेत्र के लोगों तथा पड़ोसी देश नेपाल के लोगों को महानगरों में जाने की सुविधा उपलब्ध हो जायेगी, ट्रांशिपमेंट से छुटकारा मिल जायेगा, क्षेत्र के षि उत्पादों को महानगरों में भेजा जा सकेगा तथा किसानों को उसका उचित मूल्य मिल सकेगा। फलस्वरूप क्षेत्र की आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना (56.15 किमी) के अन्तर्गत प्रथम चरण में बहराइच-नानपारा (35.61 किमी) खण्ड का आमान परिवर्तन कार्य विद्युतीकरण सहित पूर्ण हो गया है। बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड आमान परिवर्तन परियोजना के द्वितीय चरण में नानपारा-नेपालगंज रोड (20.54 किमी)

- नानपारा -नेपालगंज रोड पर करीब 20 किमी. पर कार्य तेज

का कार्य तीव गति से किया जा रहा है। इस खण्ड पर 01 बड़े पुल के फाउण्डेशन तथा सुपर स्ट्र र का कार्य पूरा हो गया है। इस खण्ड पर 10 छोटे पुलों का कार्य पूरा हो चुका है। 03 समपारों पर सीमित ऊंचाई के सब-वे कार्य प्रगति पर है। 01 स्टेशन बिल्डिंग का फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। 24 ट्रैक किलोमीटर ट्रैक लिंकिंग का कार्य प्रगति पर है। साथ ही सिगनलिंग एवं ओवरहेड विद्युतीकरण का कार्य तीव गति से किया जा रहा है।

मूसलाधार बरसात की वजह से सवारी गाड़ी निरस्त : गोरखपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा संरक्षा को ध्यान में रखते हुये पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के मैलानी-नानपारा रेल खंड के भीरा खीरी-पलिया कलां स्टेशनों के मध्य भारी वर्षा होने से जल जमाव के कारण 31 जुलाई, 2025 तक चलने वाली। 52261-52262 एवं 52263-52264 नानपारा-मैलानी-नानपारा सवारी गाड़ी तथा 19, 20, 26 एवं 27 जुलाई, 2025 को चलने। वाली 52259-52260 बिछिया-मैलानी-बिछिया सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

गौरी बाजार अप लाइन पर कार्य को देखते गाड़ियों के संचालन में बदलाव : रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु गौरी बाजार अप लाइन पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं नियंत्रण निम्नवत किया जायेगा। मार्ग परिवर्तनः दरभंगा से 16 जुलाई, 2025 को चलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली विशेष गाड़ी परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे- कप्तानगंज-गोरखपुर कैंट के रास्ते चलाई जायेगी। नियंत्रण- बरौनी से 09 जुलाई, 2025 को चलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली विशेष गाड़ी मार्ग में 20 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी।

जीएसटी सर्टिफिकेट कोर्स में 18 को सीधे प्रवेश

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्ववित्त पोषित कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित सर्टिफिकेट कोर्स इन जीएसटी में प्रवेश के लिए 18 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से 03 बजे तक वाणिज्य विभाग में सीधे प्रवेश की प्रक्रिया संचालित किया जायेगा। इस पाठ्यक्रम में आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, स्थान एवं समय पर अपने सभी मूल अंकपत्रों, प्रमाणपत्रों (यथा-जाति/आय/वेटेज आदि) तथा उनकी स्वहस्ताक्षरित छायाप्रतियों के एक सेट के साथ उपस्थित होंगे।

असम की समृद्ध जैव विविधता में नया योगदान! ब्रह्मपुत्र के तट पर 'डे गेको' छिपकली की एक नई प्रजाति खोजी गई है और इसका नाम 'सीनेमस्पिस ब्रह्मपुत्र' रखा गया है। यह पूर्वोत्तर में दर्ज की गई इस तरह की दूसरी प्रजाति है।
- हिमंत बिस्व सरमा @himantabiswa

114 वर्षीय मैराथन धावक फौजा सिंह की सड़क हादसे में मौत

चंडीगढ़ (भाषा)। जाने-माने मैराथन धावक फौजा सिंह की सोमवार को पंजाब में जालंधर जिले के अपने पैतृक गांव में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। वह 114 वर्ष के थे। सिंह टहल रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। परिवार के सदस्यों ने उनके निधन की पुष्टि की। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा, उन्हें फौजा सिंह की मौत की खबर से 'गहरा दुख' हुआ है। उन्होंने 114 वर्ष की आयु में बेजोड़ उत्साह के साथ 'नशा मुक्त, रंगला पंजाब' मार्च में मेरे साथ भाग लिया था। पंजाब के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त खुशवंत सिंह ने फौजा सिंह की जीवनी 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' लिखी है। खुशवंत ने 'एक्स' पर लिखा, 'मेरा 'टर्बन्ड टॉरनेडो' अब नहीं रहा। मुझे परम श्रद्धेय फौजा सिंह के निधन की खबर देते हुए बहुत दुख हो रहा है। अज्ञात वाहन ने आज अपराह्न लगभग साढ़े तीन बजे उन्हें उस समय टक्कर मार दी जब वह उनके गांव बियास में सड़क पार कर रहे थे।

> फौजा सिंह असाधारण व्यक्ति थे, जिन्होंने अपने विशिष्ट व्यक्तित्व से और 'फिटनेस' के विषय पर भारत के युवाओं को प्रेरित किया। उनकी मृत्यु से बहुत दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और दुनियाभर में उनके अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। -नरेंद्र मोदी

बिहार : 1 करोड़ नौकरियों व रोजगार का प्रस्ताव पास

राज्य मंत्रिपरिषद ने 30 प्रस्तावों को दी मंजूरी

- विकास आयुक्त होंगे इस नवगठित कमेटी के अध्यक्ष
- कमेटी रोजगार सृजन के पहलुओं पर करेगी विचार
- सरकार को परामर्श भी देगी यह उच्चस्तरीय समिति
- नये रोजगार सृजन से बढ़ेंगी औद्योगिक गतिविधियां

पटना (एजेंसियां)। राज्य में 1 करोड़ युवाओं को नये रोजगार देने की घोषणा को सरकार ने अमलीजामा पहनाने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

इसमें श्रम संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रधान सचिव या सचिव को सदस्य सचिव बनाया गया है। जबकि वित्त, सामान्य प्रशासन विभाग, कृषि, ग्रामीण विकास विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, उद्योग, सूचना एवं प्रावैधिकी और शिक्षा विभाग के प्रमुखों को इसका सदस्य बनाया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव पर मुहर लगी। इसकी जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने प्रेस वार्ता में दी।

डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि 1 करोड़ युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के इस निर्णय में सरकारी नौकरी और स्व-रोजगार समेत अन्य सभी तरह के रोजगार शामिल हैं। इसका मकसद युवाओं को आर्थिक संबल दिलाना है। नये रोजगार के सृजन से राज्य में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेश के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि नई नौकरी या रोजगार सृजन के लिए सभी संभावनाओं एवं विकल्पों पर विचार करते हुए राज्य सरकार को यह उच्च स्तरीय समिति परामर्श देगी।

डोडा में खाई में गिरा वाहन, पांच की मौत

- हादसे में 17 घायल, कई की हालत गंभीर
- वाहन में क्षमता से अधिक लोग थे सवार

जम्मू (भाषा)। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में उसकी क्षमता से अधिक लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि यह दुर्घटना डोडा शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई।

अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे 'टेंपो ट्रैवलर' के चालक ने डोडा-भर्थ मार्ग के एक मोड़ पर वाहन पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अशरफ (35), मंगता वानी (51), अत्ता मोहम्मद (33), तालिब हुसैन (35), रफीका बेगम (60) को डोडा स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों ने 17 लोगों को अस्पताल पहुंचाया और उनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल पांच वर्षीय उज्मा जान को विशेष उपचार के लिए जम्मू स्थानांतरित किया गया है। वाहन के खाई में गिरते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और बाद में पुलिस तथा अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कर्मचारी भी वहां आये।

संक्षिप्त खबरें

सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल को जमानत

लखनऊ। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को 2022 की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के बारे में उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित एक मामले में लखनऊ की स्थानीय अदालत ने मंगलवार को जमानत दे दी। अपर न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने 20-20 हजार रुपये के दो बांड पर श्री गांधी को जमानत दे दी। राहुल के वकील प्रांशु अग्रवाल की तरफ से जमानत याचिका डाली गई थी, जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया। इससे पहले राहुल गांधी एयरपोर्ट से सीधे एमपी-एमएलए कोर्ट पहुंचे। पिछली पांच सुनवाई के दौरान राहुल अदालत में उपस्थित नहीं हुए थे।

चीन ने तियानझोउ-9 मालवाहक यान छोड़ा

हैनान। चीन ने मंगलवार तड़के अपने तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन पर आपूर्ति पहुंचाने के लिए मालवाहक अंतरिक्ष यान तियानझोउ-9 को प्रक्षेपित किया। यह जानकारी शिन्हुआ ने चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के हवाले से दी। सीएमएसए ने कहा कि तियानझोउ-9 को ले जाने वाला लॉन्ग मार्च-7 वाई10 रॉकेट, दक्षिणी द्वीप प्रांत हैनान के वेनचांग अंतरिक्ष यान प्रक्षेपण स्थल से आज सुबह 5:34 बजे (बीजिंग समय) प्रक्षेपित हुआ। लगभग 10 मिनट बाद, तियानझोउ-9 रॉकेट से अलग होकर अपनी निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। इसके सौर पैनल जल्द ही खुल गए। एजेंसी ने प्रक्षेपण को पूर्णतः सफल घोषित किया।

अमरनाथ तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

जम्मू। दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर में दर्शन के लिए 6388 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था मंगलवार तड़के यहां एक आधार शिविर से रवाना हुआ। अमरनाथ की 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा शुरू होने के बाद से अब तक 2.25 लाख से अधिक तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के 'दर्शन' कर चुके हैं। यह यात्रा तीन जुलाई को अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल से शुरू हुई थी। यह तीर्थयात्रा नौ अगस्त को समाप्त होगी। अधिकारियों ने बताया, 1308 महिलाओं समेत 6,388 तीर्थयात्रियों का 14वां जत्था 248 वाहनों में सवार होकर सुबह 3:25 से 4:15 बजे के बीच भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

मोदी, आरएसएस पर आपत्तिजनक कार्टून मामले में कोर्ट ने कार्टूनिस्ट को दिया संरक्षण

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आरएसएस कार्यकर्ताओं के कथित आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी एक कार्टूनिस्ट को मंगलवार को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया।

शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक पोस्ट पर भी चिंता व्यक्त की और इस पर अंकुश लगाने के लिए न्यायिक आदेश पारित करने की आवश्यकता पर बल दिया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने कहा, "लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा। इस बीच, पीठ ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्य प्रदेश में दर्ज प्राथमिकी के मद्देनजर राज्य की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया।

मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में माफी मांग ली गई है। हालांकि, पीठ ने आगाह किया कि अगर कार्टूनिस्ट सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालते रहे, तो राज्य सरकार कानून के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है।

> शीर्ष अदालत ने अपनी टिप्पणी में कहा सोशल मीडिया पर लोग कुछ भी कह देते हैं इस पर अंकुश लगाने की जरूरत

राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के एम नटराज ने 'एक्स' पर न्यायपालिका के खिलाफ भी मालवीय के कुछ अन्य पोस्ट का जिक्र किया, जिसके बाद पीठ ने कहा, "यदि याचिकाकर्ता सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट डालते हैं, तो प्रतिवादी राज्य (मध्य प्रदेश) को कानून के अनुसार आगे बढ़ने की स्वतंत्रता होगी।

ग्रोवर ने विधि अधिकारी की दलील का विरोध करते हुए कहा, "इससे तो समस्याओं का पिटारा खुल जाएगा। ग्रोवर ने इससे पहले सुनवाई में कहा, "यह खराब और गंदी भाषा का मामला है। मैं खुद से पूछती हूं कि क्या यह आपराधिक मामला है या अवैध भाषा का मामला है।

पीठ ने कहा, "मुद्दा यह है कि आपने कोई बात किस तरह कही। आपने जो किया, वो स्पष्ट रूप से अपराध है। शीर्ष अदालत ने मालवीय के एक ट्वीट का जिक्र करते हुए कहा कि इस पर "सभी तरह के दंडनीय प्रावधान लागू हो सकते हैं"। इस बीच, पीठ ने कार्टूनिस्ट की सोशल मीडिया पोस्ट हटाने की याचिका स्वीकार नहीं की और सुनवाई अगस्त में तय कर दी।

SCO : सुरक्षा खतरों से निपटने को तंत्र में सुधार जरूरी

- चीनी शी जिनपिंग राष्ट्रपति ने एससीओ सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों से कहा, ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए

बीजिंग (भाषा)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने मंगलवार को एससीओ सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों से कहा कि समूह को सुरक्षा खतरों और चुनौतियों का जवाब देने के लिए तंत्र में सुधार करना चाहिए तथा एक ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए। विदेश मंत्री एस जयशंकर 10 सदस्यीय शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के उन विदेश मंत्रियों और स्थायी निकायों के प्रमुखों में शामिल थे, जिनसे जिनपिंग ने तियानजिन में उनकी बैठक से पहले यहां मुलाकात की।

राष्ट्रपति ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से पिछले 24 वर्षों में, एससीओ ने हमेशा शंघाई भावना को कायम रखा है, एक परिपक्व और मजबूत संगठन के रूप में विकसित हुआ है, और मजबूत जीवंतता का प्रदर्शन किया। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर, एससीओ को केंद्रित और आश्वस्त रहना चाहिए, कुशलतापूर्वक कार्य करना चाहिए तथा विश्व में अधिक स्थिरता और सकारात्मक ऊर्जा लाने में अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। जिनपिंग ने कहा कि चीन ने हमेशा अपनी पड़ोस कूटनीति (नेबरहुड डिप्लोमेसी) में एससीओ को प्राथमिकता दी है और संगठन को अधिक ठोस और मजबूत बनाने, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता की रक्षा करने, सदस्य देशों के विकास और समृद्धि को बढ़ावा देने और साझा भविष्य के साथ एक करीबी समुदाय बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक को लेकर जारी एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में उनके हवाले से कहा गया कि एससीओ को सुरक्षा खतरों और चुनौतियों पर प्रतिक्रिया देने के लिए तंत्र में सुधार करना चाहिए, एक ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए, तथा शांति और स्थिरता के लिए जनता की अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए।

एससीओ ने पिछले कुछ वर्षों में सुरक्षा और रक्षा से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना (आरएटीएस) नामक एक सुरक्षा तंत्र विकसित किया है। चीन वर्तमान में एससीओ की अध्यक्षता कर रहा है। इस वर्ष चीन के तियानजिन में एससीओ शिखर सम्मेलन होना है। इस के मद्देनजर जिनपिंग ने कहा कि वह इस सम्मेलन में अन्य सदस्य देशों के नेताओं से मिलकर एससीओ के भविष्य के विकास पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और एससीओ के अन्य सदस्य देशों के नेताओं के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने इससे पहले 'तास' समाचार एजेंसी को बताया था कि शिखर सम्मेलन 30 अगस्त से एक सितंबर के बीच तियानजिन में आयोजित किया जाएगा। एससीओ में 10 सदस्य देश हैं, जिनमें चीन, रूस, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं। जिनपिंग ने अमेरिका पर परोक्ष हमला करते हुए कहा कि संगठन को आधिपत्य, ताकत की राजनीति और धौंस-धमकी का दृढ़ता से विरोध करना चाहिए तथा एक अधिक समान और व्यवस्थित बहुध्रुवीय विश्व को बढ़ावा देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि इसे संयुक्त परामर्श और साझाकरण के सिद्धांतों को कायम रखना चाहिए, ताकि आर्थिक वैश्वीकरण अधिक समावेशी और सभी के लिए लाभकारी बन सके। चीनी राष्ट्रपति ने कहा कि संगठन को एक अधिक न्यायसंगत और उचित वैश्विक शासन प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए 'ग्लोबल साउथ' को एकजुट करना और उसका नेतृत्व करना चाहिए। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

जिनपिंग से मिले जयशंकर, द्विपक्षीय संबंधों पर की बात

बीजिंग (वार्ता)। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने के लिए चीन यात्रा पर गए विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने मंगलवार को बीजिंग में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। डॉ जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चीन के राष्ट्रपति को शुभकामनाएं दी।

डॉ जयशंकर ने कहा, आज सुबह बीजिंग में अपने साथी एससीओ विदेश मंत्रियों के साथ राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री का अभिवादन पहुंचाया। विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति जिनपिंग को दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में हाल ही में हुई प्रगति से अवगत कराया। उन्होंने इस संदर्भ में दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच हुई बातचीत से मिले मार्गदर्शन का भी उल्लेख किया।

मुख्यमंत्री सुक्खू वित्त आयोग प्रमुख से मिले, हरित कोष बनाने की अपील की

नई दिल्ली (भाषा)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया से मंगलवार को मुलाकात की और राज्य की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने के लिए आयोग से सहयोग मांगा।

उन्होंने आयोग से पहाड़ी राज्यों के लिए एक निर्धारित वार्षिक आवंटन के साथ एक अलग 'हरित कोष' बनाने का भी अनुरोध किया। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक सुक्खू ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भी चर्चा हुई है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार राजकोषीय विवेक के रास्ते पर चल सतत विकास लक्ष्यों को अच्छी तरह से हासिल कर रही है। सुक्खू ने राज्य में अचानक आई बाढ़ से हुए नुकसान को देखते हुए आयोग से सिफारिशों में राज्य का समर्थन करने का आह्वान किया। बयान में कहा गया कि पहाड़ी राज्यों पर अन्य राज्यों की तुलना में बहुत अधिक खर्च होता है और इन राज्यों को मिलने वाला धन उनकी जनसंख्या के अनुपात से कम से कम दोगुना होना चाहिए।

चीन के मामले पर संसद में जवाब दे सरकार : कांग्रेस

- कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, विदेश मंत्री के चीन दौरे का उद्देश्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए

नई दिल्ली (एसएनबी)। कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के चीन के दौरे का हवाला देते हुए मंगलवार को कहा कि सरकार को इस पड़ोसी देश तथा दूसरी सुरक्षा चुनौतियों पर 21 जुलाई से आरंभ हो रहे संसद के मानसून सत्र में चर्चा करानी चाहिए तथा सवालों के जवाब देने चाहिए। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि जब 1962 के युद्ध के समय संसद में खुली चर्चा हो सकती है तो फिर आज क्यों नहीं हो सकती? कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के चीन दौरे की पृष्ठभूमि में संसद में चर्चा की मांग दोहराई है। जयशंकर ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ वार्ता के दौरान कहा था कि भारत और चीन को तनाव कम करने समेत सीमा संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने में "अच्छी प्रगति" पर काम करना चाहिए और "प्रतिबंधात्मक व्यापार उपायों एवं बाधाओं" से बचना आवश्यक है।

रमेश ने एक बयान में कहा, "14 जुलाई, 2025 को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग के साथ अपनी बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध 'पिछले साल अक्टूबर में कजान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मुलाकात के बाद से लगातार सुधर रहे हैं'। उन्होंने यह भी कहा कि शी चिनफिंग से हुई पिछली मुलाकात के बाद भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों में क्या-क्या घटनाक्रम हुए हैं।

'हमारे संबंधों का निरंतर सामान्य होना दोनों देशों के लिए लाभदायक हो सकता है'।

उन्होंने कहा कि शायद विदेश मंत्री को याद दिलाना जरूरी है कि प्रधानमंत्री की राष्ट्रपति रमेश ने दावा किया कि चीन ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को पूरा समर्थन दिया तथा पाकिस्तान ने इस ऑपरेशन के नेटवर्क-केंद्रित युद्ध प्रणाली और जे-10सी लड़ाकू विमान, पीएल-15ई एयर-टू-एयर मिसाइल और ड्रोन जैसे हथियारों के लिए टेस्टिंग ग्राउंड की तरह इस्तेमाल किया।

राजनीतिक, विदेश नीति, सामाजिक-आर्थिक मुद्दों चर्चा जरूरी : खरगे

मानसून सत्र

नई दिल्ली (भाषा)। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को उच्च सदन के सभापति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और कहा कि विपक्ष सफल सत्र चाहता है लेकिन इसके लिए रणनीतिक, राजनीतिक, विदेश नीति और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर चर्चा जरूरी है। उन्होंने धनखड़ से मुलाकात की तस्वीर एक्स पर साझा की। खरगे ने कहा, विपक्ष 21 जुलाई से राज्यसभा का सफल सत्र चाहता है। ऐसा होने के लिए कई रणनीतिक, राजनीतिक, विदेश नीति और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर बहस और चर्चा करने की आवश्यकता है, जो बड़ी सार्वजनिक चिंता का विषय हैं। उनका कहना था, आज मैंने राज्यसभा के माननीय सभापति से मुलाकात की और सार्थक बातचीत हुई। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से आरंभ होकर 21 अगस्त तक चलेगा।

अमेरिका : ट्रंप को शिक्षा विभाग के 1400 कर्मियों की छंटनी की अनुमति

वाशिंगटन (एपी)। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शिक्षा विभाग को समाप्त करने की उनकी योजना को फिर से आगे बढ़ाने और लगभग 1400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति दे दी है।

तीन न्यायमूर्तियों की असहमति बावजूद, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को बोस्टन के डिस्ट्रिक्ट न्यायाधीश मयोंग जॉन के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी को रद्द करते हुए अंतरिम रोक लगाई थी और ट्रंप की योजना पर सवाल उठाए थे।

जॉन ने आदेश में कहा था, छंटनी से विभाग संभवतः कमजोर हो जाएगा। एक संघीय अपीलीय अदालत ने भी प्रशासन की अपील पर इस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। लेकिन अब उच्चतम न्यायालय के फैसले से ट्रंप प्रशासन को विभाग को समाप्त करने की प्रक्रिया फिर से शुरू करने की अनुमति मिल गई है, जो ट्रंप के सबसे बड़े चुनावी वादों में से एक है। ट्रंप ने सोमवार रात अपने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट कर कहा कि उच्चतम न्यायालय ने देशभर के अभिभावकों और विद्यार्थियों को एक बड़ी जीत दिलाई है।

'एक्सिओम-4 मिशन' से जुड़ी प्रमुख बातें

चार दशक के बाद मानव अंतरिक्ष उड़ान में भारत की वापसी कराने वाले 18 दिवसीय 'एक्सिओम-4 मिशन' की घोषणा से लेकर वापसी तक के महत्वपूर्ण क्षण इस प्रकार हैं:

- भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुक्ला की भागीदारी वाले एक्सिओम-4 मिशन की घोषणा 2024 के अंत में इसरो और नासा द्वारा समर्थित एक सहयोगी वाणिज्यिक अंतरिक्ष उड़ान के रूप में की गई थी।
- मूल रूप से 2025 के शुरू में प्रक्षेपण के लिए निर्धारित इस मिशन को कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र में तकनीकी जांच और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण कई बार स्थगित करना पड़ा।
- कई बार विलंब के बाद मिशन को 25 जून 2025 को फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया।
- चालक दल 26 जून 2025 को आईएसएस पर पहुंच गया तथा स्टेशन पर 18 दिन का प्रवास शुरू किया।
- मिशन के दौरान शुक्ला ने सात भारतीय-डिज़ाइन वाले सूक्ष्म-गुरुत्व प्रयोगों का संचालन किया, जिनमें मूंग और मेथी के बीजों का अंकुरण, स्टेम सेल अनुसंधान और सूक्ष्म शैवाल अध्ययन शामिल थे।
- आईएसएस पर उन्होंने शून्य-गुरुत्वाकर्षण में जल के बुलबुले का प्रदर्शन किया और 'स्क्रीन इंटरैक्शन' से जुड़े संज्ञानात्मक भार प्रयोगों में भाग लिया।
- शुभांशु ने संपर्क प्रयासों के तहत रेडियो और वीडियो लिंक से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, छात्रों और इसरो वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की।
- 13 जुलाई को 'एक्सपीडिशन 73' के चालक दल के सदस्यों ने साथ विदाई समारोह आयोजित किया गया, जहां शुक्ला ने इसरो और अपने सहयोगियों को धन्यवाद दिया।
- ड्रैगन ग्रेस अंतरिक्ष यान निर्धारित गतिविधियों और प्रयोगों को पूरा करने के बाद 14 जुलाई 2025 को आईएसएस से अलग हुआ।
- शुक्ला और चालक दल के अन्य तीन सदस्य 15 जुलाई 2025 को कैलिफोर्निया में समुद्र में सुरक्षित रूप से उतर गए, जिससे आईएसएस पर भारत का पहला विस्तारित अनुसंधान मिशन पूरा हो गया।

दिव्यांग लोगों का 'मजाक' उड़ाने वाली टिप्पणी पर समय रैना कोर्ट में पेश

नई दिल्ली (भाषा)। दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाने के आरोप में कार्रवाई की मांग को लेकर दर्ज मामले में 'इंडियाज गॉट टैलेंट' के प्रस्तोता समय रैना सहित पांच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मंगलवार को उच्चतम न्यायालय में पेश हुए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की उपस्थिति दर्ज की और उन्हें याचिका के संबंध में अपना जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने उन्हें मामले में अगली सुनवाई पर व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया।

शीर्ष अदालत ने इन्फ्लुएंसर सोनाली ठक्कर उर्फ सोनाली आदित्य देसाई को कुछ शारीरिक स्थिति के कारण अगली सुनवाई की तारीख पर डिजिटल माध्यम से पेश होने की छूट दी। पीठ ने कहा कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करना होगा और उन्हें इसे कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा तथा अगली सुनवाई की तारीख पर उनकी अनुपस्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा।

ओडिशा : आत्मदाह करने वाली छात्रा की मौत

भुवनेश्वर (भाषा)। एक शिक्षक द्वारा कथित तौर पर 'यौन उत्पीड़न' किए जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा ने यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दम तोड़ दिया। अस्पताल ने यह जानकारी दी।

बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय की एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीन दिन तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद सोमवार रात दम तोड़ दिया। शिक्षक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया और वह 95 प्रतिशत तक झुलस गई थी। छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि मामले में सभी दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। छात्रा को पहले बालासोर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और फिर बेहतर उपचार के लिए भुवनेश्वर स्थित एम्स भेज दिया गया।

- मुख्यमंत्री ने दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही

अधिकारियों के अनुसार 'बर्न सेंटर' विभाग की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में उसका उपचार किया जा रहा था। 'बर्न सेंटर' ने एक बयान में कहा, "मरीज को 'फ्लुइड्स' (अंतःशिरा तरल) और 'एंटीबायोटिक्स' (संक्रमण को खत्म करने वाली दवा) दी गईं, उसे वेंटिलेटर पर रखा गया। विभाग के आईसीयू में उपचार किया गया और गुर्दे की 'रिप्लेसमेंट थेरेपी' सहित सभी संभव सहायक उपायों के बावजूद, उसे बचाया नहीं जा सका और 14 जुलाई की रात 11 बजकर 46 मिनट पर उसे मृत घोषित कर दिया गया।"

भाजपा के सिस्टम ने की छात्रा की हत्या, प्रधानमंत्री जवाब दें : राहुल

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ओडिशा के बालासोर में आत्मदाह करने वाली छात्रा की मौत के बाद मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा के "सिस्टम" ने इस लड़की की हत्या की है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस विषय पर चुप्पी नहीं साधनी चाहिए, बल्कि जवाब देना चाहिए। एक शिक्षक द्वारा कथित तौर पर "यौन उत्पीड़न" किए जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली छात्रा ने तीन दिन तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद भुवनेश्वर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में सोमवार रात दम तोड़ दिया। वह बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय की एकीकृत बीएड पाठ्यक्रम की द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। शिक्षक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया और वह 95 प्रतिशत तक झुलस गई थी।

नेतन्याहू की गठबंधन सरकार को झटका

- ऑर्थोडॉक्स पार्टी गठबंधन से हुआ अलग

तेल अवीव (एपी)। इस्राइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में प्रमुख सहयोगी दल रहे अति रूढ़िवादी दल ने मंगलवार को कहा कि वह गठबंधन सरकार छोड़ रहा है। अति-रूढ़िवादी दल की इस घोषणा को गाजा में युद्ध के निर्णायक समय में इस्राइली नेता के शासन को अस्थिर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यूनाइटेड टोरा जूडिज्म नामक पार्टी के दो गुटों ने कहा कि वे एक कानून पर असहमति के कारण सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह कानून अपने सदस्यों के लिए व्यापक सैन्य मसौदा छूट को संहिताबद्ध करेगा। इन दलों के सदस्यों में से कई लोग सेना में भर्ती होने के बजाय यहूदी ग्रंथों का अध्ययन करते हैं। इस मुद्दे ने यहूदी इस्राइलियों को विभाजित कर रखा है, जिनमें से अधिकांश को सेना में भर्ती होने की आवश्यकता होती है।

इस्राइलियों में यह दरार तब से और गहरी होती जा रही है, जब से गाजा में युद्ध शुरू हुआ है और सैनिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इस्राइल की राजनीति में लंबे समय से 'किंगमेकर' की भूमिका निभाने वाली पार्टी के जाने से नेतन्याहू के शासन को तत्काल कोई खतरा नहीं है। लेकिन, 48 घंटों के भीतर जब यह कानून लागू हो जाएगा, तो इस्राइली नेता के पास सरकार में मामूली बहुमत रह जाएगा।

इसके बाद सरकार को दो अति-दक्षिणपंथी दलों की इच्छा पर अधिक निर्भर होना पड़ सकता है। ये दक्षिणपंथी दल हमास के साथ युद्ध विराम वार्ता में रियायतों का विरोध करते हैं और चाहते हैं कि गाजा में युद्ध को समाप्त करना या यहां तक कि उसे रोकने के प्रयासों के विरोध में स्वयं सरकार छोड़ चुके हैं या छोड़ने की धमकी दे चुके हैं। यह राजनीतिक उथल-पुथल ऐसे समय में हो रही है, जब इस्राइल और हमास गाजा में 21 महीने से चल रहे युद्ध के लिए संघर्ष विराम की शर्तों पर चर्चा कर रहे हैं।

मैं मैनचेस्टर में होने वाले टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से फिट रहूंगा। उस मैच से पहले हमें विश्राम करने का पर्याप्त मौका मिलेगा। मुझे लगता है कि इस तरह की बड़ी सीरीज़ में हमेशा ऐसा कोई न कोई पल ज़रूर आता है जब दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे से भिड़ेंगे। मुझे यह मंजूर है बशर्ते यह सीमा पार न जाए। मुझे नहीं लगता कि हमारी या भारतीय टीम ने किसी तरह से सीमा का उल्लंघन किया।

-बेन स्टोक्स

संक्षिप्त खबरें

बांग्लादेश बोर्ड को सभी सदस्यों के आने की उम्मीद

ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा कि उन्हें 24 जुलाई को ढाका में होने वाली वार्षिक आम बैठक में एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के सभी सदस्यों की उपस्थिति की उम्मीद है। बांग्लादेश में मौजूदा राजनीतिक माहौल के कारण एसीसी एजीएम में भारत की भागीदारी अनिश्चित है और ऐसी खबरें थीं कि एजीएम को ढाका से दुबई स्थानांतरित किया जा सकता है। अमीनुल ने इन सभी अटकलों को खारिज कर दिया और जोर देकर कहा कि एसीसी एजीएम की मेजबानी के संबंध में सब कुछ योजना के अनुसार चल रहा है। माना जा रहा है कि अगर भारत भाग नहीं लेता है, तो वे ऑनलाइन उपलब्ध हो सकते हैं।

आईजीपीएल का पहला टूर्नामेंट 2026 में

गुरुग्राम। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह को मंगलवार को इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल) का सह मालिक और ब्रांड दूत घोषित किया गया जिसमें पहले साल खिताब के लिए छह टीम चुनौती पेश करेंगी। आयोजकों ने यहां एक कार्यक्रम में बताया कि शहर आधारित फ्रेंचाइजी लीग में छह टीम हिस्सा लेंगी और इसके अनूठे प्रारूप के तहत पुरुष और महिला पेशेवर गोल्फ खिलाड़ी एक साथ खेलेंगे। यह लीग अगले साल जनवरी-फरवरी में खेली जाएगी और चार सप्ताह तक चलेगी। लीग के आयोजक भारत गोल्फ प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख मानव जैनी ने संवाददाताओं से कहा, 'यह लीग चार सप्ताह तक चलने वाला एक शानदार गोल्फ टूर्नामेंट होगा जो फ्रेंचाइजी प्रारूप पर आधारित होगा। पहले साल में हम छह फ्रेंचाइजी के साथ शुरुआत कर रहे।'

डूरंड कप की ट्रॉफियों का कोकराझार में अनावरण

कोकराझार। 134वें इंडियनऑयल डूरंड कप की तीन प्रतिष्ठित ट्रॉफियों का अनावरण असम की 'शांति नगरी' कोकराझार स्थित बोडोफा सांस्कृतिक परिसर में भव्य समारोह के साथ किया गया। यह अनावरण बोडोलैंड स्वायत्त क्षेत्र (बीटीआर) के पांच जिलों में दो दिवसीय ट्रॉफी टूर के बाद संपन्न हुआ, जो क्षेत्रीय फुटबॉल प्रेम का उत्सव बन गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि थीं असम सरकार की खेल और युवा कल्याण मंत्री श्रीमती नंदिता गोरलोसा। उनके साथ उपस्थित थे सेना के वरिष्ठ अधिकारी, मेजर जनरल राजेश अरुण मोगे, वीएसएम, उपाध्यक्ष डूरंड कप आयोजन समिति (डीसीओसी), तथा मेजर जनरल हरतेज सिंह बजाज, वीएसएम, सीओएस गजराज कोर, आदि।

पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय के साथ किया करार

मोहाली। पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले। बिजॉय ने कहा, 'मैं पंजाब एफसी में शामिल होकर बहुत उत्साहित हूं और अपने करियर के इस नए अध्याय का बेसब्री से इंतज़ार कर रहा हूं। क्लब में रक्षा पंक्ति में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा है जो मेरे विकास के लिए बहुत अच्छा है और यह मुझे हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।'

ऋतुपुर्णा-श्वेतापर्णा की जोड़ी जापान ओपन से बाहर

टोक्यो। ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी अगले दिन अपने अभियान का आगाज करेंगे।

टेस्ट इतिहास का दूसरा न्यूनतम स्कोर, आस्ट्रेलिया ने सीरीज 3-0 से जीती

स्टार्क और बोलैंड ने वेस्टइंडीज को केवल 27 रन पर ढेर किया

किंग्स्टन (जमैका) (एपी)। मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रन से जीत कर श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रन के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा।

अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे। यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया।

वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए।

तीसरा क्रिकेट टेस्ट

- आस्ट्रेलिया ने यह डे-नाइट टेस्ट 176 रन से जीता
- मिचेल स्टार्क ने मात्र नौ रन देकर झटके छह विकेट
- बोलैंड ने लगातार तीन गेंदों पर विकेट लिये, हैट्रिक
- स्टार्क ने जीत से 100वें टेस्ट को यादगार बनाया
- इस दौरान स्टार्क ने 400 टेस्ट विकेट भी पूरे किये

टेस्ट की एक पारी में न्यूनतम स्कोर

टीम	स्कोर	विरुद्ध	स्थान	सत्र
न्यूजीलैंड	26	इंग्लैंड	ऑकलैंड	1954-55
वेस्टइंडीज	26	आस्ट्रेलिया	किंग्स्टन	2025
दक्षिण अफ्रीका	30	इंग्लैंड	गकेबरहा	1895-96
दक्षिण अफ्रीका	30	इंग्लैंड	बर्मिंघम	1924
दक्षिण अफ्रीका	35	इंग्लैंड	केपटाउन	1898-99
दक्षिण अफ्रीका	36	आस्ट्रेलिया	मेलबर्न	1931-32
आस्ट्रेलिया	36	इंग्लैंड	बर्मिंघम	1902
भारत	36	आस्ट्रेलिया	एडीलेड	2020-21

किंग्सटन : वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट और सीरीज जीतने वाली आस्ट्रेलियाई टीम।

उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रन और दूसरा टेस्ट मैच 133 रन से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा, यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा।' स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया, जबकि बोलैंड ने जस्टिन ग्रीव्स, शमर जोसेफ और जोमेल वारिकन के विकेट लेकर अपनी हैट्रिक पूरी की। यह किसी ऑस्ट्रेलियाई की 10वीं टेस्ट हैट्रिक है। बोलैंड ने दो रन देकर तीन विकेट लिए।

वेस्टइंडीज का यह टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर है। उसने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर बनाए गए 47 रन के स्कोर को पीछे छोड़ दिया। छठे ओवर में उसका स्कोर छह विकेट पर 11 रन था उस पर टेस्ट इतिहास के न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था।

लेकिन 14वें ओवर में 19 वर्षीय सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास की खराब फील्डिंग के कारण वेस्टइंडीज को एक रन लेने का मौका मिला और वह 27 रन तक पहुंच गया, जिससे न्यूजीलैंड का 70 साल पुराना 26 रन का रिकॉर्ड टूटने से बच गया, जो उसने 1955 में इंग्लैंड के खिलाफ ऑकलैंड में बनाया था।

इससे पहले अल्ज़ारी जोसेफ़ के 27 रन पर पांच विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज़ ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 121 रन पर समेट दिया, जिससे उसे जीत के लिए 204 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे दिन छह विकेट पर 99 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसने बाकी विकेट केवल आठ ओवर में गंवा दिए।

कैमरन ग्रीन (42) दिन की पहली गेंद पर आउट हो गए और उसके बाद बाकी बल्लेबाज जल्दी पवेलियन लौट गए।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 225 रन बनाए थे जिसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 143 रन पर आउट हो गई थी।

वेस्टइंडीज़ के कप्तान रोस्टन चेज़ ने कहा कि श्रृंखला का इस तरह से अंत करना बेहद निराशाजनक है।

उन्होंने कहा, 'हमारे गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया और पूरी श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन हमारे बल्लेबाज अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरे।'

वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कैरेबियाई लोगों की भावनाओं को व्यक्त करते हुए लिखा, 'आज के परिणाम से पूरी तरह से निराश हैं।'

बाएं हाथ के स्पिनर डॉसन की आठ साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी

लंदन (भाषा)। बायें हाथ के स्पिनर लियाम डासन ने आठ साल के अंतराल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की। उन्हें भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है।

तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते समय बशीर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। यह मैच इंग्लैंड ने 22 रन से जीता था।

चोट के बावजूद बशीर ने भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट करके अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की।

- भारत के खिलाफ इंग्लैंड की टीम घोषित

35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।

डॉसन ने अब तक 212 प्रथम श्रेणी मैचों में 371 विकेट लिए हैं। वह निचले मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10000 से अधिक रन बनाए हैं जिनमें 18 शतक भी शामिल हैं।

इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा, 'लियाम डॉसन टीम में शामिल होने के हकदार थे। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और उन्होंने हैम्पशर की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।' इस बीच तेज गेंदबाज सैम कुक और जेमी ओवरटन काउंटी टीमों से जुड़ गए हैं।

इंग्लैंड टीम : बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

लॉयड, रिचर्ड्स व लारा को मदद के लिए आमंत्रण मिला

किंगस्टन (जमैका) (भाषा)। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 0-3 की हार के बाद मंगलवार को पूर्व महान खिलाड़ियों क्लाइव लॉयड, विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को कैरेबियाई देशों में क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के तरीकों पर चर्चा को मजबूत करने के लिए आमंत्रित किया।

- कैरेबियन देशों में क्रिकेट को पुनर्जीवित करने के लिए वेस्टइंडीज बोर्ड ने की पहल

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे टेस्ट में मिचेल स्टार्क (नौ रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी और स्कॉट बोलैंड की हैट्रिक की बदौलत वेस्टइंडीज को 27 रन पर समेट दिया जो टेस्ट क्रिकेट का दूसरा सबसे कम स्कोर है। मिसफील्ड के कारण वेस्टइंडीज की टीम सर्वकालिक न्यूनतम स्कोर की बराबरी करने से बच गई। सबीना पार्क में दिन-रात्रि टेस्ट में मेजबान टीम को ऑल आउट करने के लिए ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 14.3 ओवर की जरूरत पड़ी। सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष किशोर शैलो ने एक बयान में कहा, 'चर्चा को मजबूत करने के लिए मैंने हमारे तीन महानतम बल्लेबाजों सर क्लाइव लॉयड, सर विवियन रिचर्ड्स और ब्रायन लारा को आमंत्रित किया है।' उन्होंने कहा, 'वे पूर्व दिग्गज खिलाड़ियों डॉ. शिवनारायण चंद्रपॉल, डॉ. द मोस्ट ऑनरेबल डेसमंड हेन्स, इयान ब्रैडशॉ के साथ शामिल होंगे जो पहले से ही समिति का हिस्सा हैं।' शैलो ने कहा, 'यह मुलाकात कोई औपचारिकता नहीं है। ये वे लोग हैं जिन्होंने हमारे स्वर्णिम युग को परिभाषित करने में मदद की है।'

शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची

दुबई (भाषा)। भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही।

इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गयी है। उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी।

भारत की ऐतिहासिक 3-2 से श्रृंखला जीत में अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की सुधार के साथ 39वें स्थान पर और हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 26 स्थान की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गयी।

इंग्लैंड टीम के प्रबंधन के वर्क लोड को लेकर

स्टोक्स ने नए मानक स्थापित किए

लंदन (भाषा)। लॉर्ड्स टेस्ट में जीत दांव पर लगी थी और ऐसे में अपने करियर के दौरान चोटों से जूझते रहे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने काम के बोझ के प्रबंधन को दरकिनार करते हुए पांचवें और अंतिम दिन दो मैराथन स्पैल फेंके जिससे उन्होंने ना केवल अपने खिलाड़ियों के लिए बल्कि अंतिम दो मैच से पहले भारतीय तेज गेंदबाजों के लिए भी नए मानक स्थापित किए।

- कई चोटों से जूझने वाले स्टोक्स ने दो मैराथन स्पैल फेंके
- जनवरी में हुई थी उनकी सर्जरी

चौंतीस वर्षीय ऑलराउंडर स्टोक्स को अपने करियर के दौरान चोटों से जूझना पड़ा है और पैर की मांसपेशियों में खिंचाव के बाद जनवरी में उनकी सर्जरी हुई थी।

फिर भी चोटिल होने की आशंका के बावजूद स्टोक्स ने तीसरे टेस्ट में अपनी पूरी ताकत झोंक दी और सोमवार को 9.2 और 10 ओवर के दो लंबे स्पैल करके भारत पर दबाव बनाए रखा। स्टोक्स को ड्रेसिंग रूम से लगातार याद दिलाया जा रहा था कि उन्हें अपने उम्रदराज होते शरीर का ध्यान रखना है लेकिन इंग्लैंड के कप्तान ने इस पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। मैच में 44 ओवर, विशेषकर पांचवें दिन का अधिक कार्यभार स्टोक्स के शरीर पर असर डाल सकता है लेकिन अपनी फिटनेस बेहतर करने के लिए शराब छोड़ने वाले इंग्लैंड के कप्तान को उम्मीद है कि आठ दिन बाद शुरू होने वाले मैनचेस्टर टेस्ट के लिए वह फिर से तरोताजा हो जाएंगे। टेस्ट मैच जीतने के लिए स्टोक्स की प्रतिबद्धता ने भारतीय खेमे से जुड़े कुछ सवाल भी खड़े किए हैं।

स्टोक्स की तरह चोटिल होने की आशंका वाले क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह पांच में से केवल तीन टेस्ट मैच ही खेलेंगे। दौरे से काफी पहले ही इसकी योजना बना ली गई थी और इस चैंपियन तेज गेंदबाज ने गेंदबाजी के बोझ के प्रबंधन के तहत बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट मैच नहीं खेला था जबकि भारत लीड्स में श्रृंखला का पहला मैच हार गया था। दूसरे टेस्ट में बुमराह की गैरमौजूदगी में भारत ने बड़ी जीत दर्ज की जबकि लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लार्ड्स में दिल तोड़ने वाली हार के बाद भारत एक बार फिर पिछड़ रहा है और ऐसे में बुमराह के ओल्ड ट्रैफर्ड में श्रृंखला में आखिरी बार खेलने की उम्मीद है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने स्टोक्स का उदाहरण देते हुए कहा कि 'काम के बोझ के प्रबंधन' शब्द को कई बार जरूरत से अधिक महत्व दिया जाता है।

इंग्लैंड व न्यूजीलैंड से अभ्यास मैच खेलेगा भारत

दुबई (भाषा)। भारत इस साल सितम्बर-अक्टूबर में अपनी और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप से पहले बेंगलुरु में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा।

पाकिस्तान अपने अभ्यास मैच और विश्व कप मैच दोनों श्रीलंका में खेलेगा। यह भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आपसी सहमति से तय किया है। भारत 25 सितम्बर को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा और 30 सितम्बर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होने से तीन दिन पहले 27 सितम्बर को न्यूजीलैंड से उसी स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान 25 और 28 सितम्बर को कोलंबो के कोलंबो क्रिकेट क्लब में क्रमशः श्रीलंका और श्रीलंका 'ए' टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में कहा, '25 से 28 सितम्बर तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान (दोनों बेंगलुरु), आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (दोनों कोलंबो) में कुल नौ दिन-रात्रि मैच खेले जाएंगे।' बेंगलुरु और कोलंबो के चार स्थानों पर होने वाले अभ्यास मैचों में आठ टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। गत विजेता ऑस्ट्रेलिया पहले दिन अभ्यास नहीं करने वाली एकमात्र टीम है। टीम 27 सितम्बर को बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ अभ्यास मैच से शुरुआत करेगी। पचास ओवरों के विश्व कप की 12 साल बाद उपमहाद्वीप में वापसी हो रही है।

यह टूर्नामेंट 30 सितम्बर से दो नवम्बर तक पांच स्थानों : एम चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में खेला जाएगा।

महिला वनडे विश्व कप
अभ्यास मैचों का कार्यक्रम

25 सितम्बर : भारत बनाम इंग्लैंड (बेंगलुरु))
25 सितम्बर :दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड (बेंगलुरु)
25 सितम्बर :श्रीलंका बनाम पाकिस्तान (कोलंबो)
25 सितम्बर : बांग्लादेश बनाम श्रीलंका 'ए' (कोलंबो)
27 सितम्बर : ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड (बेंगलुरु)
27 सितम्बर भारत बनाम न्यूजीलैंड (बेंगलुरु)
27 सितम्बर श्रीलंका बनाम बांग्लादेश (कोलंबो)
28 सितम्बर : दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत 'ए' (बेंगलुरु)
28 सितम्बर पाकिस्तान बनाम श्रीलंका 'ए' (कोलंबो)।

अंतरराष्ट्रीय शूटर राही सरनोबत को आठ साल से नहीं मिला वेतन

मुंबई (वार्ता)। प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज राही सरनोबत को सरकारी सेवा में नियुक्ति के बावजूद पिछले आठ सालों से वेतन नहीं मिल रहा है।

बार-बार अपील करने के बाद भी कोई नतीजा नहीं निकलने पर, राही और उनके परिवार ने उपमुख्यमंत्री अजीत पवार से संपर्क किया और अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए एक औपचारिक पत्र सौंपा। पवार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह व्यक्तिगत रूप से इस मामले की जांच करेंगे।

राही सरनोबत एक प्रसिद्ध निशानेबाज हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए कई पदक जीते हैं। खेल के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों के सम्मान में, उन्हें 2014 में डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया गया था। नियुक्ति के बाद पहले तीन वर्षों तक उन्हें नियमित रूप से वेतन मिलता रहा। हालांकि, उसके बाद उनका वेतन रोक दिया गया और पिछले आठ वर्षों से उनका वेतन नहीं मिला है। सरकारी अधिकारियों के अनुसार, अनिवार्य तीन वर्षीय प्रशासनिक प्रशिक्षण पूरा न कर पाने के कारण उनका वेतन रोक दिया गया था। हालांकि, राही के परिवार का तर्क है कि उनकी नियुक्ति एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में उनकी उपलब्धियों के कारण हुई थी।

ओलंपिक में 12 जुलाई से शुरू होगा क्रिकेट

लॉस एंजिल्स (भाषा)। लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे।

पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा।

ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था।

पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं।

दीपिका और विक्टर वेगनेज ने जीता एफआईएच शीर्ष अवार्ड

लुसाने (स्विट्जरलैंड)(वार्ता)। एक और रोमांचक एफआईएच हॉकी प्रो लीग सीजन के समापन के बाद, दुनिया भर के हॉकी प्रशंसकों ने दीपिका (भारत) और विक्टर वेगनेज (बेल्जियम) को पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड्स का विजेता चुना है।

एफआईएच ग्लोबल सप्लायर पोलिटन द्वारा प्रदान किए गए इस पुरस्कार में, प्रशंसकों ने 4 से 13 जुलाई तक हॉकी के जादू को दर्शाने वाले पलों को चुनने के लिए वोट किया। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट में छह शानदार प्रदर्शन शामिल थे -3 महिला और 3 पुरुष -जिन्होंने 'लीग ऑफ द बेस्ट' सीजन के दौरान मैदान की शोभा बढ़ाई।

आखिरकार, पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड दीपिका को उनकी शानदार ड्रैगिंग और फ्लिकिंग क्षमता के लिए मिला, जिसमें उन्होंने एक शानदार सोलो गोल किया, और विक्टर वेगनेज को उनकी 'मिडफील्ड जादूगरी' के लिए, जिससे उनकी टीम ने एक शानदार गोल किया।

दीपिका और विक्टर वेगनेज को इस सफलता के लिए बहुत-बहुत बधाई, और वोट देने के लिए सभी प्रशंसकों का धन्यवाद !

कौशल भारत मिशन ने युवाओं को नौकरी के लिए नहीं, बल्कि भविष्य के लिए सक्षम बनाया है

पीयूष गोयल@PiyushGoyalOfficial

हमने प्रयोग के तौर पर द डेली ब्रीफ़ पॉडकास्ट और न्यूज़लेटर शुरू किया है। कई लोगों के लिए यह उनका दैनिक समाचार पत्र बन गया है।औसतन, हर दिन 60,000 से 1 लाख से ज़्यादा लोग 'द डेली ब्रीफ़' देखते या पढ़ते हैं

नितिन कामत@nithin.kamath

एआई से जाएंगी कई पुरानी नौकरियां, पर नए रोजगार भी होंगे पैदा

नई दिल्ली (भाषा)। वैश्विक पेशेवर सेवाप्रदाता डेलॉयट के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) उद्योगों और रोजमर्रा की जिंदगी को नया रूप देने वाली एक बदलावकारी प्रौद्योगिकी ताकत है, जो खत्म होने वाली नौकरियों से कहीं अधिक नए अवसरों को जन्म देगी।

डेलॉयट के दक्षिण एशिया क्षेत्र के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोमल शेट्टी ने एक बातचीत में कहा कि अधिक उन्नत चरणों में एआई एक बेहद मददगार और जरूरी साधन के तौर पर काम कर सकता है और यह मानवीय प्रतिभा की जगह लेने के बजाय उसकी मदद करता है।

उनका यह बयान एमआईटी के मीडिया लैब के हाल में आए एक शोध नतीजों की पृष्ठभूमि में महत्वपूर्ण है। इस अध्ययन से पता चला कि एआई उपकरण दक्षता में सुधार कर सकते हैं, लेकिन जेनरेटिव एआई पर अत्यधिक निर्भर लोगों की याद्दाश्त समय के साथ कम होने लगी है।

उन्होंने नौकरियों पर एआई के प्रभाव के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि एआई के आने से कुछ तरह की नौकरियां भले ही गायब हो जाएं लेकिन इतिहास बताता है कि नई तरह की भूमिकाएं और व्यावसायिक मॉडल उभरकर सामने आएंगे।शेट्टी ने एक हालिया अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि हर एक नौकरी के नुकसान पर लगभग दो नई नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला पिछली प्रौद्योगिकी क्रांतियों के रुझानों की भी पुष्टि करता है।

शेट्टी ने कहा, 'एआई शायद हमारे जीवनकाल में घटने वाली सबसे विघटनकारी चीज है। कम-से-कम इस दशक की यह सबसे बदलावकारी चीज है। साथ ही यह कई नई चीज़ें भी पैदा कर सकता है।' उन्होंने कहा, 'अतीत की तुलना में नई तरह की नौकरियां पैदा होंगी। पुरानी विशिष्ट नौकरियां शायद खत्म हो जाएंगी, लेकिन नई नौकरियां पैदा होंगी।' इसके साथ ही शेट्टी ने एआई में नैतिकता, सिद्धांतों और शासन को शामिल करने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों पर सावधानीपूर्वक ध्यान देने की जरूरत है।

उन्होंने शिक्षा में एआई को शामिल किए जाने पर कुछ सीमाएं निर्धारित करने की जरूरत देते हुए कहा कि शुरुआती स्कूली वर्षों में इस पर अत्यधिक निर्भरता होने से बच्चों की आलोचनात्मक सोच प्रभावित हो सकती है।

कोविड के बाद घर के लिए जमीन की मांग बढ़ी

नई दिल्ली (भाषा)। कोविड महामारी के बाद देश में घर बनाने के लिए जमीन की मांग बढ़ी है। इस मांग को पूरा करने के लिए पिछले साढ़े तीन साल में 2.44 लाख करोड़ रुपये के आवासीय भूखंड पेश किए गए हैं। प्रॉपइक्विटी की एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। जमीन, मकान से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी प्रॉपइक्विटी के अनुसार, जनवरी, 2022 से मई, 2025 के बीच बेंगलुरु और रायपुर समेत 10 महानगरों और मझोले (टियर-1 और टियर-2) शहरों में रियल एस्टेट कंपनियों ने लगभग 4.7 लाख आवासीय भूखंड पेश किए हैं।

उचित डीपीआर न बनाने वाले सलाहकारों को अब दंडित करेगी सरकार

नई दिल्ली (भाषा)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि सरकार उन सलाहकारों को दंडित करेगी जो राजमार्गों और सुरंगों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने में उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं करते हैं। डीपीआर, सड़क निर्माण परियोजना के लिए एक व्यापक खाका होता है। इसमें इसके क्रियान्वयन के लिए आवश्यक सभी तकनीकी, वित्तीय और लॉजिस्टिक्स विवरण का उल्लेख होता है। गडकरी ने यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'भारत में सलाहकार कंपनियों द्वारा तैयार डीपीआर की गुणवत्ता अच्छी नहीं है। इसके अलावा, ठेकेदार भी अच्छा काम नहीं कर रहे हैं।'सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा, 'हमने डीपीआर तैयार करने वाले सलाहकारों को 'रेटिंग' देना शुरू कर दिया है। जो लोग अच्छी डीपीआर बना रहे हैं उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा और जो उचित प्रक्रियाओं का पालन नहीं कर रहे हैं उन्हें दंडित किया जाएगा।'

निर्यात में ठहराव, व्यापार घाटा 4 माह के निम्न स्तर पर

नई दिल्ली (भाषा)। देश का वस्तु निर्यात जून महीने में 35.14 अरब डॉलर पर स्थिर रहा। वहीं व्यापार घाटा चार महीने के निचले स्तर 18.78 अरब डॉलर रहा। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। पिछले साल जून में निर्यात 35.16 अरब डॉलर था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य महीने में आयात 3.71 प्रतिशत घटकर 53.92 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले जून माह में यह 56 अरब डॉलर था।

पेट्रोलियम, कपड़ा, रत्न एवं आभूषण, चमड़ा, लौह अयस्क, तिलहन, काजू, मसाले, तंबाकू और कॉफी सहित प्रमुख निर्यात क्षेत्रों में आलोच्य महीने के दौरान गिरावट दर्ज की गई। पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात जून में 15.92 प्रतिशत घटकर 4.61 अरब डॉलर और पहली तिमाही के दौरान 15.63 प्रतिशत कम होकर 17.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। हालांकि, इंजीनियरिंग, चाय, चावल, सभी प्रकार के सिलेसिलाए परिधान, रसायन, समुद्री उत्पाद और औषधि के निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई है। इलेक्ट्रॉनिक सामान का निर्यात जून में 46.93 प्रतिशत बढ़कर 4.14 अरब डॉलर हो गया। वहीं अप्रैल-जून तिमाही के दौरान यह 47.11 प्रतिशत बढ़कर 12.4 अरब डॉलर हो गया।

चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान निर्यात 1.92 प्रतिशत बढ़कर 112.17 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि आयात 4.24 प्रतिशत बढ़कर 179.44 अरब डॉलर रहा। अप्रैल-जून, 2025 के दौरान वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 67.26 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह 62.10 अरब डॉलर था।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात 210 अरब डॉलर रहने का अनुमान है, जो सालाना आधार पर लगभग छह प्रतिशत की वृद्धि है। उन्होंने कहा, 'अगर वृद्धि इसी तरह जारी रही, तो हम पिछले साल के निर्यात के आंकड़े को पार कर जाएंगे।' वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात 825 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर रहा था। आयात के मोर्चे पर, कच्चे तेल और सोने का आयात क्रमशः 8.37 प्रतिशत और 25.73 प्रतिशत घटकर 13.8 अरब अमेरिकी डॉलर और 1.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।

इसके अलावा, जून में सेवा निर्यात का अनुमानित मूल्य 32.84 अरब डॉलर है, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 28.67 अरब डॉलर था। जून में सेवाओं का आयात 17.58 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

सेबी ने उद्यम पूंजी कोषों के लिए पेश की समाधान योजना

नई दिल्ली (भाषा)। बाजार नियामक सेबी ने 21 जुलाई से शुरू होने वाली एक योजना की मंगलवार को घोषणा की, जो 'माइग्रेटेड' उद्यम पूंजी (वीसी) कोषों द्वारा समापन प्रावधानों के उल्लंघन के निपटान में सहायता करेगी।

'माइग्रेटेड' उद्यम पूंजी कोष वे पुराने कोष हैं जिन्होंने भारतीय नियामकीय ढांचे में बदलाव की वजह से अपने पुराने पंजीकरण से नए वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) नियमों के तहत अपना स्थानांतरण कर लिया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक बयान में कहा कि यह योजना 19 जनवरी, 2026 को समाप्त होगी।

सेबी ने कहा कि उद्यम पूंजी कोष निपटान योजना, 2025 उन उद्यम पूंजी कोषों के लिए है जो अपनी तयशुदा समयसीमा पूरी कर चुके हैं, लेकिन अभी तक पूरी तरह से बंद नहीं हो पाए हैं। इन कोषों के पास अब भी कुछ ऐसे निवेश हो सकते हैं जिन्हें बेचा नहीं गया है या नकदी में नहीं बदला नहीं गया है। मई, 2012 में वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) विनियमों की अधिसूचना के बाद सेबी ने उद्यम पूंजी कोष विनियमों को निरस्त कर दिया था। हालांकि, कुछ उद्यम पूंजी कोष (वीसीएफ) अपनी अवधि के दौरान निवेश का परिसमापन नहीं कर पाए और उन्होंने नकदी में न बदले जा सके निवेश को अपने पास बनाए रखा।

क्रेडिट कार्ड यूज करते हैं 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले 93%

मुंबई (भाषा)। कम आय वर्ग के लोगों में क्रेडिट कार्ड पर निर्भरता बढ़ रही है। 'थिंक 360 डॉट एआई' के एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है। अध्ययन में कहा गया है कि 50,000 रुपये मासिक से कम कमाने वाले लगभग 93 प्रतिशत वेतनभोगी इस 'प्लास्टिक मनी' पर निर्भर है। इस अध्ययन के तहत 12 महीने के दौरान भारत में 20,000 से अधिक वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले व्यक्तियों के वित्तीय व्यवहार का विश्लेषण किया गया। 85 प्रतिशत स्वरोजगार वाले व्यक्ति क्रेडिट कार्ड पर निर्भर है।

मंगलवार को जारी अध्ययन में कहा गया कि 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' (बीएनपीएल) सेवाओं का इस्तेमाल 18 प्रतिशत स्वरोजगार व्यक्ति और 15 प्रतिशत वेतनभोगी व्यक्ति करते है। 'थिंक 360 डॉट एआई' के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमित दास ने कहा, 'भारत के विकसित होते कर्ज परिदृश्य में क्रेडिट कार्ड और बीएनपीएल अब वेतनभोगी पेशेवरों से लेकर अस्थायी कर्मियों तक, सभी के लिए जरूरत बन गए है।' रिपोर्ट में वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों (फिनटेक) के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख भी किया गया है, जो भारत की डिजिटल ऋण क्रांति का नेतृत्व कर रही है।

फिनटेक कंपनियों ने 2022-23 में 92,000 करोड़ रुपये से अधिक के व्यक्तिगत ऋण वितरित किए, जो मात्रा के हिसाब से सभी नए कर्ज का 76 प्रतिशत है।

मुंबई में एक्सपीरियंस सेंटर खोलकर टेस्ला ने भारतीय बाजार में किया प्रवेश

मुंबई (भाषा)। इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता कंपनी टेस्ला ने मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में अपना पहला 'एक्सपीरियंस सेंटर' मंगलवार को खोलने के साथ ही आधिकारिक तौर पर भारत में प्रवेश किया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इसका उद्घाटन किया।

फडणवीस ने इस मौके पर कहा कि राज्य सरकार चाहती है कि टेस्ला भारत में अपने अनुसंधान एवं विकास और विनिर्माण सुविधाएं स्थापित करे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'हम चाहते हैं कि अनुसंधान, विकास और विनिर्माण भारत में ही हो। मुझे यकीन है कि टेस्ला उचित समय पर इस बारे में विचार करेगी।' उन्होंने कहा, 'अपनी इस यात्रा में महाराष्ट्र को एक भागीदार मानें।' मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई में अपना पहला केंद्र खोलने का टेस्ला का फैसला शहर और राज्य में उसके विश्वास को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, 'टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन इस बात का प्रमाण है कि टेस्ला सही शहर और सही राज्य (यानी मुंबई और महाराष्ट्र) में आ गई है।' फडणवीस ने कहा कि मुंबई न केवल भारत की वित्तीय, वाणिज्यिक और मनोरंजन राजधानी है, बल्कि एक उद्यमशीलता केंद्र भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने 2015 में अमेरिका में पहली बार टेस्ला गाड़ी चलाई थी। उन्होंने कहा, 'तब मैंने सोचा था कि भारत में भी ऐसी गाड़ी होनी चाहिए। इसमें करीब 10 साल लग गए, लेकिन हमें बहुत खुशी है कि आप आखिरकार यहां आ गए हैं। भारत में लोग टेस्ला का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि आपूर्ति शुरू होने पर आपको यहां अपने सबसे अच्छे बाजारों में से एक मिलेगा।'

टेस्ला ने मुंबई के लोढा पार्क में 24,565 वर्ग फुट का 'वेयरहाउसिंग स्पेस' पट्टे पर लिया था। 'टेस्ला एक्सपीरियंस सेंटर', टेस्ला की गाड़ियों और उनकी प्रौद्योगिकी को ग्राहकों तक पहुंचाने का एक खास तरीका है। ये पारंपरिक 'कार शोरूम' से हटकर होते हैं और ग्राहकों को टेस्ला के उत्पादों एवं नवाचारों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित होते हैं।

स्पैम एसएमएस की पहचान करना हुआ आसान

नई दिल्ली (भाषा)। मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए अब वास्तविक और स्पैम एसएमएस के बीच अंतर कर पाना आसान होगा। इसकी वजह यह है कि दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने एसएमएस भेजने वाली संस्थाओं के नाम के साथ कुछ प्रतीकात्मक प्रत्यय लगाने शुरू कर दिए हैं। दूरसंचार कंपनियों के निकाय सीओएआई ने यह जानकारी दी।

सीओएआई ने एक बयान में कहा कि स्पैम संदेश भेजने वाले अब ओवर-द-टॉप यानी इंटरनेट मैसेजिंग ऐप का रास्ता अपनाने लगे हैं जिससे स्पैम और धोखाधड़ी वाले संदेशों की जांच के लिए सख्त उपाय लागू करने का उद्देश्य ही विफल हो जाता है। इसे ध्यान में रखते हुए उपयोगकर्ताओं की सुविधा के लिए एसएमएस के शीर्षक पर ऐसे सांकेतिक क्षअर लगाए गए हैं जिन्हें देखकर यह समझा जा सकता है कि वह किस तरह का संदेश है।

सीओएआई के महानिदेशक एसपी कोचर ने कहा, 'सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने एसएमएस हेडर पर प्रचारात्मक ('पी'), सेवा-संबंधी ('एस'), लेनदेन संबंधी ('टी') और सरकारी ('जी') संचार प्रत्यय प्रणाली लागू कर दी है। दूरसंचार वाणिज्यिक संचार ग्राहक वरीयता विनियम (टीसीसीसीपीआर) ने 12 फरवरी, 2025 को टीसीसीसीपी विनियमन में संशोधन के जरिये इसे अनिवार्यकर दिया था।' कोचर ने कहा कि इस प्रत्यय प्रणाली के लागू होने से पारदर्शिता और उपभोक्ता संरक्षण में वृद्धि हुई है क्योंकि इस तरह के वर्गीकरण से ग्राहकों को आने वाले संदेशों की प्रकृति को आसानी से पहचानने, स्पैम को कम करने, अनुपालन को मजबूत करने और समग्र विश्वास एवं सुविधा में सुधार करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, 'उपयोगकर्ता एक नजर में ही प्रचार वाले, सेवा-संबंधी, लेनदेन संबंधी और सरकारी संदेशों को आसानी से पहचान और उनके बीच फर्क कर सकते हैं। प्रचार वाले संदेशों ('पी') को स्पष्ट रूप से चिह्नित करने से ग्राहकों को अवांछित विपणन संदेशों से बचने में मदद मिलती है, जिससे स्पैम को प्रभावी ढंग से कम किया जा सकता है।' इसी तरह, ग्राहक वास्तविक लेनदेन संबंधी ('टी') और सेवा-संबंधी ('एस') संदेशों को भी आसानी से पहचान सकते हैं। ऐसा होने पर उनके धोखाधड़ी या घोटाले के शिकार होने की आशंका कम हो जाती है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर चिंता जताई कि स्पैमर और घोटालेबाज लगातार गैर-विनियमित मैसेजिंग ऐप का सहारा ले रहे हैं।

यात्री वाहनों की बिक्री जून तिमाही में 1.4% घटकर 10.11 लाख इकाई पर

मुंबई (भाषा)। देश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत घटकर 10,11,882 इकाई रही है। गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में यह आंकड़ा 10,26,006 इकाई रहा था।

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सोसायटी आफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में कुल दोपहिया वाहन बिक्री भी 6.2 प्रतिशत घटकर 46,74,562 इकाई रह गई, जबकि 2024 की इसी अवधि में यह 49,85,631 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों (सीवी) की बिक्री अप्रैल-जून तिमाही में मामूली 0.6 प्रतिशत घटकर 2,23,215 इकाई रह गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 2,24,575 इकाई थी।

सियाम के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में तिपहिया वाहनों की बिक्री 1,65,081 इकाई पर लगभग स्थिर रही। सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, '2025-26 की पहली तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 1.4 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 10.1 लाख इकाई रही।' मोटर वाहन उद्योग निकाय ने कहा कि पिछले दो वर्ष में दूसरी बार पहली तिमाही में यात्री वाहनों की बिक्री 10 लाख के आंकड़े को पार कर गई है। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने कहा, 'वाहन उद्योग का प्रदर्शन अपेक्षाकृत सपाट रहा। हालांकि यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों का खुदरा पंजीकरण पिछली तिमाही की तुलना में मामूली रूप से अधिक रहा।'

कार्यालय : उपजिलाधिकारी बांसी, जनपद-सिद्धार्थनगर

-:: नीलामी सूचना तहसील-बाँसी, जनपद-सिद्धार्थनगर ::-

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 राजस्व सं0 2006 यथा संसोधित 2015 के साथ सपठित उ0प्र0 राजस्व संहिता नियमावली 2016 की धारा 61 नियम 57,58 के अर्न्तगत निम्नलिखित विवरण के अनुसार मत्स्य पालन हेतु तालाब/पोखर/मीनाशय एवं जल प्रणालियों को 10 वर्षीय मत्स्य आवंटन हेतु पात्र व्यक्तियों के मध्य नीलामी सूचना हेतु शिविर,नीलामी की तिथि, स्थान,समय नियत करते हुए तहसीलदार बाँसी को नीलाम अधिकारी नामित किया जाता है। तहसीलदार बाँसी की अनुपस्थित में नायब तहसीलदार सदर नीलाम अधिकारी होंगे। नीलामी शिविर का आयोजन तहसील सभागार–बाँसी में प्रातः 11:00 बजे से 05:00 बजे तक कालम सं0–7 में निर्धारित तिथि पर किया जायेगा। अद्योलिखित तालाबों का विवरण निम्नवत है–

क्रम सं0	ग्राम सभा/ब्लाक तहसील का नाम	तप्पा	तालाब/पोखर/मीनाशय एवं जल प्रणालियां		आरक्षित बोली के अनुसार धनराशि 10000 रू प्रति हे0 की दर से वार्षिक लगान रू0 में	नीलामी तिथि	नीलामी बोली बोलने हेतु जमानत धनराशि आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत रू0 में
			गाटा सं0	रक्बा			
1	2	3	4	5	6	7	8
0.202 हे0 से 1.999 हे0 तक के ताल पोखरों का विवरण							
1	रेहरा	कोडरी	439क	1.405	14050	01.08.2025	14050
2	बरदही नानकार	पचहर	346	0.536	5360	01.08.2025	5360
3	नचनी	असनार	160	0.726	7260	01.08.2025	7260
4	रिउना	गोसियारी	85क	0.637	6370	01.08.2025	6370
5	तलपुरवा	पचहर	89	0.821	8210	01.08.2025	8210
6	कोल्हुई	असनार	238क	0.373	3730	01.08.2025	3730
7	कोल्हुई	असनार	337	0.316	3160	01.08.2025	3160
8	कोल्हुई	असनार	426ख	0.334	3340	01.08.2025	3340
9	कोल्हुई	असनार	450 मि0	0.333	3330	01.08.2025	3330
10	मस्जिदिया	मसिना	218	0.274	2740	01.08.2025	2740
11	जमुनी	असनार	190	0.620	6200	01.08.2025	6200
12	तिलांग	मसिना	65क	0.706	7060	01.08.2025	7060
13	कपिया कला	गोसियारी	176	0.636	6360	04.08.2025	6360
14	मउ	कोडरी	141	1.028	10280	04.08.2025	10280
15	चांदेगडिया	कोडरी	130	1.550	15500	04.08.2025	15500
16	रेहरा	कोडरी	100	0.457	4570	04.08.2025	4570
17	गौरी	असनार	170	0.369	3690	04.08.2025	3690
18	चरथरी	कुदारन	749	0.388	3880	04.08.2025	3880
19	पचारी कला	असनार	24मि0	0.285	2850	04.08.2025	2850
20	चरथरी	कुदारन	445घ	0.342	3420	04.08.2025	3420
21	बनकेगांव	असनार	244क	0.814	8140	04.08.2025	8140
22	पचमोहनी	असनार	301	0.651	6510	04.08.2025	6510
23	लहरा	छतसी	195	0.522	5220	04.08.2025	5220
24	बनकेगांव	असनार	387	0.772	7720	05.08.2025	7720
25	अकोल्ही	मजोरा	39	0.445	4450	05.08.2025	4450
26	प्रतापपुर	असनार	74 75 76क आपस में सटे हुए है	0.141 0.012 0.199	3520	05.08.2025	3520
27	करमा	सकरा	58मि0	0.496	4960	05.08.2025	4960
28	करमा	सकरा	207	0.490	4900	05.08.2025	4900
29	करमा	सकरा	338	0.327	3270	05.08.2025	3270
30	करमा	सकरा	137	0.449	4490	05.08.2025	4490
31	करमा,करही	सकरा	281 27 आपस में सटे हुए है	0.182 0.396	5760	05.08.2025	5760
32	महुआ	मसिना	14	0.231	2310	05.08.2025	2310
2.0 हे0 से बडे तलाबो का विवरण वार्षिक लगान 10000.00 रू0 प्रति हे0 की दर से							
33	पचमोहनी	असनार	72	3.3850	33850	05.08.2025	33850
34	कौवा ताल	छतसी	208क	16.064	160640	05.08.2025	160640

नोटः–1. नीलामी बोली में सम्मलित होने हेतु प्रार्थना पत्र के साथ नवीनतम फोटो तथा जाति,आय,निवास प्रमाण पत्र (जो छः माह से अधिक पुराना न हो) एवं आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

2. वह व्यक्ति/समिति जिन्हे पूर्व में मत्स्य पालन पट्टा आवंटन स्वीकृत था, वह दस वर्षो के लगान जमा रसीद/चालान के साथ शिविर मे प्रतिभाग करेंगे अन्यथा के दशा में उनका आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।

3. नीलामी की कार्यवाही स्वीकृत अधिकारी द्वारा बिना कारण बताये किसी समय स्थगित या अस्वीकृत किया जा सकता है, उसके विरूद्ध किसी भी न्यायालय में कोई दावा दाखिल नहीं किया जायेगा।

4. नीलामी प्रक्रिया में बोली बोलने की पात्रता एवं शर्ते शासनादेश सं0–3726/1–2–95 रा0–02–1710–1995 व उ0प्र0रा0सं0 नियमावली 2016 की राजस्व अनुभाग–01 के 170/एक–01–2016–15(1) 1998–99 दिनांक 10.02.2016 के अनुरूप होगी।

5. नीलामी से सम्बन्धित कोई भी जानकारी कार्यलय तहसीलदार बाँसी (रा0का0 पट्टा) से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है।

उपजिलाधिकारी
बांसी

पत्रांक : 127(2)/ र.का./ पट्टा/ 2025-26 दिनांक : 14 जुलाई, 2025

'कुछ समय अपने आप के साथ बिताना चाहिए!'
अमिताभ बच्चन@SrBachchan

'इस बार वह निर्दयी, बेरहम,दयाहीन और युद्ध के लिए तैयार है। क्या आप भी तैयार हैं? 'वार2' की उल्टी गिनती अब शुरू होती है। फिल्म हिंदी, तेलुगु और तमिल में 14 अगस्त को रिलीज़ होगी!'
हृतिक रोशन@iHrithik

स्टंट मास्टर राजू की मौत पर स्टंट कलाकारों ने जताया शोक

मुंबई/चेन्नई (भाषा)। जाने-माने स्टंटमैन एस एम राजू की तमिल फिल्म 'वेट्टुवम' की शूटिंग के दौरान एक्शन सीन करते समय हुई मौत पर स्टंट बिरादरी ने गहरा शोक व्यक्त किया। राजू (52) का असली नाम मोहन राज था। उनकी तमिलनाडु के नागपट्टिनम में एक फिल्म के एक्शन दृश्य की शूटिंग के दौरान मौत हो गई। जाने-माने स्टंट निर्देशक श्याम कौशल ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद है। मैंने उनके साथ काम नहीं किया है, लेकिन स्टंट समुदाय एक परिवार जैसा होता है।'मूवी स्टंट आर्टिस्ट्स एसोसिएशन' के महासचिव एजाज गुलाब ने भी इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। गुलाब ने कहा, 'कार और बाइक से जुड़े स्टंट हमेशा जोखिम भरे होते हैं। यह घटना बेहद दुखद है। स्टंटमैन और अभिनेता सिल्वा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर राजू को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा, ''हमारे बेहतरीन कार जंपिग स्टंट कलाकारों में से एक एस एम राजू का निधन स्टंट करते समय हो गया। श्रद्धांजलि। हमारी यूनियन और फिल्म इंडस्ट्री उन्हें याद करेगी।'' स्टंटमैन शंकर ने कहा कि वह राजू की मौत से बेहद दुखी है। शंकर ''चेन्नई एक्सप्रेस'' में कार स्टंट करते समय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। फिल्म जगत में 50 वर्षों से अधिक समय तक सक्रिय रहे पूर्व स्टंटमैन और निर्देशक राम शेट्टी ने भी शोक जताते हुए कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे हादसों में किसी की जान चली जाती है। स्टंट कलाकार परवेज शेख ने कहा, 'राजू ने अपने करियर में कई बड़े स्टंट किए हैं। यह खबर दिल तोड़ने वाली है।

खांसी, दर्द और सूजन को दूर करने में माहिर है

यूकेलिप्टस

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सेहत को बनाए रखने के लिए आजकल लोग प्राकृतिक चीजों की तरफ ज्यादा ध्यान देने लगे हैं। प्रकृति में कई ऐसे पेड़-पौधे हैं, जो हमारे शरीर को रोगों से दूर रखते हैं। इनमें से एक है 'नीलगिरी', जिसे यूकेलिप्टस भी कहा जाता है, एक अत्यंत लाभकारी पेड़ है। इसका हर एक हिस्सा, खासकर इसके पत्तों से निकाले जाने वाला तेल, औषधीय रूप में गुणकारी माना जाता है, जो कई बीमारियों और तकलीफों में रामबाण की तरह काम करता है। अगर आपको सदी-खांसी, जोड़ों का दर्द, गठिया, साइटिका, या फिर सूजन की समस्या है, तो नीलगिरी का तेल आपके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। लेकिन इसका इस्तेमाल बेहद सावधानी से करना चाहिए।

अमेरिकी नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, नीलगिरी तेल पर वैज्ञानिकों और अनुसंधान संस्थानों ने कई शोध किए हैं। इन वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि इसका तेल बहुत खास होता है और इसे कई तरह की बीमारियों में काम में लिया जा सकता है। शोधों में यह देखा गया है कि नीलगिरी के तेल में मौजूद कुछ रसायन जैसे सिनेओल और अल्फा-पाइनिन दर्द और सूजन कम करने में मदद करते हैं। इससे मांसपेशियों का दर्द, गठिया और साइटिका जैसी समस्याओं में आराम मिलता है। नीलगिरी का तेल, खासकर घर में होने वाली आम समस्याओं के लिए, एक चमत्कारी औषधि के रूप में जाना जाता है। इसका तेल सदी, खांसी और बंद नाक जैसे श्वसन संबंधी रोगों में भी फायदेमंद है। जब आप इसकी कुछ बूंदों को पानी में डालकर भाप लेते हैं, तो यह श्वसन तंत्र को साफ करता है और बंद नाक खोलने में मदद करता है। इसमें मौजूद सिनिओल नामक तत्व बलगम को ढीला करके बाहर निकालने में सहायक होता है। इसके अलावा, यह तेल मांसपेशियों के दर्द और सूजन को भी कम करता है, इसलिए जोड़ों के दर्द, साइटिका या गठिया जैसी समस्याओं में यह बहुत उपयोगी है। यह तेल एंटीसेप्टिक और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है, जो त्वचा पर होने वाले मुंहासे, फोड़े-फुंसी और फंगल इन्फेक्शन को ठीक करता है। इसके घाव पर लगाने से संक्रमण का खतरा कम होता है और घाव जल्दी भरते हैं।

छोटी हरड़ः संपूर्ण स्वास्थ्य की रक्षक

नई दिल्ली (आईएएनएस)। छोटी हरड़ को हरीतकी भी कहते हैं। यह एक आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी है जिसका उपयोग विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। यह एक मध्यम आकार का पर्णपाती पेड़ है जो 30 मीटर (98 फीट) तक लंबा होता है। हरड़ का उपयोग पाचन, कब्ज, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के लिए किया जाता है। छोटी हरड़ का वैज्ञानिक नाम 'टर्मिनलिया चेबुला' है। इसके फल को गुठली बनने से पहले ही तोड़कर सुखाया जाता है; उसे ही छोटी हरड़ बोलते हैं। इसका रंग आमतौर पर स्याह पीला या भूरा होता है। इसका पौधा मुख्य रूप से हिमालयी क्षेत्रों में पाया जाता है। वैद्यक ग्रंथों में लिखा है कि जन्म देने वाली माता धोखा दे सकती है, मगर पेट में गई हुई हरड़ धोखा नहीं दे सकती। कहने का भाव है कि जैसे माता बालक को कोई कष्ट नहीं होने देती, उसी प्रकार हरड़ का सेवन करने से यदि दस्त भी लग जाए तो पेट में दर्द या जलन नहीं होगी, अपितु सहजता से विरेचन कर काया को निरोगी बनाती है। चरक संहिता के अनुसार, छोटी हरड़ एक प्राकृतिक रेचक है, जो कब्ज से राहत दिलाने, मल त्याग को नियमित करने और अपच, गैस व पेट फूलने जैसी समस्याओं को दूर करने में मदद करती है। साथ ही यह शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालने और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करता है, जिससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है। यह मधुमेह रोगियों के लिए भी उपयोगी है क्योंकि यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद करता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को रोगों से लड़ने की ताकत देते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं। इसके रक्त-शुद्धि और कायाकल्प गुणों के कारण यह त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे मुंहासे, दाने और सूजन में लाभकारी हो सकते है। यह बालों के स्वास्थ्य को भी बढ़ावा देता है। खांसी, जुकाम, अस्थमा और ब्रोंकाइटिस जैसी श्वसन संबंधी समस्याओं में इसका उपयोग किया जाता है। यह बलगम को पतला करके फेफड़ों से बाहर निकालने में मदद करती है और सांस लेने में आसानी प्रदान करती है। हालांकि किसी भी चिकित्सीय सलाह के बगैर इसका सेवन नहीं करना चाहिए।

ऑफिस वालों के लिए वरदान है

'सेतुबंधासन'

नई दिल्ली (आईएएनएस)। हर दिन की भागदौड़, तनाव, काम का दबाव और अनियमित जीवनशैली का सीधा असर हमारे शरीर और दिमाग पर पड़ता है। अक्सर लोग खुद पर ध्यान देना भूल जाते हैं, जिसकी वजह से थकान, चिड़चिड़ापन, नींद न आना और पाचन जैसी दिक्कतें आम हो जाती हैं। ऐसे में अगर हम रोज थोड़ा सा समय योग के लिए निकाल लें, तो ये छोटी-छोटी परेशानियां काफी हद तक कम हो सकती हैं। योग सिर्फ शरीर को लचीला या मजबूत बनाने का जरिया नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में भी मदद करता है। कई योगासनों में एक आसन है- 'सेतुबंधासन', जिसे ब्रिज पोज भी कहा जाता है। यह आसन खासकर ऑफिस वालों के लिए बेहद फायदेमंद है, जो पूरे दिन कंप्यूटर या लैपटॉप के सामने बैठकर काम करते हैं। आयुष मंत्रालय के अनुसार, सेतुबंधासन पीठ, रीढ़ की हड्डी और गर्दन को मजबूती देता है, जिससे लंबे समय तक बैठने से होने वाला दर्द कम होता है। इसके अलावा, यह आसन मानसिक तनाव को भी कम करता है। अगर आप खुद को अक्सर थका हुआ या बेचैनी सी महसूस करते हैं, तो इस आसन का अभ्यास करना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। यह न सिर्फ दिमाग को शांत करता है, बल्कि हार्मोन का संतुलन भी बनाए रखता है, जिससे मूड अच्छा रहता है और

नींद भी बेहतर आती है। इस आसन को करने से शरीर में खिंचाव आता है, जो मांसपेशियों को रिलैक्स करता है और थकान दूर करता है। इसके साथ ही यह पेट, फेफड़ों और थायराइड ग्रंथि पर भी अच्छा असर डालता है। सेतुबंधासन से पाचन क्रिया बेहतर होती है और सांस से जुड़ी दिक्कतों में राहत मिलती है। रोजाना इस आसन को करने से हार्मोन से जुड़ी समस्याएं भी धीरे-धीरे कम होने लगती हैं। महिलाओं के लिए यह योगासन मासिक धर्म के दौरान होने वाली तकलीफों को भी कम करता है, जैसे पेट दर्द, थकावट या मूड स्विंग। मेनोपॉज की स्थिति में भी यह आसन मन को शांत करता है और शरीर को सुकून देता है। इसके अलावा, यह टांगों, टखनों और हिप्स की मांसपेशियों को भी मजबूत देता है, जिससे चलना-फिरना आसान होता है और शरीर में ऊर्जा बनी रहती है। इस आसन को करने के लिए सबसे पहले चटाई पर पीठ के बल सीधे लेट जाएं। अपने दोनों हाथ शरीर के पास रखें और हथेलियां जमीन से सटी हों। अब घुटनों को मोड़ लें और पैरों को धीरे-धीरे कूल्हों के पास ले आएं। गहरी सांस लेते हुए धीरे से अपने हिप्स को ऊपर उठाएं, ताकि शरीर एक पुल की तरह दिखाई दे। कुछ समय इसी स्थिति में रहें और सांस सामान्य रखें। फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए वापस लेट जाएं। रोजाना सिर्फ कुछ मिनट इस आसन को करने से शरीर और मन दोनों को आराम मिलता है।

एक्टर-प्रोड्यूसर धीरज कुमार का निधन

मुंबई (आईएएनएस)। बॉलीवुड और टीवी जगत के प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता और निर्देशक धीरज कुमार का मंगलवार को निधन हो गया। 79 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। बताया जा रहा है कि सोमवार को धीरज कुमार की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह एक्यूट निमोनिया से जूझ रहे थे, जिसके चलते उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। धीरज कुमार के निधन की खबर से फिल्म और टीवी इंडस्ट्री को गहरा सदमा लगा है। फिल्म निर्माता अशोक पंडित ने धीरज कुमार के निधन पर शोक जताते हुए उनकी एक तस्वीर शेयर की है और श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'बहुत दुख हुआ ये जानकर कि जाने-माने एक्टर-प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब हमारे बीच नहीं रहे। ओम शांति।' धीरज कुमार ने अपने करियर में अभिनय, निर्देशन और निर्माण तीनों क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने 1970 के दशक में कई हिट फिल्मों में काम किया, जैसे 'दीवार', 'रातों का राजा', 'बहारों फूल बरसाओ', 'शराफत छोड़ दी मैंने', और 'रोटी कपड़ा और मकान'। इसके अलावा, वह पंजाबी फिल्मों में भी एक्टिव रहे, जिनमें हाल ही में आई 'सज्जन सिंह रंगरूट' और 'इक संधू हुंदा सी' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को काफी सराहा गया। निर्देशन के क्षेत्र में भी धीरज कुमार ने अच्छा-खासा नाम कमाया। उन्होंने बच्चों के लिए 'आबरा का डाबरा' जैसी फिल्म बनाई। 'ओम नमः शिवाय', 'कहां गए वो लोग', 'श्री गणेश', 'संस्कार', 'धूप-छांव', 'अदालत', और 'जोड़ियां कमाल की' जैसे लोकप्रिय टीवी सीरियल्स का निर्देशन भी किया। निर्माता के रूप में उनकी कंपनी 'क्रिएटिव आई लिमिटेड' ने 30 से ज्यादा सीरियल्स बनाए, जिनमें पारिवारिक और धार्मिक विषयों को खास महत्व दिया गया। 'घर की लक्ष्मी बेटियां,' 'इश्क सुभान अल्लाह,' और 'संस्कार' जैसे शो उनके निर्माण की पहचान हैं।

तन्वी को आखिर क्यों छुपाकर रखा था! अनुपम खेर, शुभांगी ने किया खुलासा



नई दिल्ली (आईएएनएस)। अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के प्रमोशन में व्यस्त हैं, अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्हें मीडिया और लोगों की नजरों से दूर रखने में कितनी दिक्कतें हुईं। जब अभिनेत्री शुभांगी दत्त से पूछा गया कि उनके लिए इतने लंबे समय तक खुद को छिपाए रखना कितना मुश्किल या आसान था? इस सवाल का जवाब देते हुए शुभांगी ने कहा, मुझे याद है जब मुझसे पूछा गया था कि क्या आप सोशल मीडिया पर एक्टिव न रहने और कोई और प्रोजेक्ट न करने के लिए तैयार हैं? और धीरे-धीरे, यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि मुझे किसी से भी बातचीत करने की अनुमति नहीं होगी। मुझे मेकर्स ने कहा, तुम्हें बिल्कुल सावधान होकर चलना होगा, तुम्हें अपनी आंखें सिर के पीछे रखकर चलना होगा, गलती से भी तुम्हारी तस्वीर लीक नहीं होनी चाहिए। शुभांगी ने मजाकिया अंदाज में बताते हुए कहा, धीरे-धीरे मुझे कैमरे से भ्रम पैदा होने लगा। अगर मुझे कोई कैमरा भी दिखाई देता तो मैं पीछे छिप जाती हूं। मैं सच में अपने सामने किसी को खड़ा कर देती और उसके पीछे छिप जाती हूं ताकि मैं किसी तस्वीर में न आ जाऊं। अभिनेत्री ने आगे बताया, मुझे अपने करीबियों को बताना पड़ता था कि हमारे पास जो भी तस्वीरें हैं, हमें वो सब हटा देनी हैं। ये सब करना ही था। यह मुश्किल था, लेकिन मुझे लगता है कि मुझे इस प्रक्रिया में मजा आया। अनुपम खेर ने बताया कि शुभांगी दत्त को गुप्त रखने की उनकी योजना सफल रही। उन्होंने कहा, शुभांगी ने मिस्टर डी नीरो के साथ बैठकर फिल्म देखी है। इसका वर्ल्ड प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। उन्होंने आगे बताया, मैं नहीं चाहता था कि कोई उसे जाने या उसकी तस्वीर ले। हम उत्तराखंड के लैंसडाउन में शूटिंग कर रहे थे, तो अक्सर सेना के अधिकारी उन्हें अपने कार्यक्रमों में बुलाते थे।

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का फर्स्ट लुक रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड स्टार वरुण धवन और जान्हवी कपूर की आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म को शशांक खेतान निर्देशित कर रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने इंस्टाग्राम पर वरूण धवन का पोस्टर शेयर कर कैप्शन में लिखा,'सनी संस्कारी की शायरी -'ये आंसू हैं मेरे, समुंदर का जल नहीं... ये आंसू हैं मेरे, समुंदर का जल नहीं... बारिश का क्या भरोसा, आज है...कल नहीं'!! 'वहीं जान्हवी कपूर के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है', देखने में भोली भाली, चंचल प्यारी लेकिन अंदर से मेलोड्रैमिक लाइक मीना कुमारी।

बोल्ड सब्जेक्ट पर फिल्म बनाएंगी श्वेता त्रिपाठी

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अपने बेहतरीन अभिनय के लिए जानी जाती हैं, लेकिन वेब सीरीज 'मिर्जापुर की गोलू' अब नए रोल में दिखेंगी। 'मुझे जान न कहो मेरी जान' फिल्म के जरिए बतौर निर्माता नई पारी की शुरुआत करने जा रही हैं। यह फिल्म एक समलैंगिक प्रेम कहानी है। इस फिल्म में अभिनेत्री 'तिलोत्तमा शोम' महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। फिल्म का निर्देशन संजय नाग करेंगे। फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिरी महीनों में शुरू हो सकती है। अभिनेत्री ने फिल्म को अपने दिल के बेहद करीब बताया। उन्होंने कहा, यह फिल्म मेरे दिल के करीब सिर्फ इसलिए नहीं है कि मैं इस फिल्म के जरिए प्रोड्यूसर के तौर पर शुरुआत कर रही हूं, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि इसकी कहानी से हम दुनिया के सामने समलैंगिक प्रेम कहानियों को ईमानदारी और सुंदरता के साथ पर्दे पर पेश कर सकेंगे। श्वेता ने अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम की तारीफ करते हुए कहा, वह ऐसी कलाकार हैं, जो अपने अभिनय से फिल्म को और भी खास बना देंगी। उन्होंने आगे कहा, वह अद्भुत अभिनेत्री हैं, साथ ही एक ऐसी शख्सियत भी हैं, जिनका मैं दिल से सम्मान करती हूं और उन पर आंख बंद करके भरोसा कर सकती हूं। हम काफी समय से साथ में काम करने के बारे में सोच रहे थे और इस बेहतर प्रोजेक्ट से शुरुआत करना वाकई शानदार रहा।

शारिब हाशमी ने 3 दिन में सीखा रूसी लहजा

मुंबई (आईएएनएस)। अभिनेता शारिब हाशमी 'मर्डरबाद' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। रोमांच और रहस्य से भरी फिल्म है ठीक फाइटर की तरह। एक्शन पैक्ड 'फाइटर' के लिए एक्टर ने बड़े पापड़ बेले। फिल्म निर्देशक सिद्धार्थ आनंद के साथ उनका अनुभव कैसा रहा, इस पर उन्होंने बात की। फिल्म 'फाइटर' में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर लीड रोल में थे। साथ ही करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय और ऋषभ सवेनी ने सपोर्टिंग रोल निभाया। वहीं शारिब हाशमी ने एक अहम भूमिका निभाई थी। शारिब हाशमी भारतीय वायु सेना के एक पायलट की भूमिका में नजर आए थे। फिल्म में वह रूस निर्मित एयरक्राफ्ट 'इल्यूशिन आईएल-76' उड़ाते हैं। इससे वह गरुड़ कमांडो यूनिट को एयरड्रॉप करते हैं, ताकि वे सरताज 'ताज' गिल (करण सिंह ग्रोवर का किरदार) को बचा सकें। यह सीन तनाव और चुनौती से भरा था। शारिब हाशमी ने बताया कि उन्होंने सीन में रूसी एक्सेंट के लिए तीन दिन तक कड़ी मेहनत की थी। जब शारिब हाशमी से पूछा गया कि सिद्धार्थ आनंद ने उन्हें उस सीन के बारे में क्या बताया और कैसे करने को कहा, तो उन्होंने बताया, सब कुछ स्क्रिप्ट में साफ लिखा था, जिसे समझना आसान था। मैंने अपने किरदार को दमदार बनाने की कोशिश की।

इस बार बेबी गर्ल की उम्मीद कर रही रिहाना

लॉस एंजेल्स (आईएएनएस)। ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिहाना तीसरी बार मां बनने वाली हैं। उन्होंने कहा है कि इस बार वह चाहती हैं कि उन्हें एक बेटी हो। एक इंटरव्यू में जब होस्ट ने रिहाना से उनके होने वाले बच्चे के लिंग (लड़का या लड़की) को लेकर सवाल किया तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, आपको इंतजार करना होगा और देखना होगा। हे भगवान, अगर लड़का हुआ तो क्या आप लोग दुखी हो जाएंगे? रिहाना के पहले से दो बेटे हैं। इसके बाद होस्ट ने कहा, हम सब अंदर ही अंदर उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार आपको एक बेटी हो, क्योंकि आपके पहले से दो प्यारे-प्यारे बेटे हैं। रिहाना ने कहा, हां, मैं हमेशा से एक बेटी चाहती थी, लेकिन भगवान ने मुझे दो बेटे दिए, बहुत प्यारे-प्यारे। रिहाना ने आगे बताया कि उनके आने वाले बच्चे का नाम 'आर' अक्षर से शुरू होगा, क्योंकि उनके परिवार में अब यह परंपरा बन चुकी है।

सुभाष घई की छात्रों से अपील, 'एआई को न होने दें खुद पर हावी'

मुंबई (आईएएनएस)। फिल्ममेकर सुभाष घई ने टेक्नोलॉजी के इस दौर में इंसानी कहानियों को ज्यादा महत्व देने की गुजारिश की है। उन्होंने माना कि चाहे टेक्नोलॉजी कितनी भी बढ़ जाए, इंसानी भावनाएं, अनुभव और कहानियां सबसे ज्यादा अहम होती हैं। टेक्नोलॉजी मदद जरूर कर सकती है, लेकिन असली रचनात्मकता और जज्बा इंसान के दिल से आता है इसलिए एआई को खुद पर हावी न होने दें। सुभाष घई ने व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में एआई मदद कर सकता है, लेकिन यह इंसान के दिमाग की रचनात्मकता और भावनाओं की जगह नहीं ले सकता। इंसान के विचार और भावनाएं सबसे खास होती हैं। फिल्म मेकर ने कहा कि जैसे-जैसे समय बदलता है, नई पीढ़ी, नई तकनीक और नए नजरिए आते रहते हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे अपनी रचनात्मकता को इस एआई के समय में दबने न दें। एआई मदद कर सकता है, लेकिन असली क्रिएटिव काम इंसान को ही करना चाहिए। सुभाष ने व्हिसलिंग वुड्स के छात्रों संग एक कोलाज फोटो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा है, व्हिसलिंग वुड्स कैंपस 2025 में मेरा पहला दिन... पीढ़ियां बदलती हैं, तकनीक बदलती है, सोच बदलती है। एआई आपकी मदद कर सकता है, लेकिन आपका मालिक नहीं बन सकता। आखिरकार एआई भी इंसानों ने ही बनाया है।